नई दिल्ली
मंगलवार 7 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 79
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

2018 में बनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को तमाम क्षेत्रों में मिलेगी नई गति

# तीन देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव इंडोनेशिया पहुंचे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सुबियांतो ने हवाईअड्डे पर की अगवानी

- *जोरदार स्वागत से गदगद हुए पीएम मोदी, बोले- राष्ट्रपति के गर्मजोशी भरे इस्तकबाल से हुआ बहुत प्रभावित*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच अपनी तीन देशों (इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे। जहां हवाईअड्डे पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने व्यक्तिगत



रूप से पहुंचकर उनकी अगवानी की और जोरदार अंदाज में स्वागत किया, इंडोनेशिया के सैन्यबलों की भी उपस्थिति रही। राष्ट्रपति सुबियांतो के अलावा हवाईअड्डे पर उनके मंत्रिमंडल के कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी पीएम के स्वागत के दौरान मौजूद रहे। जिसमें विदेश मंत्री, मिनिस्टर ऑफ पैलेस और कैबिनेट सचिव मुख्य हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने इंडोनेशिया पहुंचने की जानकारी साझा की है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने भी इसे लेकर एक बयान जारी किया है। गौरतलब है ⏩ शेष पेज 7 पर

### व्यापारिक संबंधों को देंगे मजबूती

*उन्होंने अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम पड़ाव न्यूजीलैंड को लेकर कहा कि इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और उनके द्वारा मुझे दिए गए निमंत्रण को जाता है। 10 से 11 जुलाई तक की जाने वाली मेरी इस यात्रा के दौरान मैं और प्रधानमंत्री लक्सन ऑकलैंड में आर्थिक, व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उपायों पर चर्चा करेंगे। हालिया समय में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के साथ ही दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई है। 2025 में न्यूजीलैंड के पीएम ने भारत की यात्रा की थी और उसके बाद हमारे आपसी संबंधों में आई मजबूती को हम और अधिक आगे बढ़ाएंगे। दोनों देशों के संबंधों में प्रवासी समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्हें संबोधित करने के लिए मैं बेहद उत्सुक हूं। इन सभी लोगों ने जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।*

### प्रदर्शित होती भारत की यह सोच

*इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे यह तीनों देश पूर्वी और दक्षिणी हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित हैं। इनकी मेरी यह यात्रा भारत की पूर्व की ओर देखो नीति और महासागर विजन के अलावा एक स्वतंत्र, खुले हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर हमारे दृष्टिकोण को और अधिक सशक्त बनाएगी।*

जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी विश्व की सबसे लंबी 10 कोच वाली हाइड्रोजन ट्रेन, शून्य प्रतिशत होगा कार्बन उत्सर्जन: डा. अर्चना गुप्ता

## प्रधानमंत्री मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे

- *जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे और कुरुक्षेत्र में बनने वाले भव्य सिख म्यूजियम सहित हरियाणा को मिलेंगी कई करोड़ों की सौगातें*
- *प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने जींद में कार्यकर्ताओं की बैठक कर दिए पीएम मोदी की रैली को एतिहासिक बनाने के दिशा निर्देश*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद में होने वाली रैली को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जींद स्थित चैधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय हुई इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि जींद की ऐतिहासिक और पावन धरा पर आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का लोकार्पण कर उसे हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन से सोनीपत के बीच चलेगी। इसके साथ ही वे हरियाणा को हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट जाएं और अधिक से अधिक लोगों को रैली में लाकर ऐतिहासिक पलों का साक्षी बनाने का काम करें। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन ⏩ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राजनयिकों ने राष्ट्रपति को सौंपे परिचय पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में सूरीनाम और मंगोलिया सहित छह देशों के



राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में मोजाम्बिक के उच्चायुक्त अरमांडो पेड्रो मुइआने जूनियर, निकारागुआ की राजदूत नादेस्का इमारा कुथबर्ट कार्लसन और सूरीनाम गणराज्य की राजदूत हनीशा जयराम शामिल हैं।

### एलओसी के पास ड्रोन दिखने के बाद तलाशी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी एलओसी से सटे एक गांव के ऊपर संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने के बाद सोमवार तड़के तलाश अभियान शुरू किया गया। रविवार देर रात सुंदरबनी सेक्टर के अग्रिम गांवों मीनका और बेरीपट्टन के ऊपर ड्रोन जैसी वस्तु देखी गई। संदिग्ध ड्रोन पाकिस्तान में नियंत्रण रेखा के पार लौटने से पहले कुछ समय के लिए भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुआ था। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और जांच अभियान शुरू किया।

### बंगाल की तीन रास सीटों पर उपचुनाव 24 को

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों के इस्तीफे के बाद खाली हुई पश्चिम बंगाल की तीन



राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को उपचुनाव होगा। तीन राज्यसभा सदस्यों ने इस्तीफा दिया है, उनमें सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाइक शामिल हैं। इन्होंने विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद नेतृत्व पर सवाल उठाए थे।

राम मंदिर चंदा चोरी मामले की एसआईटी रिपोर्ट सार्वजनिक

# सीसीटीवी में 70 बार जेबों और जूतों में नोट छिपाते दिखे कर्मचारी, 81 लाख से अधिक बरामद

- *बड़ी लापरवाही... 45 दिन का ही था सीसीटीवी बैकअप, प्रभारी और बैंक अफसरों समेत 8 पर एफआईआर की सिफारिश*
- *सख्त सुरक्षा नियम तय थे लेकिन 6 फरवरी 2025 को एसओपी बदलकर अनिवार्य तलाशी को रैंडम तलाशी कर दिया गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर हो गई।*

एजेंसी ⏭ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा गणना कक्ष में हुई कथित चोरी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट पहली बार सार्वजनिक हुई है। ट्रस्ट की बैठक में पेश इस रिपोर्ट में पुष्टि की गई है कि गणना प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर चोरी और गबन हुआ। एसआईटी के अनुसार, उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज में गणना कर्मी करीब 70 बार नोटों की गड्डियां और खुले नोट अपने कपड़ों, जेबों और जूतों में छिपाते हुए पकड़े गए हैं।

आरोपियों के बयानों और उनके बैंक खातों में मिले आय से अधिक धन से भी इस बात की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि ऑडिट नियमों के तहत 180 दिन का बैकअप रखने की सिफारिश के बावजूद केवल 45 दिन का ही सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखा गया था, जिससे 27 अप्रैल से ⏩ शेष पेज 7 पर

### नियमों में ढिलाई देकर कमजोर की गई सुरक्षा व्यवस्था





चंपत राय | अनिल मिश्रा

*एसआईटी ने इस सुरक्षा विफलता के लिए ट्रस्ट, बैंक और प्रशासनिक ढिलाई को जिम्मेदार ठहराया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 20 सितंबर 2024 को ट्रस्ट और बैंक के बीच हुए समझौते में सख्त सुरक्षा नियम तय थे। इसके विपरीत 6 फरवरी 2025 को एसओपी बदलकर अनिवार्य तलाशी को रैंडम तलाशी कर दिया गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर हो गई।*

### ट्रस्ट के पदाधिकारियों और प्रभारियों की भूमिका पर सवाल

रिपोर्ट में गणना कक्ष प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव, रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और निगरानी में कमी के लिए डॉ. अनिल मिश्रा की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। टिन्नू यादव के पास बिना किसी लिखित अधिकार के हुंडियों की चाबियां थीं और उन्होंने अपने रिश्तेदार मनीष को भी ड्यूटी पर रखवाया था। इसके अलावा बैंक अधिकारियों द्वारा कर्मियों को निर्धारित वेशभूषा न देने और प्रभावी निगरानी न करने की बात भी सामने आई है। एसआईटी ने इस मामले में 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की है।

### चंपत राय-अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

#### अब कृष्ण मोहन देखेंगे मंदिर की व्यवस्था

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है, जिसके तहत चंपत राय की विदाई के बाद अब कृष्ण मोहन को ट्रस्ट की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा द्वारा दिए गए इस्तीफों पर विस्तृत चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता के. परासरन ने ट्रस्ट के संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि इस्तीफा दिए जाने के बाद वह स्वतः प्रभावी माना जाता है और ट्रस्ट के पास इसे अस्वीकार करने का कोई विकल्प नहीं है। इसके बाद दोनों के इस्तीफे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिए गए। कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने ⏩ शेष पेज 7 पर

#### कौन हैं कृष्ण मोहन



कृष्ण मोहन का जन्म सितंबर 1952 में बरेली में हुआ था। उनके पिता रेलवे में अधिकारी थे। वह मूल रूप से उप्र के हरदोई जिले के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर बाजार के रहने वाले हैं। 1970 के दशक में लखनऊ विवि से एमएससी की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद, करीब पांच वर्ष तक एटॉमिक एनर्जी विभाग में एक वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया। बाद ⏩ शेष पेज 7 पर

#### दावा : दान में आई 2800 प्रकार की वस्तुएं सुरक्षित

जिम्मेदारी संभालते ही कृष्ण मोहन ने राम भक्तों को भरोसा दिलाया कि अविश्वास के भाव को समाप्त करने के लिए जो भी आवश्यक और कड़े कदम उठाने की जरूरत होगी, ट्रस्ट वह सारे ⏩ शेष पेज 7 पर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वी कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का शिलान्यास किया

## कांग्रेस ने कभी भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मौत की जांच नहीं होने दी: शाह



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पूर्वी कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का शिलान्यास किया। यह शिलान्यास भाजपा विचारक की जयंती के अवसर पर किया गया। शिलान्यास के बाद कोलकाता में एक कार्यक्रम केद दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कांग्रेस ने कभी भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत की जांच नहीं होने दी। 63 वर्षों से हमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी और उनके योगदान को भुलाने की कोशिश की गई है। मुझे पूरा भरोसा है कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' बनाने का भाजपा का संकल्प पूरा होगा। शाह ने सीमा पर चौकसी बढ़ाने और सख्त नीतियों का संकेत भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर घुसपैठिये की पहचान कर भारत को सुरक्षित बनाएगी। गौरतलब है कि जनसंघ संस्थापक मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाने के लिए भाजपा ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है। कोलकाता के न्यू टाउन क्षेत्र में प्रतिमा के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित रहे।मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ और उनका निधन 23 जून 1953 को श्रीनगर में हिरासत में हुआ। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के भारत के साथ पूर्ण एकीकरण के लिए अभियान चलाया था। इसके लिए उन्होंने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की मांग की थी।

कतर के बाद बहरीन पहुंचे विदेश मंत्री, सहयोग को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

## मनामा में बहरीन के विदेश मंत्री डॉ.अब्दुल्लतीफ से हुई मुलाकात को लेकर जताई प्रसन्नता

- *प्रधानमंत्री अलथानी से वार्ता के दौरान जयशंकर ने सराहे कतर के अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता के प्रयास*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर सोमवार को अपनी छह देशों की विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव बहरीन पहुंचे। जहां उनकी राजधानी मनामा में प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री डॉ.अब्दुल्लतीफ बिन रशीद अल ज़ायनी से मुलाकात हुई है।



दोनों नेताओं के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें भारत, बहरीन के द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्र में जारी तमाम घटनाक्रमों पर भी दोनों ने आपस में एक-दूसरे से विचार साझा किए हैं। डॉ.जयशंकर ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने यह भी बताया कि बहरीन के प्रधानमंत्री से हुई बातचीत के दौरान मैंने भारतीय समुदाय के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों को लेकर ⏩ शेष पेज 7 पर

## जगन्नाथ रथयात्रा के लिए रेलवे चलाएगा 300 से अधिक विशेष ट्रेनें, पुरी स्टेशन पर 30 हजार यात्रियों के ठहरने की होगी व्यवस्था

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे इस वर्ष 300 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। ये ट्रेनें नियमित रूप से चलने वाली 800 से अधिक ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। सोमवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि वह स्वयं रथयात्रा से पहले रेलवे की तैयारियों की समीक्षा करेंगे, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और रेल संचालन सुचारु



फाइल फोटो

रूप से किया जा सके। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पुरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्थायी रूप से लगभग 30 हजार यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए अतिरिक्त प्रतीक्षालय, यात्री सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता तथा भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे का उद्देश्य रथयात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुविधाजनक और निर्बाध यात्रा उपलब्ध कराना है। इसके लिए विशेष ट्रेनों के संचालन के साथ-साथ विभिन्न स्टेशनों पर भी अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि केरल के प्रमुख पर्व ओणम के अवसर पर भी भारतीय रेलवे 100 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा, ताकि त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को आसानी से संभाला जा सके। रेल मंत्रालय के अनुसार, रथयात्रा और ओणम जैसे प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए विशेष ⏩ शेष पेज 7 पर

## लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर और इंजीनियर रैंक के कुल 10 अधिकारियों पर सीबीआई का कसा शिकंजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में फर्जी कैजुअल मजदूरों के नाम पर सरकारी धन के कथित गबन के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को 11 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 26 स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया।

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, असम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में की गई। तलाशी चार आपराधिक मामलों के सिलसिले में की गई है, जो लद्दाख स्थित बीआरओ की प्रोजेक्ट विजयक और प्रोजेक्ट योजक में कैजुअल मजदूरों की तैनाती और उनके नाम पर भुगतान में कथित अनियमितताओं से जुड़े हैं।

सीबीआई ने बताया कि इन मामलों में रक्षा मंत्रालय की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर चार एफआईआर दर्ज की गई थीं। शिकायतें बीआरओ के तकनीकी अधिकारियों के बोर्ड द्वारा की गई आंतरिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर दर्ज कराई गईं। जांच एजेंसी के अनुसार, मामलों में सरकारी धन के गबन, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक षड्यंत्र तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत और आपराधिक कदाचार के आरोप शामिल हैं।

एफआईआर में लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर और इंजीनियर रैंक के कुल 10 अधिकारियों के अलावा कुछ निजी व्यक्तियों को भी नामजद किया गया है।

सीबीआई ने छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अपने दो दिन के दौरे पर जम्मू पहुंचे नवीन

## धारा 370 हटाने के बाद ही जम्मू कश्मीर को असली आजादी मिली: नितिन नवीन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को जम्मू में कहा कि धारा 370 हटाने के बाद ही जम्मू कश्मीर को असली आजादी मिली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अपने दो दिन के दौरे पर जम्मू पहुंचे। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने जम्मू कश्मीर में बिताए अपने दिनों को याद किया और कांग्रेस सरकार को भी कश्मीर के मामले को लेकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि जनसंघ से लेकर हमारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रचारक के रूप में उन्होंने हमें हमेशा प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, 'आज उस धरती पर आने का मौका मिला है, जिस पुण्य धरती के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। मैं इस धरती को प्रणाम करता हूं।' हाल में बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर नितिन नवीन ने कहा कि बीजेपी



का भगवा वहां भी लहरा गया है, वहां लोग कहते थे कि भारतीय जनता पार्टी बाहर की पार्टी है, जो कोलकाता जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म स्थान था, वहां भी अब विकास हो रहा है। उन्होंने कहा है कि जिस बंगाल में भारतीय जनता को पार्टी को बाहरी पार्टी माना जाता था, वहां भी अब भगवा ध्वज लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने के बाद ही जम्मू कश्मीर को असली आजादी मिली है। नितिन नवीन ने कहा, 'मुझे याद है जब 2011 में राष्ट्रीय एकता यात्रा के माध्यम से मुझे भी जम्मू कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए युवा मोर्चा की टीम के साथ आने का मौका मिला था। हम लोगों ने संकल्प लिया था कि कोलकाता से लेकर कश्मीर की यात्रा करेंगे, जहां पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ और जहां पर उन्होंने बलिदान दिया था।' उन्होंने कहा, 'उन्हें याद है कि जब उस यात्रा को लेकर वह निकले थे तो देश भर में कांग्रेस की सरकारों को बेचैनी हो गई थी। कांग्रेस नेता पूरे देश में बुरी तरह से बौखला गए थे, उन्हें पता था कि जम्मू कश्मीर के लिए यात्रा एक बड़ा संदेश लेकर आ रही है। 2011 में इसी यात्रा के दौरान जब 22 जनवरी को जब हम कश्मीर गए थे और जब हमने वहां प्रशासन को कहा कि हम भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने चाहते हैं, जब मैं वहां के प्रशासन के लोगों से मिलने गया, उन्होंने कहा था कि कश्मीर की घाटी में अगर तिरंगा लहराएगा तो कश्मीर का अमन चैन खत्म हो जाएगा।'

# पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी गिरोह के दो 'मॉड्यूल' का किया भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े पाकिस्तान समर्थित दो कथित 'मॉड्यूल' का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से पेट्रोल बम, पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि एक 'मॉड्यूल' को पाकिस्तान स्थित आकाओं ने पेट्रोल बम का उपयोग कर दिल्ली में आतंकवादी हमला करने का काम सौंपा था, जबकि दूसरा कथित तौर पर ड्रोन से सीमा पार से भारत में तस्करी किए गए हथियारों को प्राप्त करने और उन्हें बेचने में शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को शहजाद भट्टी के पाकिस्तान स्थित सहयोगियों द्वारा निर्देशित किया जा रहा था और वे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के इशारे पर काम कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ की टीमों ने दोनों 'मॉड्यूल' को भंडाफोड़ किया और अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की हैं। पुलिस के मुताबिक, पहला 'मॉड्यूल' पाकिस्तान स्थित राणा हुनैन द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो भट्टी का कथित सहयोगी है। अधिकारी ने कहा, ₹इसे पेट्रोल बमों का इस्तेमाल कर कथित तौर पर दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान या पुलिस प्रतिष्ठान पर हमला करने का काम सौंपा गया था।₹ पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के निवासी दो आरोपियों- दानिश उर्फ चांद मिया (24) और सलमान (20) को साजिश को अंजाम देने से पहले दिल्ली के विजय घाट इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से तीन पेट्रोल बम, चोरी की एक मोटरसाइकिल, 2,000 रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद किए गए जिनमें पाकिस्तानी आकाओं के साथ कथित बातचीत, तस्वीरें और वीडियो हैं। पुलिस के मुताबिक, दानिश ने खुलासा किया कि वह इस साल अप्रैल में सोशल मीडिया के माध्यम से राणा हुनैन के संपर्क में आया था और उसे दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और पुलिस प्रतिष्ठानों सहित संभावित लक्ष्यों की टोह लेने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने कहा कि हमले को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद उसे 20,000 रुपये देने का वादा किया गया था और वह पाकिस्तान में बैठे अपने आका से फोन पर निर्देश प्राप्त कर रहा था। पुलिस ने कहा कि दानिश का दोस्त सलमान उसके साथ दिल्ली आया था और उसे हमले के वीडियो रिकॉर्ड करने की भूमिका सौंपी गई थी। उसे भी 20,000 रुपये देने का वादा किया गया था। पुलिस ने कहा कि दूसरा 'मॉड्यूल' सीमा पार हथियार तस्करी गिरोह से जुड़ा है, जिसे पाकिस्तान स्थित एक अन्य आका हसन गुज्जर द्वारा संचालित किया जा रहा था। इसके भी भट्टी से जुड़े होने का दावा किया जाता है। अधिकारी ने कहा कि गिरोह को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से भारत में तस्करी किए गए अत्याधुनिक हथियारों की खेप मिली। इन हथियारों की बिक्री से प्राप्त पैसे से देश में आतंक और आपराधिक गतिविधियों को वित्तपोषित करना था। पुलिस ने कहा कि 'मॉड्यूल' के तीन सदस्यों - दिल्ली के शाहीन बाग के तैय्यब (27), गाजियाबाद के जुबैर खान (24) और मेरठ के अली फज़ल (26) को कालिंदी कुंज इलाके से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से तीन पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए। 'मॉड्यूल' के चौथे आरोपी मल्कियत सिंह (36) को बाद में पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने कथित तौर पर आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई दो कारों को जब्त कर लिया। इसके अलावा मोबाइल फोन भी मिले हैं जिनमें बातचीत, तस्वीरें और वीडियो हैं जो उन्हें पाकिस्तानी आका से कथित तौर पर जोड़ते हैं। पुलिस ने कहा कि तैय्यब ने सोशल मीडिया के माध्यम से गुर्जर के साथ संपर्क स्थापित किया था और उसे भारत में तस्करी किए गए हथियारों की आवाजाही और बिक्री की व्यवस्था करने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने दावा किया कि तैय्यब ने अपने सहयोगी जुबैर खान को अमृतसर की यात्रा करने और मल्कियत सिंह से पिस्तौल और कारतूस की खेप प्राप्त करने का निर्देश दिया था। जुबैर ने बाद में ये हथियार दिल्ली और उत्तर प्रदेश में संभावित खरीदारों को बिक्री के लिए अली फज़ल को सौंप दिए। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि दोनों 'मॉड्यूल' पाकिस्तान स्थित अलग-अलग आकाओं के तहत पृथक रूप से काम कर रहे थे, लेकिन अंततः शहजाद भट्टी गिरोह से जुड़े हुए थे।

## काटे गए पेड़ों की भरपाई के लिए सरकार का पेड़ लगाने का शुरू होने वाला अभियान बहुत कम : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा आज शुरू किए जाने वाले पौधारोपण अभियान पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए सोमवार को कहा कि 12 सालों में दिल्ली में काटे गए पेड़ों की भरपाई के लिए यह 70 साल पेड़ लगाने का दिल्ली सरकार का अभियान बहुत कम और देर से उठाया गया कदम है। यादव ने कहा कि सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 12 सालों में दिल्ली में डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लिए 1 लाख 50 हजार से ज्यादा पेड़ों को काटने या हटाने की कानूनी मंजूरी दी गई थी। इस संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई या तूफान से हुए नुकसान शामिल नहीं है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सईद फारूक पता:** सेल पैराडाइज, दुकान नंबर 03 विकास प्लाजा सेक्टर-8 रोहिणी, दिल्ली, **CT Case No: 17665/2019, U/S: 138 NI Act, पुलिस थाना: कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सईद फारूक**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सईद फारूक**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सईद फारूक, CT Case No: 17665/2019, U/S: 138 NI Act, पुलिस थाना: कंझावला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अपूर्व भारद्वाज
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
उत्तर-पश्चिम, कमरा नंबर 113, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/8967/RD/2026**
**(Court Matter)**

**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित जॉब्स / सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) सीआई कास्टिंग की खरीद, 2) एफडी फैन इम्पेलर की खरीद, 3) एमएस पाइप्स की खरीद, 4) सिविल कार्य का एआरसी, 5) सेमी-केस्टनर कैलेंड्रिया को एसएस ट्यूब से बदलना, 6) अनुबंध आधार पर मिल हाउस का प्रचालन और रखरखाव, 7) बेयरिंग का एआरसी, 8) वाल्व्स का एआरसी, 9) रिफ्रैक्टरी मटीरियल की खरीद, 10) फैब्रिकेशन जॉब्स, 11) पैकिंग और जॉइंटिंग, 12) विभिन्न प्रकार की चिपिंग, प्राइमर, पेंटिंग और व्हाइट वॉश कार्य, 13) शीरे की बिक्री। विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- **http://etenders.hry.nic.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल **http://etenders.hry.nic.in** के माध्यम से 17.07.2026 को अप. 12:30 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए और ये 17.07.2026 को अप. 12:40 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 20.07.2026 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद / बिक्री और जॉब वर्क सरकारी नीति के अनुरूप किए जाएंगे। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त क्र. सं. 1 और 5 से ई-निविदाएं पूर्व में 12.05.2026 से 27.05.2026 के बीच प्रकाशित की गई थी, परन्तु इनको अंतिम रूप नहीं दिया गया था क्योंकि इनके लिए पर्याप्त बोलियां प्राप्त नहीं हुई थी। इसलिए, अब तक प्राप्त ई-निविदाओं पर दोनों उपरोक्त मदों के लिए नई निविदाओं के साथ-साथ विचार किया जाएगा। बोलीदाता जो पहले ही आवेदन कर चुके हैं, को नये सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। यद्यपि, यदि मौजूदा बोलीदाता अपनी दरों में सुधार करना चाहते हैं; वे दोबारा भी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए नेगोसिएशन 20.07.2026 को पूर्वा. 11.00 बजे आयोजित की जाएगी।

**हस्ता/- प्रबंध निदेशक**

संवाद-1039/11/131/2027/46887/सी/88/7 दि. 06.07.26

## निगम की वार्ड समितियों के चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन 10 और चुनाव 15 जुलाई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने 12 वार्ड समितियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करते हुए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। निगम सचिवालय के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन के लिए 10 जुलाई 2026 तय की गई है, जबकि चुनाव के लिए 15 जुलाई 2026 रखी है। सचिवालय के अनुसार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ ही छह जोन मध्य, नरेला, शाहदरा साउथ, नजफगढ़, केशवपुरम और करोल बाग में स्थायी समिति सदस्यों का भी चुनाव होना है। क्योंकि इनके सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। निगम सचिवालय द्वारा चुनावों की तारीख घोषित करते ही भाजपा व आम आदमी पार्टी में जहां अपने वर्तमान जोन पर कब्जा बनाए रखने के लिए राजनीतिक खेल शुरू हो गया है। वहीं भाजपा व आप पार्टी एक दूसरे को गच्चा देकर नए जोन पर अपना कब्जा करने के लिए गोटियां फिट करने के लिए गुणा भाग में लग गए है। बता दें कि निगम के 12 जोन में से इस समय 8 जोन पर भाजपा का कब्जा है जबकि 4 जोन पर आप पार्टी का कब्जा है। निगम की वार्ड समितियों के चुनाव न केवल जोन पर कब्जे की लड़ाई है। बल्कि असली ताकत कही जाने वाली, यानी निगम की सबसे शक्तिशाली स्थायी समिति के गठन का रास्ता साफ करने के लिए दिशा और दशा भी तय करेंगें। किसी भी दल के लिए वार्ड कमेटी के चुनाव कई मायनों में अहम होते है। जब तक इन कमेटियों पर कब्जा नहीं होगा, तब तक स्थायी समिति में अपना दबदबा नहीं बना सकती। जाहिर है जोन और स्थायी समिति में जिस दल का कब्जा होगा, उसी के पास निगम प्रशासन की कमान होगी। निगम की यही वह शक्तिशाली समिति है जो निगम के विकास व अन्य मदों पर खर्च होने वाले लाखों करोड़ों के कार्यों को मंजूरी प्रदान करती है। स्थायी समिति का अध्यक्ष जिस दल का होगा वही दल निगम पर राज करता है।

दिल्ली नगर निगम सचिवालय की एक गलती सचिव से लेकर उनके मातहत कार्य करने वालों की बनी हंसी का कारण बन गई है। अब इसे गलती कहें या नासमझी कि सचिवालय ने जो अधिसूचना जारी की है उसमें नाम वापस लेने की अंतिम तारीख में दो दिन की असमानता पैदा कर दी है। सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना में एक तरफ तो लिखा है कि नामांकन पत्र दाखिल करने क्री अंतिम तिथि 10 जुलाई 2026 है। वहीं दूसरी तरफ साथ में यह भी लिख दिया है कि भरे हुए नामांकन पत्र चुनाव क्री तिथि से ठीक 3 दिन पूर्व तक जमा किये जा सकते हैं। अब ऐसे में दिक्कत यह पैदा हो गई है कि नामांकन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2026 है तो फिर, चुनाव क्री तिथि से ठीक 3 दिन पूर्व तक नामांकन जमा किए जा सकते है लिखकर भ्रम क्यों पैदा किया गया। अब किसे अंतिम तारीख माना जाए, 10 जुलाई 2026 या फिर चुनाव से तीन दिन पहले यानी 12 जुलाई 2026।

# टैटू की मदद से अज्ञात शव की पहचान बदले के लिए की गई थी हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान उसके हाथ पर बने टैटू से की और मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया जिन्होंने बदला लेने के लिए व्यक्ति की कथित रूप से हत्या की थी और चेहरे को बुरी तरह से विकृत कर दिया था। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने एक बयान में कहा, "मृतक की पहचान उत्तरी दिल्ली के नेहरू विहार के रहने वाले चंदन सैनी (34) के तौर पर हुई है। उसका शव 21 मई को वज़ीराबाद के यमुना खादर इलाके में मिला था और शव पर चाकू से वार के कई घाव थे। अधिकारी के अनुसार, मृतक का चेहरा बुरी तरह विकृत था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल था। हालांकि, पुलिस ने उसके हाथ पर टैटू देखे जिनमें से दो नाम के और एक कोई चिह्न था।



इसकी तस्वीर स्थानीय स्तर पर प्रसारित की गई, जिससे पुलिस उसकी पहचान कर पाई। जांच में पता चला कि सैनी तिमारपुर थाना क्षेत्र का बुरे चरित्र (बीसी) का अपराधी था और वह झपटमारी, सेंधमारी तथा चोरी के पांच मामलों में शामिल रह चुका था। वज़ीराबाद थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद मामले की जांच करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए संयुक्त टीम बनाई गईं। मामले में अहम सुराग तब मिला जब सैनी के साथी और तिमारपुर थाने के 'हिस्ट्रीशीटर' सुरजीत से पूछताछ की गई। उसने पुलिस को

**■ तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

बताया कि सैनी की तरुण उर्फ टन्नी से पुरानी दुश्मनी थी तथा वह अक्सर उसे और उसके दोस्तों को अपशब्द कहता था। पुलिस के अनुसार, उसने यह भी बताया कि हत्या से ठीक दो दिन पहले 18 मई को झगड़ा हुआ था, जिस दौरान सैनी और उसके साथियों ने तरुण के भाई सौरभ के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी और उसे अगवा करने की कोशिश की थी। अधिकारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि पंजाब के अमृतसर में रहने वाला तरुण का रिश्ते का भाई सनी और धीरज 18 मई को तरुण के घर आए थे और घटना के बाद से ही वे फरार थे। बांठिया ने कहा कि पांच जुलाई को एक सूचना के आधार पर पुलिस ने गाज़ियाबाद के लोनी से धीरज को पकड़ा। उससे पूछताछ के बाद, उसी दिन बाद में उत्तरी दिल्ली से तरुण और सनी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान, तरुण ने स्वीकार किया कि उसने अपने भाई पर हुए हमले का बदला लेने के लिए सैनी की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के अनुसार, उसने सनी और धीरज को साथ लिया, एक ऑटो-रिक्शा किराए पर लिया और शराब पीने के बहाने सैनी को उसके घर से साथ ले गए। आरोप है कि आरोपियों ने ऑटो-रिक्शा के अंदर ही सैनी के साथ मारपीट की और फिर उसे यमुना खादर के पास एक सुनसान इलाके में ले गए, जहां उन्होंने चाकू से कथित रूप से कई बार वार कर उसकी हत्या कर दी और दिल्ली से फरार हो गए। अधिकारी ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी जगह बदलते रहे और मुंबई, अमृतसर, जम्मू, कटरा, हरिद्वार, गाज़ियाबाद में लोनी तथा दूसरी जगहों पर घूमते रहे।

# एनडीएमसी के फ्लैट से गिरने के बाद नवविवाहिता की मौत मामले में पति दबोचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके में नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के एक आवासीय परिसर की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद 28 वर्षीय नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। महिला के परिजनों ने उसके पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, पुष्प विहार निवासी आकृति शनिवार को पालिका कुंज स्थित एनडीएमसी फ्लैट्स के बी-ब्लॉक की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे तत्काल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि आकृति की शादी इसी वर्ष 24 अप्रैल को हुई थी। वह छतरपुर स्थित एक निजी कंपनी में 'सेल्स एग्जीक्यूटिव' के पद पर कार्यरत थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रविवार को लोधी कॉलोनी थाने में दहेज मृत्यु से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और महिला के पति अरस्तु सिक्का को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि चूंकि महिला की मौत शादी के सात वर्ष के भीतर हुई है, इसलिए कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की जांच के लिए उप-मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को भी सूचित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। हालांकि, महिला के परिवार ने आत्महत्या की आशंका को खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि कथित तौर पर दहेज के लिए आकृति की हत्या की गई है। आकृति के छोटे भाई ने आरोप लगाया कि दोषियों को बचाने के लिए इस घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। परिजनों का यह भी आरोप है कि शादी के बाद से ही आकृति का पति उससे मारपीट करने लगा और दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। परिवार के अनुसार, यह प्रेम विवाह था, जिसे दोनों परिवारों की सहमति प्राप्त थी। उन्होंने कहा कि शादी को महज ढाई महीने हुए थे, इसलिए आकृति की मौत की परिस्थितियां और भी संदिग्ध प्रतीत होती हैं।

## आप पार्टी ने हनुमान के बहाने भाजपा को घेरा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने बयान जारी कर अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में चोरी मामले पर एक बार फिर आरोप लगाते हुए घेरा है। इस बार आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली में हनुमान जी भेष में नृत्य कर रहे व्यक्ति की वायरल वीडियो पर तीखा हमला किया गया है। पार्टी द्वारा जारी बयान में आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि हिंदू धर्म का जितना नुकसान और अपमान भाजपा ने किया, उतना बाहर से आए आतताइयों ने भी नहीं किया। केजरीवाल ने कहा कि जितना हिंदुओं को लूटा है, आज तक किसी ने नहीं लूटा, हिंदू धर्म पर आप लोग कलंक हैं। हम भगवान राम और हनुमान जी के भक्त है, उन्हें पूरी श्रद्धा से पूजते हैं और उनके सामने सिर झुकाते हैं।

## फर्जी सरकारी पहचान पत्र बनाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक वेबसाइट के जरिए फर्जी सरकारी पहचान पत्र बनाने और बेचने में शामिल एक अंतर-राज्यीय गिरोह का कथित तौर पर भंडाफोड़ किया और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस की 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन्स' (आईएफएसओ) इकाई के अनुसार, आरोपियों की पहचान दमन और दीव के रहने वाले विदेशी साव और बिहार में पटना के निवासी संतोष कुमार के तौर पर हुई है। आईएफएसओ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनीत कुमार ने एक बयान में कहा कि दोनों आरोपी एक वेबसाइट का संचालन करते थे जिस पर ऑनलाइन पैसे का भुगतान करने के बाद व्यक्ति जाली आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन से जुड़े दस्तावेज़, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी दस्तावेज़ बनवा सकता था। उन्होंने कहा कि ये फर्जी दस्तावेज़ असली सरकारी दस्तावेजों जैसे ही दिखते थे और इनका इस्तेमाल धोखाधड़ी करने, ठगी करने, अन्य की पहचान का इस्तेमाल करने और यहां तक कि असली सरकारी दस्तावेज़ हासिल करने के लिए भी किया जाता था। डीसीपी ने कहा कि यह मामला सोशल मीडिया की निगरानी के दौरान सामने आया है। अधिकारी ने बताया कि जानकारी की पुष्टि करने के लिए आईएफएसओ टीम ने मोबाइल फोन नंबर का इस्तेमाल करके इस वेबसाइट पर एक अकाउंट बनाया। इस पर सेवा लेने से पहले व्यक्ति द्वारा 'डिजिटल वॉलेट' में पैसे डालना जरूरी था तो जांचकर्ताओं ने यूपीआई के माध्यम से 100 रुपये स्थानांतरित किए। पुलिस ने बताया कि 'वॉलेट' में पैसे डालने के बाद पुलिस ने फर्जी जानकारी और फोटो अपलोड करके नकली आधार और वोटर आईडी कार्ड बना लिए। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि वेबसाइट पर भुगतान प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल नंबर और यूपीआई अकाउंट साव से जुड़ा हुआ था।

# नशीली दवा मिला शीतलपेय पिलाकर ऑटो यात्रियों को लूटने वाले दो अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली में ऑटो में सवारियों को नशीली दवा मिला शीतल पेय पिलाकर उन्हें लूटने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ये गिरफ्तारियां 27 जून को दर्ज किए गए मामले के संबंध में की गईं। इस मामले में एक व्यक्ति को नशीला पदार्थ मिला शीतल पेय पिलाकर बेहोश करने के बाद कथित तौर पर लूट लिया गया था। पुलिस के अनुसार, पीड़ित एक अज्ञात व्यक्ति के बहकावे में आकर नारायणा रोड पर जानकी दास बस स्टैंड से एक शेयरिंग ऑटो-रिक्शा में सवार हुआ था। यात्रा के दौरान, आरोपी का दूसरा साथी ऑटो में सवार हो गया और कथित तौर पर पीड़ित को नशीला पदार्थ मिला शीतल पेय पीने को दिया। अधिकारी ने कहा कि शीतल पेय पीने के बाद,



पीड़ित बेहोश हो गया, जिसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर उसका मोबाइल फोन, लगभग 15,000 रुपये नकद, एक बैग और अन्य सामान चुरा लिया और उसे एक सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। जांचकर्ताओं ने तकनीकी निगरानी और क्षेत्र में पूछताछ करने के अलावा, जानकी दास बस स्टैंड, शादीपुर फ्लाईओवर, पटेल रोड, मोती नगर और कीर्ति नगर सहित कई स्थानों की सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। इस कवायद से ऑटो-रिक्शा और उसके चालक राज कुमार उर्फ राज की पहचान हो गई। उन्होंने बताया कि उससे पूछताछ पर उसके सहयोगी कासिम उर्फ सलमान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान, कासिम ने कथित तौर पर खुलासा किया कि दोनों ने अकेली सवारियों, मजदूरों और सामान ले जा रहे दिहाड़ी मजदूरों को निशाना बनाया। पुलिस ने कहा कि वे पीड़ितों का विश्वास जीतते थे, उन्हें 'एटीवन' (नींद की गोलियां) मिला शीतल पेय पीने को देते और उनके बेहोश होने के बाद उन्हें लूट लेते थे और सूनसान जगह पर छोड़ देते थे। अधिकारी ने कहा कि अपराध में इस्तेमाल किया गया ऑटो-रिक्शा, पीड़ित का मोबाइल फोन, एक अन्य मोबाइल, 9,000 रुपये नकद, एक बैग और अन्य सामान उनके कब्जे से बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि आरोपियों और बरामद सामान के रिकॉर्ड का सत्यापन करने पर पता चला है कि पश्चिम विहार पूर्व तथा नारायणा थानों में दर्ज इस तरह के दो मामलों में भी उनकी संलिप्तता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आफताब पुत्र रईश खान निवासी दिलशाद गार्डन, जी ब्लॉक, जोना मस्जिद, सीमापुरी के पास, गोल चक्कर, उत्तर प्रदेश, और जी–19/16, जय पाल चौक, जुमा बाजार रोड, सीमापुरी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 176/2024, अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आफताब** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आफताब** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 176/2024, अन्तर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आफताब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री पायल सिंघल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09
केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 286
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/9064/N/2026**
**(Court Matter)**

**पीजीइन्विट**
**PGInvIT**

**यूनिटधारकों को पांचवीं वार्षिक बैठक की सूचना**

एतद्वारा द्वारा **सूचना** दी जाती है कि सेबी द्वारा जरी मास्टर परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/डीडीएचएस–पीओडी–2/पी/सीआईआर/2025/102 दिनांक 11 जुलाई, 2025 के साथ पठित सेबी (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) विनियम, 2014 के अनुपालन में पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट **("पीजीइन्विट")** की पांचवीं वार्षिक बैठक ("AM") **मंगलवार, 28 जुलाई, 2026** को प्रातः 11:00 बजे (IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("OAVM") के माध्यम से आयोजित की जाएगी जिसमें एएम की सूचना में निर्धारित विषयों पर विचार विमर्श किया जायेगा।

**यूनिटधारकों को सूचित किया जाता है कि:**

1. पांचवी एएम की सूचना **("नोटिस")** और वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट **("वार्षिक रिपोर्ट")** क्रमशः **सोमवार, 6 जुलाई, 2026** और **मंगलवार, 30 जून, 2026** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा उन यूनिटधारकों को भेजी गई है जिनके ईमेल पते डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं।
2. पीजीइन्विट के निवेश प्रबंधक, पावरग्रिड ऊंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड ने वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एएम में भाग लेने, रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोटिंग की सुविधा प्रदान करने, और एएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पीजीइन्विट के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट मैसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड **("केफिनटेक")** की सेवाएं ली हैं।
3. नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट पीजीइन्विट की वेबसाइट www.pginvit.in, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिम्टिेड **("एनएसई")** की वेबसाइट www.nseindia.com और बीएसई लिमिटेड **("बीएसई")** www.bseindia.com के प्रासंगिक अनुभाग और ई–वोटिंग एजेंसी अर्थात केफिनटेक की वेबसाइट : https://evoting.kfintech.com पर उपलब्ध हैं।
4. कट–ऑफ तिथि यानी **मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 ("कट–ऑफ तिथि")** पर यूनिट रखने वाले यूनिटधारक एएम में भागीदारी और वोटिंग के लिए रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा के माध्यम से वोटिंग करने के पात्र होंगे और जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि पर यूनिटधारक नहीं है, वह इस सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से ही मानें। यूनिटधारकों का वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि के अनुसार पीजीइन्विट की इकाई पूंजी की उनकी इकाइयों के अनुपात में होगा।
5. रिमोट ई–वोटिंग **शनिवार, 25 जुलाई, 2026 को प्रातः 09:00 बजे (IST)** शुरू होगी और **सोमवार, 27 जुलाई, 2026** को **सायं 05:00 बजे** (IST) समाप्त होगी। इसके बाद रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
6. कोई भी व्यक्ति जो पीजीइन्विट की इकाइयों का अधिग्रहण करता है और नोटिस भेजने के बाद पीजीइन्विट का यूनिटधारक बन जाता है, और कट–ऑफ तिथि पर यूनिट रखता है, वह evoting@kfintech.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है या टोल फ्री नंबर 1800–309–4001 पर केफिनटेक से संपर्क कर सकता है।
7. यूनिटधारक जो वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एएम में उपस्थित हैं और उन्होंने एएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, वे एएम के दौरान वीसी प्लेटफॉर्म के माध्यम से केफिनटेक द्वारा प्रदान की गई ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एएम के दौरान अपना वोट डाल सकते हैं।
8. जिन यूनिटधारकों ने एएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला है, वे एएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
9. सीएस अरविंद कोहली, मैसर्स अरविंद कोहली एंड एसोसिएट्स, कम्पनी सचिव को निवेश प्रबंधक द्वारा रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया और एएम के दौरान ई–वोटिंग को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए संवीक्षाकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है।
10. एएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग/एएम के दौरान ई–वोटिंग और वीसी या ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने की विस्तृत प्रक्रिया का उल्लेख नोटिस में किया गया है। किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, कृपया einward.ris@kfintech.com/evoting@kfintech.com को एक ई–मेल भेजें या 1800–309–4001 पर कॉल करें।
11. जिन यूनिटधारको के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनके लिए एसएमएस, जहां भी मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, पीजीइन्विट के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट–केफिनटेक के द्वारा भेजे जा रहे हैं।
12. यूनिटधारक अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से संपर्क करके उनके द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार अपने ईमेल पते, मोबाइल नंबर, स्थायी खाता संख्या (पैन) और बैंक खाते के विवरण को पंजीकृत/अपडेट कर सकते हैं।

कृते **पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (पीजीइन्विट)**
**बोर्ड के आदेशानुसार**
**पावरग्रिड ऊंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड**
**(पीजीइन्विट के इंवेस्टमेंट मैनेजर के रूप में)**
हस्ता./–
**श्वेतांक कुमार**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**

दिनांकः जुलाई 6, 2026
स्थानः गुरूग्राम

**पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट**
(भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के साथ पंजीकृत इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट)
पंजीकरण संख्याः IN/InvIT/20-21/0016
व्यवसाय का मूल स्थानः प्लॉट नं. 2, सेक्टर–29, गुरूग्राम–122001, हरियाणा
अनुपालन अधिकारीः श्वेतांक कुमार
फोनः +91 124 282 3177; ई–मेलः investors@pginvit.in; वेबसाइटः www.pginvit.in

PG/CC/Notice/PGInviT-33/Advt-36/26-27/Critique

### उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की सुरक्षा कार्यों की समीक्षा

# 'बच्चों को मिले सुरक्षित और संवेदनशील माहौल, प्रयासों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को लोक निवास में जुलाई माह के दौरान मनाए जा रहे 'बाल संरक्षण माह' के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों और सुरक्षा उपायों की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

बैठक में उपराज्यपाल संधू ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित और संवेदनशील माहौल मिले और उनकी सुरक्षा के प्रयासों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी में बच्चों को सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल मिलेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार मजबूत व्यवस्था विकसित करेगी। बैठक में बच्चों की सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग, दिल्ली पुलिस और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तृत आकलन किया गया और सभी विभागों को तय समयसीमा के भीतर प्रभावी ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस समीक्षा बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, शिक्षा सचिव, महिला एवं बाल विकास सचिव, शिक्षा निदेशालय और महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक, डीसीपी (एसपीयूडब्ल्यूएसी) और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि उपराज्यपाल की अध्यक्षता में 17 जून 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक में जुलाई माह को 'बाल संरक्षण माह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। उसी के अनुरूप शिक्षा विभाग, दिल्ली पुलिस और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। समीक्षा के दौरान उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यक्रम केवल जुलाई माह तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें सभी संस्थानों की नियमित और स्थायी व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि दिल्ली सरकार के सभी विद्यालयों में पॉक्सो अधिनियम के अनुरूप बाल संरक्षण समितियों का गठन किया जा चुका है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जुलाई माह के अंत तक दिल्ली के सभी 5,633 विद्यालयों में ऐसी समितियों का गठन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि लगभग एक हजार शिक्षा एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन परामर्शदाता दिल्ली सरकार के विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, लैंगिक संवेदनशीलता तथा व्यक्तिगत सीमाओं के बारे में जागरूक कर रहे हैं। इस पर निर्देश दिए गए कि राजधानी के प्रत्येक विद्यालय में ऐसे परामर्शदाताओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



#### सभी 5,633 स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही

उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के समक्ष शिक्षा विभाग ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग और पॉक्सो अधिनियम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप दिल्ली के सभी 5,633 स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सुरक्षा जांच सूची (चेक लिस्ट) लागू की जा रही है। इनमें 1,077 दिल्ली सरकार के स्कूल, 198 सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, 2,612 एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली छावनी बोर्ड के स्कूल और 1,746 प्राइवेट स्कूल शामिल हैं। विभाग शिक्षकों, स्कूल कर्मियों और मुख्य प्रशिक्षकों को पॉक्सो अधिनियम के तहत प्रशिक्षण दे रहा है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही शिक्षा एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन परामर्शदाता विद्यार्थियों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, लैंगिक संवेदनशीलता और व्यक्तिगत सीमाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है।

### भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक का नौवां दिन

## सात किलो गिरा वजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना प्रदर्शन 17वें दिन सोमवार को भी जारी रहा। वहीं सीजेपी के समर्थन में गत 9 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक का वजन 7 किलो के करीब गिर गया है। जबकि सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके सुबह अपने गृह नगर छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हो गए जहां एक कार्यक्रम में शामिल होना बताया गया है।

जाने से पहले दीपके ने जंतर-मंतर स्थित धरना स्थल पर सोनम वांगचुक की देख रेख के लिए विजयता दहिया को छोड़ा है। वहीं सीजेपी ने कहा है कि वांगचुक का अनशन व धरना पहले की भांति चलता रहेगा। सुबह जारी मेडिकल हेल्थ अपडेट के अनुसार वांगचुक का अब तक कुल 6.9 किलोग्राम वजन कम हो चुका है। वांगचुक का ब्लड प्रेशर (बीपी) 107/67 दर्ज किया गया है, जबकि उनका ब्लड ग्लूकोज 72 एमजी/डीएल मापा गया।

मेडिकल टीम के अनुसार अनशन के दौरान इन सभी मानकों पर लगातार नजर रखी जा रही है, जिससे उनके स्वास्थ्य में किसी भी प्रकार की गिरावट दिखने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाए जा सकें। टीम का कहना है कि वांगचुक ने कहा है कि उनका अनशन जारी रहेगा। समर्थकों का जोश इसलिए भी कम दिख रहा है कि अब जंतर मंतर पर आने वालों की संख्या घटती जा रही है। सोमवार सुबह के समय बेहद कम या कहें कि गिनती के लोग ही जंतर मंतर पर नजर आए।

**खबर संक्षेप**

### सरकार पेपर लीक करने वाले दोषियों को नहीं दे रही सजा : अनिल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार नीट जैसे कॉम्पिटिटिव एग्जाम के पेपर लीक करने वाले दोषियों को सजा नहीं दे रही है और भ्रष्ट लोगों को बचा रही है। यह आरोप सोमवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) अनिल भारद्वाज ने 9 अगस्त 2026 को दिल्ली में होने वाले 'छात्रों की गूंज अभियान' की तैयारियों की योजना बनाने के लिए बुलाई बैठक में कही। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जो लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़, एग्जाम में धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं, छात्रों की इस्तीफे की मांग के बावजूद अपने पद पर बने हुए हैं।

### डीयू में स्नातक प्रवेश 2026 पर कल और परसो होगा वेबिनार

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की प्रवेश शाखा की ओर से स्नातक प्रवेश 2026 से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कल, 8 और परसो 9 जुलाई को दो ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किए जाएंगे। इन वेबिनार का उद्देश्य अभ्यर्थियों और अभिभावकों की प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित शंकाओं का समाधान करना है। डीयू प्रशासन की तरफ से बताया गया कि पहला वेबिनार बुधवार, 8 जुलाई 2026 को दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। इसमें प्रोफेसर हनीत गांधी, डीन (प्रवेश), अंडरग्रेजुएट कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (यूजी-सीएसएएस) 2026 और विश्वविद्यालय की प्रवेश संबंधी नीतियों की विस्तृत जानकारी देंगी। दूसरा वेबिनार गुरुवार, 9 जुलाई 2026 को दोपहर 3 बजे आयोजित किया जाएगा।

### एनडीएमसी 34 स्थानों पर आयोजित करेगी मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) आज प्रातः 7 जुलाई, 2026 को अपने क्षेत्र के 34 स्थानों पर 'मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव' आयोजित करेगी। यह जानकारी एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को दी है। चहल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दिल्ली सरकार के 70 लाख वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसी अभियान के अंतर्गत नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) भी अपने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान आयोजित करेगी तथा पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाएगी। चहल ने बताया कि इस विशेष अभियान के अंतर्गत लगभग 600 वृक्ष एवं 50 हजार झाड़ियां 0 लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एनडीएमसी द्वारा 50 हजार से अधिक गड्ढे तैयार किए जा चुके हैं। अभियान के तहत पीपल, नीम, जामुन, इमली, चंपा, अशोक, गुलमोहर, अमलतास सहित अनेक देशी एवं पर्यावरण अनुकूल वृक्ष लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त हैमेलिया, जस्टिसिया, कैना लिली, चांदनी तथा अन्य सजावटी एवं देशी प्रजातियों की झाड़ियां भी रोपी जाएंगी, जिससे हरित क्षेत्र की जैव विविधता और सौंदर्य दोनों में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में एनडीएमसी के सभी परिषद सदस्य, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अलग अलग क्षेत्रो में पेड़ लगाकर भाग लेंगे।

## दिल्ली के सरकारी स्कूल के मध्याह्न भोजन में मिली मरी हुई छिपकली, प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पश्चिम दिल्ली के हरि नगर इलाके में एक सरकारी विद्यालय में मध्याह्न भोजन में कथित रूप से मरी हुई छिपकली मिलने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना इलाके के सर्वोदय सह शिक्षा विद्यालय में तीन जुलाई को सामने आई और सूचना पुलिस को दी गई।

उन्होंने बताया कि दो-तीन लोगों को भोजन वितरण किए जाने के बाद स्कूल के एक सहायक की नजर मरी हुई छिपकली पर पड़ी और भोजन का वितरण तत्काल रोका गया। पुलिस ने एक बयान में बताया कि कथित दूषित भोजन के नमूने एकत्र कर लिए गए हैं और इस संबंध में हरि नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125 ( लोगों की जान और सुरक्षा को खतरे में डालना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि घटना में किसी छात्र या कर्मचारी के बीमार पड़ने, खाद्य विषाक्तता या किसी अन्य प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव का कोई मामला सामने नहीं आया है।



#### भोजन में छिपकली मिलने की कथित घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए : यादव



नई दिल्ली। दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में मध्याह्न भोजन में मिली मरी हुई छिपकली की घटना पर कांग्रेस ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस घटना ने सरकार के दावों की पोल खोल दी है। यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। सरकार को मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी)के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सरकार से मांग की कि वह बाल संरक्षण से जुड़े सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करे, बाल कल्याण समितियों और बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत बनाए, सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करे तथा बच्चों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना सार्वजनिक करे। उन्होंने मांग की है कि भोजन में छिपकली मिलने की कथित घटना की उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच कराई जाए। भोजन उपलब्ध कराने वाली एजेंसी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। सभी सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ियों और बाल गृहों में भोजन की गुणवत्ता की नियमित एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए। और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए।

### बिजली आपूर्ति के लिए बीएसईएस-टाटा पावर का दावा, तैयार हैं हम

नई दिल्ली। मानसून का सीजन शुरू हो चुका है ऐसे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल ने भी दावा किया कि है वह मानसून एक्शन प्लान के तहत पूरी तरह से तैयार हैं। कंपनियों का कहना है कि बारिश जगह जगह जलभराव व घरों में करंट आने सहित अन्य समस्याओं से निपटने के लिए जहां खुद तैयार है वहीं उपभोक्ताओं के लिए भी सुरक्षा संबंधित कुछ टिप्स जारी किए है। बीएसईएस प्रवक्ता के अनुसार बारिश के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही जान लेवा साबित हो सकती है। ऐसे में छोटी छोटी सलाह पर अमल करके लोग मानसून को सुरक्षित बना सकते हैं। प्रवक्ता ने उपभोक्ताओं को भी सलाह दी है कि वे सुरक्षा सलाहों का पालन करें, ताकि मानसून को सुरक्षित व दुर्घटना मुक्त बनाया जा सके। मानसून एक्शन प्लान के तहत कंपनी ने सभी निचले इलाकों में लगे ट्रांसफार्मरों के फाउंडेशन को ऊंचा करके उन्हें सुरक्षित स्तर तक किया है। स्विचगियर्स के ऊपर छतें लगाई गई हैं, ताकि जलभराव के कारण स्विचगियर्स में नमी और सीपेज न आने पाए। जहां भी संभव होए पेड़ों की शाखाओं की छंटाई का काम किया गया है। मानसून में लोगों की सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए ट्रांसफार्मरों के इर्द.गिर्द जालियां लगाई गई हैं। बीएसईएस ने बिजली के झटकों व करंट से संबंधित आपातकालीन शिकायतों के लिए बीवाईपीएल उपभोक्ता 19122 या 011 41999808 और बीआरपीएल उपभोक्ता 19123 या 49516707 फोन नंबर पर शिकायत कर सकते है।

## सहकारिता विकसित भारत का सबसे सशक्त आधारः इन्द्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सहकारिता भारत की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक जीवन का मूल आधार है तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। सहकारिता मंत्रालय के पाँच वर्ष पूर्ण होने पर एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'सहकारिता सप्ताह-2026' के समापन समारोह के मौके पर दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि यह संबोधन दिया। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में स्थापित सहकारिता मंत्रालय तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा और नई गति मिली है। आज सहकारी संस्थाएं कृषि, डेयरी, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, विपणन तथा अन्य क्षेत्रों में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न सहकारी संस्थाओं, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।



## दवा घोटाले पर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के तथा कतिथ करोड़ों रुपए कि सरकारी दवा घोटाले को लेकर हमलावर रुख अपना रही आम आदमी पार्टी ने सोमवार को लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के बाहर मौन व विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज की अगुवाई में निकाले गए विरोध प्रदर्शन में पार्टी के प्रवक्ता संजीव झा सहित अन्य विधायक, पार्षद व पदाधिकारी मौजूद थे।

इस मौके पर भारद्वाज ने दवा घोटाले को लेकर रेखा गुप्ता सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस पूरे मामले की सच्चाई को दबाने और आरोपियों को बचाने का कार्य कर रही है। लेकिन आप पार्टी इस भ्रष्टाचार को जनता के सामने लेकर जाएगी और जागरूक करेगी कि किस प्रकार उनके करोड़ों रुपए डकार लिए है। भारद्वाज ने कहा कि पार्टी इस विरोध प्रदर्शन द्वारा इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। भारद्वाज ने एक बार फिर दिल्ली सरकार और भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) पर गंभीर आरोप दोहराए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कथित घोटाले का मुख्य आरोपी राजीव रंगीला था, लेकिन एसीबी ने उसे लगभग एक महीने तक गिरफ्तार नहीं किया। जबकि आप पार्टी बार बार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करती आ रही है, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। भारद्वाज ने पहले की तरह ही फिर दिल्ली सरकार की महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) डॉ. वत्सला अग्रवाल की नियुक्ति पर भी सवाल खड़े किए।

## दिल्ली के राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर होता है जलभराव

### दिल्ली सरकार के दावों की खुल रही पोल



दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मानसून के दौरान जलभराव ना हो, इसकी पूर्व तैयारियों को लेकर दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम द्वारा बार बार किए जा रहे दावों और अधिकारियों को जारी निर्देशों की इन दिनों दिल्ली देहात के मुख्य मार्गों पर जमकर पोल खुल रही है। बता दें कि हाल के दिनों में हुई बारिश के दौरान नरेला विधानसभा क्षेत्र के कई इलाको में भारी जलभराव देखा गया। यहां बकौली गांव के पास एनएच 44 पर बने राष्ट्रीय स्तर के प्रौद्योगिकी संस्थान, एनआईटी दिल्ली के सामने और हरियाणा से दिल्ली के प्रवेश द्वार सिंघू बॉर्डर पर श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक के सामने कई दिनों तक जलभराव देखा गया। इसके अलावा एमसीडी के बख्तावरपुर वार्ड में भी बख्तावरपुर-पल्ला मार्ग पर हुए भारी जलभराव के चलते ग्रामीणों ने दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के प्रति रोष व्यक्त किया। यहां के निवासी राजप्रकाश ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री, पार्षद जनता देवी और डीएम, निगम के डीसी सहित संबंधित विभागों को यहां होने वाले जलभराव की शिकायत की गई लेकिन इस संबंध में कोई समाधान नहीं किया गया। इसके अलावा सिंघू बॉर्डर से लेकर मुकरबा चौक के बीच आवागन के दोनों मार्गों पर बारिश के दौरान जगह जगह जलभराव के कारण लंबा यातायात जाम भी लग जाता है।

### डीडीसी अध्यक्ष एवं अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर करें निगरानी

# किसी भी स्थिति में जलभराव स्वीकार्य नहीं होगा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मानसून के दौरान राजधानी दिल्ली में किसी भी स्थिति में जलभराव स्वीकार्य नहीं होगा, इसे लेकर डीडीसी अध्यक्ष एवं अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निगरानी करें। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को डीडीसी एपेक्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मिशन कायाकल्प के तहत सरकारी विद्यालयों में किए जा रहे सुधार कार्यों, आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों और मॉनसून के दौरान जलभराव से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में सभी जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों के दो-दो जर्जर सरकारी विद्यालयों के कायाकल्प के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। साथ ही, राजधानी में मॉनसून को देखते हुए विभिन्न विभागों की तैयारियों का भी विस्तृत जायजा लिया गया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस बैठक में डीडीसी अध्यक्ष एवं मोती नगर से विधायक हरीश खुराना, रोहतास नगर से विधायक जितेन्द्र महाजन, रिठाला से विधायक कुलवंत राणा, कृष्णा नगर से विधायक डॉ. अनिल गोयल, मॉडल टाउन से विधायक अशोक गोयल, तिमारपुर से विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, मुंडका से विधायक गजेन्द्र दराल, उत्तम नगर से विधायक पवन शर्मा, कस्तूरबा नगर से विधायक नीरज बसोया, सभी 13 जिलों के डीएम सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी डीडीसी अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित विकास कार्यों एवं प्रमुख परियोजनाओं की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में विकास कार्यों की सतत निगरानी, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा जनसुविधाओं में सुधार सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

मॉनसून की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए स्पष्ट किया कि राजधानी दिल्ली में किसी भी स्थिति में जलभराव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों के लिए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि संबंधित क्षेत्र पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड या डीडीए के अधिकार क्षेत्र में आता है, क्योंकि जनता केवल अपनी समस्याओं का स्थायी समाधान चाहती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केवल दफ्तरों तक सीमित न रहें, बल्कि स्वयं फील्ड में जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन करें। पहली ही बारिश में जिन भी संवेदनशील स्थानों और हॉटस्पॉट पर जलभराव की स्थिति बनी है, वहां तत्काल आवश्यक पंपों की व्यवस्था, नालों की सफाई और ड्रेनेज कनेक्टिविटी को दुरुस्त किया जाए।

बैठक में बलजीत नगर, पटेल नगर, संगम विहार, बवाना, किराड़ी सेक्टर-20 से 24, पटपड़गंज, मुंगेशपुर, रामा विहार, खेड़ी पुल, लक्ष्मी नगर, कृष्णा नगर और मंडावली सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में जलभराव की संभावनाओं और वहां चल रही परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में कई विभागों की संयुक्त परियोजनाएं लंबित हैं, वहां संबंधित एजेंसियां मिलकर एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें।



#### जलभराव पर एजेंसियों को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश

बैठक के दौरान विभिन्न विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जलभराव, ड्रेनेज, नालों की सफाई, पंपिंग स्टेशनों और विद्युत उपकेंद्रों से संबंधित गंभीर समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। जनप्रतिनिधियों के इन सुझावों और शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रत्येक समस्या का एक निश्चित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी जरूरत हो, वहां विभिन्न एजेंसियां आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त निरीक्षण करें और बिना किसी देरी के तत्काल जमीनी कार्रवाई शुरू करें ताकि जनता को राहत मिल सके।

### लगातार पांचवें दिन दिल्ली में हुई बारिश

नई दिल्ली। मानसून आने के दिन से सोमवार को लगातार पांचवें दिन दिल्ली वालों पर मौसम मेहरबान रहा और कई क्षेत्रों में हलकी मध्यम बारिश दर्ज हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही बारिश होने को लेकर येलो अलर्ट जारी करते हुए भविष्यवाणी की थी। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.0 डिग्री कम है। आईएमडी के अनुसार न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से महज 0.9 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी के अनुसार मंगलवार को भी हल्की व मध्यम बारिश हो सकती है, जबकि तेज हवाएं भी अपना असर दिखाएगीं। आईएमडी की भविष्यवाणी के तहत मंगलवार से शुक्रवार के बीच अलग अलग मिमी आंकड़े वाली बारिश देखने को मिल सकती है। इस दौरान अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**खबर संक्षेप**

## आशा वर्कर्स का मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय फेडरेशन के आह्वान पर हरियाणा में आज सभी जिलों में प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार के नाम मांग पत्र भेजा गया। 21 जुलाई को पंचकूला में होगा राज्य स्तरीय प्रदर्शन। 10 अगस्त को भरेंगे जेल। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के नेतृत्व में प्रदर्शन की कार्यवाही को गई। प्रदर्शनकारियों को प्रमुख रूप से यूनियन राज्य उपाध्यक्ष सुधा, जिला प्रधान हेमलता गोयल, सीटू प्रदेश महासचिव जयभगवान, जिला सचिव वीरेंद्र डंगवाल, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नरेश शास्त्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा लगाने वाली यह सरकार व्यवहार में महिलाओं का शोषण कर रही है।

## ठगी के मामले में राजस्थान से काबू



**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने मोबाइल फोन हैक कर क्रेडिट कार्ड से 1,29,800 की धोखाधड़ी करने के मामले में एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वीरेन्द्र सिंह झाला निवासी रायका बाग बैंक कॉलोनी जोधपुर राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी को 5 जुलाई 2026 को जोधपुर राजस्थान से काबू किया है। न्यायालय में पेश कर 3 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपित वीरेन्द्र सिंह झाला खाताधारक है, जिसने अपने एक परिचित के माध्यम से अपने बैंक खाते की जानकारी साइबर ठगों तक पहुंचाई थी। ठगी की 50000 की राशि प्राप्त हुई थी। राशि निकालकर साइबर ठगों तक पहुंचाई थी पुलिस के अनुसार सेक्टर-2, बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 मार्च को उसके मोबाइल पर एक एपीके फाइल भेजी गई।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की इस देशव्यापी पहल में 9300 से अधिक पंजीकरण हुए**

# अमृता विश्व विद्यापीठम ने पूरे भारत में 3600 से अधिक शिक्षकों को एआई का प्रशिक्षण देकर एनईपी 2020 के विजन को आगे बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में तकनीक आधारित शिक्षा पर जोर और एएलसीटीई द्वारा 2025 को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वर्ष घोषित किए जाने के अनुरूप, अमृता विश्व विद्यापीठम के अमृता स्कूल आफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने अपनी प्रमुख एआई फॉर टीचर्स कार्यशाला के माध्यम से पूरे भारत में 3600 से अधिक स्कूली शिक्षकों को प्रशिक्षित और प्रमाणित किया है। इस पहल का नेतृत्व विश्वविद्यालय के दिल्ली एनसीआर फरीदाबाद परिसर द्वारा किया गया। यह पहल समाज के लाभ के लिए शिक्षा के प्रति अमृता की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को कक्षाओं में जिम्मेदारी के साथ एआई को समझने और उसका उपयोग करने में मदद करना है। यह शिक्षकों और संस्थानों के बीच एआई जागरूकता बढ़ाने के भारत के व्यापक लक्ष्य का भी समर्थन करती है और एआई अपनाने के लिए शिक्षकों और छात्रों को तैयार करने के एएलसीटीई के आह्वान का भी जवाब देती है। यह कार्यक्रम दो कार्यशाला संस्करणों में छह ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से आयोजित किया गया।




इसमें एआई के व्यावहारिक और कक्षा में उपयोग होने वाले तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ योजना, मूल्यांकन तैयार करना, वर्कशीट बनाना, कक्षा की गतिविधियां, शैक्षिक सामग्री का विकास, इंटरैक्टिव प्रस्तुतीकरण और जनरेटिव एआई टूल्स का जिम्मेदारी से उपयोग करना शामिल था। उदाहरण के लिएए शिक्षकों ने एक ही कक्षा में विभिन्न दक्षता स्तरों वाले छात्रों के लिए वर्कशीट तैयार करना, कस्टमाइज्ड पाठ योजनाएं बनानाए और क्विज तथा मूल्यांकन की तैयारी को स्वचालित करना सीखा।

### कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को एआई संचालित भविष्य के लिए तैयार करना

इस कार्यक्रम में देशभर के निजी, सार्वजनिक और सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। 9367 पंजीकरण, 4087 फीडबैक सबमिशन व 3668 प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह उत्साहजनक प्रतिक्रिया भारतीय शिक्षकों के बीच उभरती तकनीकों का उपयोग करके कक्षा के परिणामों को बेहतर बनाने नियमित कार्यभार को कम करने और छात्रों को एआई-संचालित भविष्य के लिए तैयार करने की बढ़ती रुचि को दर्शाती है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को ऐसे व्यावहारिक एआई कौशल प्रदान करना था जिनका वे तुरंत उपयोग कर सकें। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र और उसके बाहर के वरिष्ठ शिक्षकों का कहना है कि इसने बिल्कुल ऐसा ही किया।

### विज्ञान शिक्षिका के पास युवा छात्रों का भविष्य संवारने का वर्षों का अनुभव है

प्रतिभागियों के फीडबैक के अनुसारए 94 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने व्यावहारिक एआई कौशल हासिल किए हैं जिन्हें वे तुरंत अपनी कक्षा में लागू कर सकते हैं और 96 प्रतिशत से अधिक ने कहा कि वे अपने साथी शिक्षकों को इस कार्यक्रम की सिफारिश करेंगे। बाल भारती पब्लिक स्कूल द्वारका दिल्ली की वरिष्ठ कंप्यूटर विज्ञान शिक्षिका पीजीटी सीएस सुश्री भावना मित्तल जिनके पास युवा छात्रों का भविष्य संवारने का वर्षों का अनुभव है, ने बताया कि कैसे इस कार्यशाला ने उनके रोजमर्रा के शिक्षण को बदल दिया।

**भाजपा फरीदाबाद ने सभी 877 बूथों पर मनाई डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती**

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता अखंडता और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहाः सुनीता दुग्गल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने भाजपा जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद् एवं अद्वितीय देशभक्त श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपने सिद्धांतों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

श्रीमती दुग्गल ने आगे कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश सरकारें डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और राष्ट्रवादी विचारों का अनुसरण करते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार का प्रत्येक निर्णय देश को अधिक सशक्त, समृद्ध और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में भाजपा फरीदाबाद द्वारा दून भारती पब्लिक स्कूल ग्रीन फील्ड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावांजलि दी। उनके साथ जिला महामंत्री चौधरी प्रवीण गर्ग, जिला उपाध्यक्ष भारती भाकुनी, पार्षद वीरेन्द्र भड़ाना बिंदे, हरि किशन गिरोटी, टीना बैंटिक, अनीता शर्मा, श्वेता शर्मा, नीलम तेवतिया, सौभाग्य लक्ष्मी, अलका भाटिया, मीनाक्षी गुप्ता, रीना यादव, अगम तनेजा, संजय अरोड़ा, अनिल भाटिया समेत भाजपा पदाधिकारी और कार्यकत्ता उपस्थित रहे।

**पीएम मोदी ने धारा 370 हटाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी सच्ची श्रद्धांजलिः पंकज पूजन रामपाल**



पंकज पूजन रामपाल ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार के राजस्व मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, विधायक धनेश अदलखा और मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ व महापौर प्रवीण जोशी सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में डा.मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**वंचित समुदायों के जीवन स्तर में सुधाने लाने की दिशा में बड़ा कदम**

# ग्रामीण उद्यमियों को मिलेगा बड़ा सहारा, नेक्स्ट भारत वेंचर्स ने लॉन्च किया इम्पैक्ट फंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

ग्रामीण भारत और वंचित समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए नेक्स्ट भारत वेंचर्स ने 2,000 करोड़ रुपए के अपने दूसरे इम्पैक्ट वेंचर फंड की घोषणा की है। यह देश के सबसे बड़े इम्पैक्ट-केंद्रित वेंचर फंडों में से एक माना जा रहा है। इस फंड का नेतृत्व सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन एंकर लिमिटेड पार्टनर के रूप में करेगी।

नेक्स्ट भारत वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ विपुल जिंदल नाथ ने कहा कि उनका लक्ष्य ऐसे स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना है जो सिर्फ मुनाफे तक सीमित न रहकर समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने बताया कि पहले 340 करोड़ रुपए के फंड के जरिए संस्था 20 से अधिक इम्पैक्ट स्टार्टअप्स में निवेश कर चुकी है, जिनमें कई आज सफल व्यवसाय बन चुके हैं। वहीं, सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक



एवं अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी ने कहा कि भारत में जापान का निवेश हमेशा भारत की क्षमता पर विश्वास का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि चार दशक पुरानी साझेदारी की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल कारों का निर्माण नहीं, बल्कि हजारों स्थानीय उद्यमियों का विकास है। छोटी दुकानों से लेकर ऑटो-पार्ट्स आपूर्तिकर्ताओं तक, इस साझेदारी ने मजबूत एमएसएमई इकोसिस्टम तैयार किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नया फंड आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नवाचार और रोजगार सृजन को नई गति देगा।

# लड़ाई-झगड़े के मामले में अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने दो और आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने थाना शहर बल्लभगढ़ के एक मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को 5 जुलाई को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस ने बताया कि बल्लभगढ़ निवासी अमन ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 8 अक्टूबर 2025 को वह रघुबीर कॉलोनी



स्थित अपने दूसरे मकान पर किराया लेने गया था। जब वह किरायेदार से बातचीत कर रहा था, तभी पीछे से कुछ लोग आये और उस पर हथौड़े व लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शिकायत पर थाना शहर बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया की अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने पंकज कुमार निवासी सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़ फरीदाबाद तथा विश्वास उर्फ भोला निवासी गांव हमीदपुर जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल निवासी आर्य नगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद को 5 जुलाई को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी मुख्य आरोपी हन्नी के दोस्त हैं। घटना के दिन हन्नी के बुलाने पर दोनों उसके साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शिकायतकर्ता पर हथौड़े से हमला किया। वारदात के बाद से ही दोनों फरार चल रहे थे।

## बाबा-बाबा कहने पर पूजा पाठी शख्स ने युवक को दरांती से गर्दन काटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** निवाड़ी थाना इलाके में बाबा-बाबा कहने से परेशान एक पूजा पाठी व्यक्ति ने युवक की दराती से गर्दन काटकर नृशंस हत्या कर दी शव को जंगल में फेंक दिया।

शव मिलने पर इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मरने वाले व्यक्ति का नाम तरूण उर्फ नमित उम्र 21 वर्ष था। निर्दोष कुमार निवासी ग्राम पूठरी थाना निवाड़ी गाजियाबाद ने तहरीर दी कि मेरे पुत्र की अज्ञात अभियुक्त द्वारा हत्या कर शव को ईख के खेत में छुपा देना। प तहरीर के आधार पर थाना निवाडी पर तत्काल सुसंगत धारा-103(1)/238 बीएनएस में अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया ।

**खाता उपलब्ध करवाने वाले 2 गिरफ्तार**

# गिरफ्तारी का डर दिखाकर की गई थी 48 लाख रुपए की ठगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने गिरफ्तारी का डर दिखाकर 48,लाख रुपए की ठगी के एक मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले अतुल निवासी शिवपुरी मध्य प्रदेश को शिवपुरी व यीतेंद्र निवासी ग्वालियर मध्य प्रदेश को आगरा उत्तर प्रदेश गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर 8 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 8 दिसंबर 2025 को उसके पास एक अंजाम नंबर से कॉल आया जिसने अपने आप को हरियाणा प्रशानिक विभाग चंडीगढ़ से बताया और कहा की आपके आधार कार्ड से फर्जी सिम जारी हुई है जो आतंकवादियो के द्वारा प्रयोग की जा रही है और आपके नंबर से 7 से 8 करोड की मनी लाड्रिंग हुई है जिसके बाद कथित अधिकारी ने एक और नंबर देकर उस पर बात करने को कहा, जिसने अपने आप को अधिकारी बताया और कहा कि आपको हमारी टीम अरेस्ट करने के लिये आ रही है। जिसके बाद ठगो द्वारा 11 से 15 दिसंबर के बीच शिकायतकर्ता से अलग-अलग खातो में कुल 4800000 रुपए ट्रॉसफर करवा लिये। जिस पर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**ईपीएफओ ने शुरू की नई डिजिटल सुविधा**

# अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से सीधे होगा पीएफ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) से जुड़े भुगतान अब और आसान हो जाएंगे। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ साझेदारी कर नई डिजिटल भुगतान सेवा शुरू की है। इसके जरिए संस्थान अब ईपीएफओ पोर्टल से सीधे पीएफ भुगतान कर सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत नियोक्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की रिटेल और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सुरक्षित और पूरी तरह डिजिटल तरीके से पीएफ जमा कर सकेंगे। भुगतान के तुरंत बाद ट्रांजैक्शन की पुष्टि और चालान डाउनलोड करने की सुविधा भी मिलेगी, जिससे रिकॉर्ड रखना और मिलान करना आसान होगा। बैंक के हेड रिटेल लाइबिलिटीज आशीष सिंह ने कहा कि यह पहल ग्राहकों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे कारोबारियों का समय बचेगा और वैधानिक भुगतान की प्रक्रिया पहले से अधिक सरल होगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक उन चुनिंदा बैंकों में शामिल है, जिन्हें प्रत्यक्ष कर, जीएसटी, कस्टम ड्यूटी और ईपीएफओ से जुड़े वैधानिक भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की अनुमति है। बैंक का कहना है कि इस नई सेवा से कंपनियां पूरे वर्ष डिजिटल माध्यम से पीएफ भुगतान कर सकेंगी, जिससे नकदी प्रबंधन बेहतर होगा और समय पर वैधानिक दायित्वों का पालन करना भी आसान हो जाएगा।

**वैधानिक दायित्वों का पालन करना आसान होगा**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | किसी प्रतिष्ठित सुरक्षा प्रदाता एजेंसी द्वारा दुग्ध संयंत्र, रोहतक में दुग्ध और दुग्ध उत्पादों के प्रेषण समेत आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के प्रावधान हेतु निविदा। | 04.07.2026 20.07.2026 | 2,50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46861/I/88/7 दि. 06.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | वार्ड नं. 1, नगर परिषद टोहाना में म्हारी सड़क पोर्टल, सार्वजनिक शिकायतों, वार्ड पार्षद संदर्भों और अन्य ऑनलाइन शिकायत पोर्टल्स के तहत गलियों और पोटहोल्स की मरम्मत + 22 कार्य। | 04.07.2026 14.07.2026 | 2,91,58,109/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996678131 mctohana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46905/I/88/7 दि. 06.07.26

# सेक्टर-56 प्रतापगढ़ में डंपिंग यार्ड नहीं हटा तो होगा बड़ा आंदोलनः

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर-56 प्रतापगढ़ में बनाए गए डंपिंग यार्ड के विरोध में डंपिंग यार्ड संघर्ष समिति व सैकड़ों लोगों सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक के नेतृत्व में नगर निगम मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया ओर डंपिंग यार्ड को तत्काल हटाने और क्षेत्रवासियों को प्रदूषण व गंदगी से राहत दिलाने की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। इसके बाद बलजीत कौशिक ने मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, नगर निगम कमिश्नर धीरेन्द्र खड़गटा से मुलाकात की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने



कहा कि सरकार का दायित्व नागरिकों को स्वच्छ वातावरण, साफ पेयजल और बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराना है, लेकिन इसके विपरीत सेक्टर-56 प्रतापगढ़ में डंपिंग यार्ड बनाकर लोगों को प्रदूषण और दुर्गंध के बीच रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि डंपिंग यार्ड में प्रतिदिन कूड़े से भरे अनेक ट्रक पहुंचते हैं, जिससे पूरे इलाके में बदबू फैलती रहती है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में एमएनएसएस राई में आकार 101.40 एम × 60 एम के सिंथेटिक हॉकी टर्फ को पुनः बिछाना। | 01.07.2026 10.07.2026 | 405.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय कन्या महाविद्यालय, मंगाली, जिला हिसार का निर्माण (एयर कंडीशनर का प्रावधान केवल)। | 03.07.2026 10.07.2026 | 14.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, फतेहाबाद | एमडीपी डिस्टी. की आंतरिक और बाहरी सफाई + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2026 | 4.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मेहराना में सामान्य चौपाल का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य। | 01.07.2026 08.07.2026 | 64.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव कोट ब्लॉक फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में टो वॉल्स और आईपीबी सहित गलियों की पेवमेंट, वीएएनजीवाई + 1 कार्य। | 03.07.2026 10.07.2026 | 33.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बरोता ब्लॉक गोहाना में सैनी चौपाल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 23.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | इशरगढ़ - गांव इशरगढ़, ब्लॉक पिपली, कुरूक्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र में मिट्टी भराई। | 03.07.2026 09.07.2026 | 20.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हांसी | मसुदपुर :- गांव मसुदपुर जिला हिसार की बकाया गलियों में वितरण पाइप लाइन बिछाना और जलापूर्ति योजना का पुनरोद्धार तथा अपग्रेडेशन।'1.50 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, 3 अदद आरसीसी स्वच्छ जल टैंक आकार 9.00×7.00 ×1.83 मी., बूस्टिंग स्टेशन को भरने के लिए पम्पिंग मशीनरी, जलघर से मौजूदा बूस्टिंग स्टेशन ए और 2 तक राइजिंग मेन का निर्माण, 3 अदद सैंड्स टैंक्स की मरम्मत, चारदिवारी उपरोक्त डीपीसी की मरम्मत, पम्प चेम्बर की मरम्मत, घरेलू कनेक्शन की बहाली, आकार 9.00×7.00×2.44 मी. के स्वच्छ जल टैंक का निर्माण, आकार 3.66×3.05 मी. के पम्प चेम्बर का निर्माण, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, चारदिवारी उपरोक्त डीपीसी का निर्माण, चारदिवारी उपरोक्त डीपीसी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य।' | 04.07.2026 14.07.2026 | 569.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | पांच वर्ष के लिए प्रचालन और रखरखाव सेवा समेत हरियाणा के एनसीआर जिलों में स्थापना के लिए 21 अदद सीएक्यूएमएस स्टेशनों की खरीद। | 07.07.2026 22.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 1550-आर, 1550-एल, 1700-एल और 17100 से रत्ताखेड़ा खरीफ चैनल की ब्रांच के रेनकट्स, घर्राज और पोटहॉल्स को भरना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2026 | 3.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/200/46901/I/88/7 दि. 06.07.26



सत्यमेव जयते
दिल्ली सरकार

DFW DEPARTMENT OF FORESTS AND WILDLIFE GOVT OF NCT OF DELHI सत्यमेव जयते



रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली

"आप, इस बार सब को साथ जोड़ कर- स्वच्छता और वृक्षारोपण के लिए कुछ प्रयास ज़रूर करें। आप, खुद भी पेड़ लगाइये और दूसरों को भी प्रेरित करिए।"
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

एक पेड़ माँ के नाम
माँ के सम्मान में, प्रकृति के उत्थान में

# मिशन 70 लाख पौधा रोपण अभियान का शुभारंभ

एवं

# 300 इलेक्ट्रिक बसों सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण

मुख्य अतिथि

## श्री अमित शाह
माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री भूपेंद्र यादव** – माननीय केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, भारत सरकार
**सरदार तरनजीत सिंह संधू** – माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली
**श्रीमती रेखा गुप्ता** – माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली
**श्री हर्ष मल्होत्रा** – माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (सड़क, परिवहन और राजमार्ग तथा कॉरपोरेट कार्य)
**श्री आशीष सूद** – माननीय गृह मंत्री, दिल्ली सरकार
**सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा** – माननीय पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री, दिल्ली सरकार
**डॉ. पंकज कुमार सिंह** – माननीय परिवहन मंत्री, दिल्ली सरकार
**सुश्री बांसुरी स्वराज** – माननीय सांसद, नई दिल्ली
**श्री प्रवेश वाही** – माननीय महापौर, दिल्ली नगर निगम
**श्री अनिल कुमार शर्मा** – विधायक, आर के पुरम

सुबह 10:30 बजे | 7 जुलाई 2026 | मंगलवार

स्थान- सेंट्रल पार्क, सेक्टर-12, आर के पुरम, नई दिल्ली-110022

वेबसाइट विज़िट करने के लिए QR स्कैन करें
https://greendrive.delhivanmahotsav.in/

DELHI GREEN WARRIORS
#MISSIONGREENDELHI

आइए, मिलकर दिल्ली को क्लीन और ग्रीन बनाएं

स्लॉट बुक करें | नि:शुल्क पौधा पाएं | वृक्ष रथ का उपयोग करें

DIP/Shabdarth/Display/055/26-27



आज की स्त्री केवल घर-परिवार की तमाम जिम्मेदारियों के बीच दबकर नहीं रहना चाहती। वह साझा जिम्मेदारियों में यकीन करती है। वह अपनी परंपरागत छवि से निकलकर ऐसी जिंदगी जीना चाहती है कि उसे परिवार-समाज में मान-सम्मान मिले, उसका भी एक अस्तित्व हो। पर्सनल लाइफ में ही नहीं, प्रोफेशनल लाइफ में भी वह डिसीजनमेकर बने। नए दौर की स्त्री, आत्मविश्वासी होकर स्वाभिमान से जीवन जीना चाहती है। वह अपनी अस्मिता को लेकर पूरी तरह जागरूक रहती है।

# अपनी अस्मिता के लिए जागरूक आज की स्त्री

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

स्त्री को सदैव सौम्यता की प्रतिमूर्ति माना गया है। जॉन ग्रे की प्रसिद्ध पुस्तक 'पुरुष मंगल से हैं, स्त्रियां शुक्र से', इस बात की पुष्टि करती है। मतलब स्त्रियां सौम्य और कोमल स्वभाव की होती हैं। आमतौर पर परिवार के सभी सदस्यों की देखभाल की भूमिका निभाती हैं। लेकिन आज सामाजिक परिवेश ही नहीं, व्यक्तिगत सोच भी तेजी से बदल रही है। स्त्रियां अब केवल 'वीनस' यानी अपनी सौम्य और पारंपरिक छवि से बाहर ही नहीं निकल रही हैं। वे मंगल यानी साहस और नेतृत्व के गुणों को भी अपना चुकी हैं। स्त्रियों की छवि अब केवल त्याग की प्रतिमूर्ति वाली नहीं रही, अब उनकी पहचान एक निर्णय लेने वाली, आत्मविश्वास से भरी स्त्री के रूप में उभरी है। पहले स्त्रियों को केवल 'देखभाल' और 'ममता' से जोड़कर देखा जाता था। आज उनकी छवि 'अल्फा फी-मेल' की है, जो घर और ऑफिस दोनों मोर्चों पर नेतृत्व करती हैं। अब वे केवल एक 'सपोर्ट सिस्टम' नहीं, बल्कि 'सिस्टम' चलाने वाली बन गई हैं।

## स्वयं की पहचान पहले

आधुनिक स्त्रियों की आदतों में एक बड़ा बदलाव यह आया है कि वे दूसरों की जरूरतों से पहले अपने आत्म-सम्मान और करियर को प्राथमिकता देने लगी हैं। आज स्त्रियों के लिए उनकी अपनी पहचान किसी भी रिश्ते से ऊपर है। वे खुद को खोकर किसी रिश्ते को बचाने के पक्ष में नहीं हैं। इससे पारंपरिक ढांचे से अलग 'जेंडर रोल्स' यानी लिंग आधारित भूमिकाएं अब अप्रासंगिक हो रही हैं।

## आर्थिक स्वतंत्रता का प्रभाव

महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों के समीकरण बदल दिए हैं। अब वे केवल सुरक्षा के लिए रिश्तों में नहीं रहतीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव को प्राथमिकता देती हैं। खर्च करने और निवेश करने की आदतों में महिलाएं अब पुरुषों पर निर्भर नहीं हैं। वे अपनी वित्तीय योजनाएं खुद बनाती हैं, जो उनकी बढ़ती आत्मनिर्भरता का द्योतक है। अपनी कमाई को अपनी पसंद पर खर्च करना और अपने सपनों जैसे अकेले यात्रा करना या शौक पूरे करने के लिए समय निकालना उनकी जीवनशैली में शामिल हो गया है।



## भावनात्मक अपेक्षाएं

आज की स्त्रियां अपने साथी से केवल घर चलाने में मदद नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर गहरी समझ और साझेदारी की उम्मीद करती हैं। बदलते सामाजिक ढांचे के कारण पुरुषों और स्त्रियों के बीच जो 'एक्सपेक्टेशन गैप' यानी अपेक्षाओं का अंतर पैदा हुआ है, उसे समझना ही सुखद जीवन की कुंजी है।



### संचार का नया तरीका

आज की स्त्रियों के लिए संवाद केवल समस्याओं को सुलझाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तिगत स्पेस को परिभाषित करने के लिए भी जरूरी हो गया है। आज स्त्री-पुरुष के बीच समानता के भाव आपसी टकराव की समस्या का निदान है। रिश्तों में 'शक्ति प्रदर्शन' के बजाय 'समान भागीदारी' ही वह रास्ता है, जिससे 'वीनस' और 'मार्स' के बीच की दूरी कम की जा सकती है। स्त्रियां अब 'मौन' रहने के बजाय, अपनी बात मुखरता से रखना पसंद करती हैं। रिश्तों में अपनी सीमाओं को तय करना अब उनकी आदत बन गई है।

## पारिवारिक समीकरणों में बदलाव

आज की महिलाएं घर के कामों को केवल 'अपनी जिम्मेदारी' समझने के बजाय इसे साझा जिम्मेदारी के रूप में देखती हैं, परिवार के सदस्यों में काम के बंटवारे की मांग करती हैं। घर और करियर के बीच संतुलन बनाना अब केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक साझा पारिवारिक प्रयास है। अपनी पसंद-नापसंद को स्पष्ट रूप से कहना अब जरूरी माना जाने लगा है। वे अब रिश्तों में 'एडजस्टमेंट' के नाम पर अपने अस्तित्व से समझौता नहीं करना चाहतीं।

## सोशल नेटवर्किंग से जुड़ाव

आज की स्त्रियों की आदतों में डिजिटल साक्षरता और सोशल नेटवर्किंग शामिल हो गई है। वे दुनिया भर की जानकारियों से अपडेट रहती हैं, जिससे उनकी सोच का दायरा बंधी सीमाओं को पार कर गया है।

## अपेक्षाओं का नया स्तर

आज की स्त्रियां जीवन साथी से केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि बौद्धिक और मानसिक बराबरी की उम्मीद करती हैं। उनकी अपेक्षाएं अब पारंपरिक मानदंडों से कहीं अधिक ऊंची हैं। पहले वे छोटे-बड़े फैसलों के लिए पुरुष पर निर्भर रहती थीं। आज अधिकांश महिलाएं महत्वपूर्ण निर्णय खुद ले रही हैं।

## स्वास्थ्य के प्रति सजगता

अपनी सेहत को नजरअंदाज करने की पुरानी आदत को छोड़कर, अब महिलाएं योग, जिम और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही हैं। अब कोई महिला 'जीरो फिगर' के पीछे भागने के बजाय 'मजबूत शरीर' और 'सक्रिय जीवनशैली' को अपनी आदत बना रही है। उसके लिए फिटनेस अब सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि शक्ति के लिए है।

## भावनात्मक आत्मनिर्भरता

पहले स्त्रियों को भावनात्मक रूप से कमजोर माना जाता था। आधुनिक स्त्रियां अब अपनी खुशी के लिए किसी और पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने अपनी आदतों में 'सेल्फ-लव' और मानसिक मजबूती को शामिल कर लिया है। पारंपरिक बेड़ियों का त्याग करके वे अब उन आदतों और रीति-रिवाजों को चुनौती दे रही हैं, जो उसकी प्रगति में बाधक हैं। पितृसत्तात्मक सोच को नकारने में वे अब हिचक नहीं रही हैं।

## करियर और महत्वाकांक्षा

आज की स्त्रियों के लिए अब काम करना केवल समय बिताने का जरिया नहीं, बल्कि उनकी पहचान का हिस्सा है। उनकी आदतों में अब 'नेटवर्किंग', 'कौशल विकास' और 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा' प्राथमिकता पर हैं। आधुनिक स्त्रियों ने अपनी आदतों में 'डेलिगेशन' (काम सौंपना) सीख लिया है। वह हर काम खुद करके थकने के बजाय तकनीक और संसाधनों का स्मार्ट उपयोग कर रही हैं। कहने का सारांश यही है कि आज की स्त्रियां आत्मनिर्भर हो रही हैं, अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए वे पूरी तरह जागरूक हैं।

---

कभी-कभी गुस्सा, चिंता, उदासी, डर, अपराधबोध और आत्ममुग्धता जैसी नकारात्मक भावनाएं भी हमें सही दिशा देकर सफलता और सुखी जीवन की राह पर लाती हैं। इस बारे में जानिए।

# कभी-कभी नकारात्मक भाव भी आपके लिए हो सकते हैं फायदेमंद

मनोभाव

अंजू जैन



यह बात पूरी तरह सच नहीं है कि केवल सकारात्मक भावनाएं ही जीवन में सफलता लाती हैं। कई बार बुरा वक्त और गुस्सा, चिंता, डर और अपराधबोध जैसी 'नकारात्मक भावनाएं' भी सफलता और विकास के लिए शक्तिशाली उपकरण साबित होती हैं। अपने पूरे व्यक्तित्व को स्वीकार करना सफलता और संतुष्टि के लिए जरूरी है। समय-समय पर दुनिया भर के मनोविज्ञानियों, व्यवहार विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों द्वारा किए गए अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि नकारात्मक बातें भी हमारे लिए उपयोगी साबित होती हैं, कैसे जानिए-

**गुस्से की शक्ति:** गुस्सा हमेशा बुरा नहीं होता। यह वो ऊर्जा है, जो हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की शक्ति देता है। जब हम किसी बात पर गुस्सा होते हैं, तो हमारा शरीर सक्रिय हो जाता है। गुस्से को यदि सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए, तो यह अपनी सेल्फ रेस्पेक्ट की रक्षा करने और समस्याओं को हल करने में ईंधन का काम करता है। गुस्सा हम में अधिकार की भावनाओं को मजबूत करने में मदद कर सकता है।



**चिंता एक रक्षा तंत्र है:** चिंता हमें संभावित खतरों के प्रति सचेत करती है, विपरीत परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाती है। चिंता के वक्त हम अपने विभिन्न सहायता सूत्रों और अपनी छिपी हुई प्रतिभा का पता लगाने में सक्षम हो जाते हैं।

**अपराधबोध सुधार का मार्ग है:** अपराधबोध हमें अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है। जब हमें अपराधबोध होता है, तो हम अपने व्यवहार को सुधारने और दूसरों के साथ संबंध ठीक करने की कोशिश करते हैं। यह हमें नैतिक बनाए रखने में भी मददगार होता है।

**ऊब-उदासी-दुःख से सीख:** उदासी या ऊब जैसी असहज भावनाएं हमें अधिक विचारशील, साहसी और दूसरों के प्रति दयालु बनाने में मदद कर सकती हैं। अपने 'अंधेरे पक्ष' को दबाने के बजाय उसका उपयोग करके हम एक अधिक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकते हैं। सच्चा व्यक्तिगत विकास तब होता है, जब हम असहज स्थितियों जैसे ऊब, दुःख या अकेलेपन का सामना करते हैं। ऊब हमें कुछ नया खोजने के लिए प्रेरित करती है, जबकि दुःख हमें गहराई से सोचने और दूसरों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने में मदद करता है।

**डर है सुरक्षा गार्ड जैसा:** रॉबर्ट बिस्वास-डाइनर और टॉड काशदान द्वारा लिखित पुस्तक 'द अपसाइड ऑफ योर डार्क साइड' में बताया गया है कि डर को खत्म करने के बजाय इसे एक ईंधन की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। डर हमें गलतियों के प्रति सतर्क रखता है। आप चाहें तो 'डिफेंसिव पेसिमिज्म' का उपयोग कर सकती हैं। यह एक मनोवैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें हम जानबूझकर सबसे खराब स्थिति की कल्पना करते हैं। जैसे खुद से पूछें, 'अगर मैं फेल हो गया तो सबसे बुरा क्या होगा?' जब आप सबसे बुरे परिणाम का अंदाजा लगाकर इससे निपटने की योजना बना लेती हैं, तो आपका दिमाग शांत हो जाता है, क्योंकि अब आपके पास एक 'प्लान बी' है। यह आपको निडर होकर काम करने की शक्ति देता है।

**आत्ममुग्धता के लाभ:** माना कि अत्यधिक आत्ममुग्धता बुरी है, लेकिन संतुलित रूप से आत्ममुग्धता स्वस्थ आत्मविश्वास के रूप में काम करती है। थोड़ा-सी आत्ममुग्धता व्यक्ति को साहसी बनाती है, जिससे वह भीड़ से अलग हटकर अपनी बात रख पाता है और कठिन नेतृत्व वाली भूमिकाएं निभाने में सक्षम होता है। आत्ममुग्धता के कुछ लक्षण व्यक्ति को अधिक उत्पादक, रचनात्मक और महत्वाकांक्षी बना सकते हैं।

---

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा

अभिभावकों द्वारा कभी बच्चों को गुस्से में कहे गए शब्द, उनके मन में ऐसी खरोंच छोड़ जाते हैं, जिसके घातक परिणाम हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है, बच्चों से कभी कुछ ऐसा ना बोलें, जो उनके दिल को गहरी चोट पहुंचाए, वे अपमानित महसूस करें।

# बालमन पर न पड़े शब्दों की खरोंच..



अभिभावक हर हाल में अपने बच्चों की बेहतरी ही चाहते हैं। उनके भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। एक ही परिवार के सदस्य होने के नाते माता-पिता बच्चों से औपचारिक संवाद भी नहीं करते। उनकी बातें ज्यादातर स्पष्ट और सीधी होती हैं। समस्या यह है कि कई बार सीधे-सीधे कह दिए गए कुछ शब्द बच्चों के मन में गहरे घाव कर जाते हैं। हाल में हुई एक दुःखद घटना में कानपुर के चौबीस वर्षीय युवा का सुसाइड नोट पिता के कहे कुछ शब्द दिल में बसी निरादर यादें बनकर रह जाने का ही मामला है। उसने अपने सुसाइड नोट में पिता के अत्यधिक कठोर बर्ताव और बचपन के टॉर्चर को मौत की वजह बताया। बचपन में छोटी-छोटी गलतियों पर पिता की मार और मार्क्स कम आने पर घर से निकालने की धमकियां उसके लिए बहुत कड़वी यादें बन गई थीं।

**अपमान के घाव:** आमतौर पर बड़े सोचते हैं कि बच्चों को मान-अपमान का बर्ताव समझ में नहीं आता। सहज आक्रोश हो या तीखी बहस, बड़े बहुत कुछ बोलकर भूल जाते हैं। जबकि ऐसे ताने-उलाहने बच्चों के मन पर सदा के लिए अंकित हो जाते हैं। जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही अभिभावकों से भावनात्मक रूप से दूर हो जाते हैं। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों से उनका आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है। दुनिया के सबसे सुंदर रिश्ते में भी बच्चे असुरक्षित महसूस करने लगते हैं। जिन शब्दों को कहकर हम बड़े भूल जाते हैं, बच्चे याद रखते हैं। न केवल याद रखते बल्कि याद दिलाते भी हैं, 'आपने तो ऐसा कहा था ना!' आमतौर पर इंसान मन दुःखाने वाली बातों को कभी नहीं भुला पाता। बच्चों का मन तो और कोमल होता है। उपेक्षा, अपमान और उपहास बहुत शिद्दत से याद रखता है। कानपुर का उक्त मामला बताता है कि अभिभावक अपने शब्दों को जरा सधकर इस्तेमाल करें। अपनी शिकायत हो या समझाइश, थोड़ा ठहराव बरतें।

**इरादे पर भारी इमोशन:** कहे गए शब्दों से आहत होकर सुसाइड करने, घर छोड़ने या अपने अभिभावकों से दूरी बना लेने के मामले आए दिन सामने आते हैं। अभिभावक भी ऐसा कुछ होने पर उलझन में पड़ जाते हैं, क्योंकि उनका इरादा अपने बच्चे के मन को ठेस पहुंचाने का नहीं होता। कभी परिस्थितिवश भी बहुत कुछ कह बैठते हैं तो कभी लहजा सख्त हो जाता है। समझना जरूरी है कि बच्चे, बड़ों के मन में छिपे इमोशंस को नहीं देख पाते। अभिभावकों के भले इरादे पर भी बालमन की आहत भावनाएं भारी पड़ जाती हैं। वे अभिभावकों को सबक सिखाने की बात सोचने लगते हैं। इसी इमोशनल बहाव में कोई पीड़ादाई कदम उठा लेते हैं। कई बार उम्र के एक पड़ाव को पार करने के बाद बच्चे अपने मन में दबे इस अपमान और दुःख को और गहराई से महसूस करते हैं। अभिभावकों का हर बात में कंट्रोल करना और स्नेह नहीं जताना, बच्चों को जिंदगी के प्रति उदासीन बना देता है। इसीलिए अभिभावकों की मंशा ही नहीं मनोबल बढ़ाने या तोड़ने वाले शब्द भी मायने रखते हैं।

**दूसरों की मौजूदगी का दंश:** कड़वे शब्दों के साथ अगर उपहास और बेइज्जती भी जुड़ जाए तो यह दिल में कील की तरह धंस जाता है। दूसरों की मौजूदगी में किया गया अपमान बहुत गहरी टीस बन जाता है। इस युवा ने भी सुसाइड नोट में लिख छोड़ा है कि मोहल्ले और घर के बाहर अपशब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित करने की पीड़ा उसे आज भी थी। आमतौर पर हमारे परिवारों में बड़े भी एक-दूसरे से यह कहते दिखते हैं कि 'यह बात मुझे अकेले में कहते।'फिर घर के बड़े बच्चों को कुछ कहते-समझाते हुए यह बात क्यों भूल जाते हैं? अभिभावक घर के बाहर डांटने-डपटने की गलती तो बिल्कुल न करें। अभिभावकों को समझना होगा कि बालमन पर शब्दों की खरोंच न पड़े।

---

# हेयर मास्क से मानसून में बाल रहेंगे हेल्दी

हेयर केयर

नैंसी गुप्ता

बारिश का मौसम बालों के लिए कई समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में हवा में नमी बढ़ने के कारण बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी हो सकते हैं। साथ ही स्कैल्प में पसीना और गंदगी जमा होने से डैंड्रफ, खुजली और बाल झड़ने जैसी परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान घरेलू हेयर मास्क की मदद से मानसून में भी बालों की चमक और मजबूती बनाए रखी जा सकती हैं। बारिश के मौसम में बालों की देखभाल के लिए कुछ प्रभावी घरेलू हेयर मास्क के बारे में यहां बता रहे हैं।



**दही-शहद का हेयर मास्क:** मानसून में बालों में नमी बनाए रखना बेहद जरूरी है। दही और शहद का मिश्रण बालों को गहराई से पोषण देने का काम करता है। इसके लिए दो चम्मच दही में एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें और बालों की लंबाई पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। यह मास्क बालों को मुलायम और चमकदार बनाने में मदद करता है।



**करी पत्ता-नारियल तेल मास्क:** करी पत्ता बालों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। कुछ करी पत्तों को पीसकर नारियल तेल में मिलाएं और इस मिश्रण को बालों की जड़ों पर लगाएं। इससे उन्हें पोषण मिलेगा।

**केला-नारियल तेल मास्क:** बारिश के मौसम में फ्रिजी बालों की समस्या आम होती है। इसे कम करने के लिए पके हुए केले में एक चम्मच नारियल तेल मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को बालों पर 25 से 30 मिनट तक लगाकर रखें। इसके बाद बालों को धो लें। यह मास्क बालों को स्मूद बनाने के साथ-साथ उनकी प्राकृतिक चमक को भी बढ़ाता है।

**एलोवेरा-दही का मास्क:** यदि स्कैल्प में खुजली या डैंड्रफ की समस्या हो रही है, तो एलोवेरा और दही का हेयर मास्क फायदेमंद हो सकता है। दो चम्मच ताजा एलोवेरा जैल में दो चम्मच दही मिलाकर स्कैल्प और बालों पर लगाएं। यह मिश्रण स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है और बालों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

**मेथी-दही का मास्क:** रातभर भिगोई हुई मेथी को पीसकर उसमें दही मिलाएं और बालों की जड़ों में लगाएं। लगभग आधे घंटे बाद बाल धो लें। यह मास्क बालों के झड़ने को कम करने और जड़ों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

**(हेयर एक्सपर्ट ऐशानी वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

आप वर्किंग वूमेन हों या फिर हाउसवाइफ, अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देना चाहिए। आपका बेली फैट न बढ़े, इसके लिए आप कुछ ईजी एक्ससाइज को अपनी रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

# ईजी एक्सरसाइज से बेली फैट होगा कम

सजेशन

निधि गोयल

आज के दौर में कॉलेज गोइंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वूमेन तक और हाउसवाइफ भी अपनी फिगर को फिट रखना चाहती हैं। यह जरूरी भी है क्योंकि इससे न केवल आप एनर्जेटिक फील करती हैं, हर तरह की ड्रेस पहन सकती हैं। फिट फिगर को मेंटेन करने में महिलाओं के लिए कॉमन प्रॉब्लम बेली फैट होता है। इसे कंट्रोल करने के लिए रेग्युलर एक्सरसाइज करना जरूरी है। अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो भी कुछ एक्ससाइज से आप अपने बेली फैट को कम कर सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**तेज चाल से वॉकिंग:** रोजाना कुछ मिनट तेज चाल से वॉकिंग या रनिंग से सबसे जल्दी बेली फैट कम होता है। सो आप रोज सुबह, घर के बाहर किसी पार्क में या फिर सड़क किनारे तेज वॉकिंग कर सकती हैं। यदि वर्किंग हैं तो शाम को या फिर सुबह जल्दी उठकर तेज गति से वॉकिंग जरूर करें। कम से कम तीस से पैतालीस मिनट की डेली फास्ट स्पीड वॉकिंग आपके बेली फैट को कम करने में बहुत कारगर है।









**माउंटेन क्लाइंबर्स:** माउंटेन क्लाइंबर्स एक्सरसाइज में आपको जमीन पर उलटे हाथ के पंजो और पैर के पंजों के बल पर शरीर को उठाना होता है। इसके साथ तेजी से घुटनों को एक-एक करके आगे पीछे करना होता है। इसे भी तीन सेट में आपको करना चाहिए। इससे पेट और कोर मसल्स को मजबूती मिलती है और पेट की चर्बी कम होने लगती है। इससे बेली टोंड दिखने लगता है।

**प्लैंक:** जब आप अपना एक्सरसाइज रूटीन खत्म कर लें, खासकर जंपिंग जैक्स के बाद, आप कुछ मिनट प्लैंक जरूर करें। दरअसल, हार्ड वर्कआउट से शरीर गर्म हो जाता है और प्लैंक करते ही पेट पर इसका सीधा असर पड़ता है। ऐसा रोज करने से बेली फैट तेजी से कम होता है और उसकी मसल्स में टोनिंग आ जाती है। इसे करने के लिए आपको पेट के बल लेटकर हथेलियों और पैर के पंजे के बल पर शरीर को ऊपर उठाना होता है। ज्यादा से ज्यादा समय तक ऊपर रोककर रखना होता है। हर बार जितना संभव हो स्टे टाइम को बढ़ाते रहना होता है।

**जंपिंग जैक्स:** बेली फैट को कम करने के लिए जंपिंग जैक्स एक्सरसाइज भी बेहद फायदेमंद है। इसे तीन सेट में करना चाहिए। आरंभ में आप 15-15 स्टेप्स के तीन सेट में यह एक्सरसाइज करें। जंपिग जैक्स करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज होती है लेकिन इससे पेट की चर्बी जल्दी कम होती है। यह एक्सरसाइज आप घर में कहीं भी खुली जगह में कर सकती हैं।

**इन बातों पर ध्यान दें:** जंक फूड खाने से बचें, ज्यादा से ज्यादा सलाद और फल खाएं। चीनी, कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम करें। रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें। तली-भुनी चीजें कम से कम खाएं।

**(फिटनेस इंस्ट्रक्टर राहुल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

खबर संक्षेप

## सीएम से मिले एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित कालिदास मार्ग पर भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने नौसेना प्रमुख का स्वागत करते हुए देश की समुद्री सुरक्षा और राष्ट्रीय रक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की।

## यूपीएससी प्रीलिम्स क्रैक करने वालों को 1.5 लाख



**रांची।** झारखंड के होनहार युवाओं के प्रशासनिक सेवा में जाने के सपने को राज्य सरकार की वित्तीय मदद से उड़ान मिलेगी। झारखंड सरकार ने एससी व एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2026 में सफलता हासिल पर प्रोत्साहन योजना के तहत छात्रों को मुख्य परीक्षा व साक्षात्कार की बेहतर तैयारी के लिए 1.50 लाख की एकमुश्त आर्थिक सहायता देगी।

## बांकीपुर उपचुनावः राजद से रेखा का नाम फाइनल



**पटना।** बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव काफी रोचक होने वाला है। महागठबंधन में चल रही खींचतान के बीच लालू, तेजस्वी की पार्टी राजद ने अपने दल के उम्मीदवार का नाम फाइनल कर दिया है। आरजेडी ने रेखा कुमारी गुप्ता को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने इसकी घोषणा की।

# डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विजन को साकार कर रही मोदी सरकार : नड्डा

मुख्यमंत्री ने अंबाला साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने और उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रणेता थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी विचारधारा को धरातल पर उतारा जा रहा है। नड्डा सोमवार को अंबाला में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं स्मृति वर्ष कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 21 अक्तूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना कर देश को एक सशक्त वैचारिक विकल्प दिया। आज उसी विचारधारा के आधार पर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और एनडीए की सरकारें देश के अधिकांश हिस्सों में जनसेवा कर रही हैं। नड्डा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया था। जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 हटाकर उनके संकल्प को पूरा किया गया।

## इंग्लैंड की आर्ट गैलरी में हरविंद्र मलिक की हरियाणवी पेंटिंग्स का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की राजधानी लंदन से कुछ ही दूरी पर हट्र्समीयर में बसहे म्यूजियम और आर्ट गैलरी में पहले दक्षिण एशियाई विरासत माह प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन 5 जुलाई को हार्टमियर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में मेयर एवं काउंसलर परवीन रानी द्वारा किया गया। एक माह तक चलने वाली प्रदर्शनी में दक्षिण एशियाई देशों के फोटोग्राफ, पारंपरिक परिधान, आभूषण एवं कलाकृतियों का आकर्षक संग्रह प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर भारत से आए प्रसिद्ध कलाकार हरविंदर मलिक को विशेष सम्मान दिया गया जिनकी उत्कृष्ट कलाकृतियां भारत के हरियाणा की समृद्ध संस्कृति परंपराओं और विरासत को सुंदरता से प्रस्तुत करती हैं। हरियाणा के ग्रामीण परिवेश के सुंदर पक्ष पर बने उनके इस अद्भुत कला संग्रह ने प्रदर्शनी को विशिष्ट सांस्कृतिक आयाम प्रदान किया है। उनकी इन कलाकृतियों द्वारा दर्शकों को इंग्लैंड में हरियाणा की रंग बिरंगी संस्कृति, रीति रिवाज, रहन-सहन और कलात्मक विरासत को करीब से देखने का अवसर मिल रहा है। हरविंदर मलिक के साथ विशेष रूप में आमंत्रित इंग्लैंड के सुप्रसिद्ध रेडियो एनाउंसर रवि शर्मा का भी मेयर द्वारा विशेष स्वागत और धन्यवाद किया गया। और साथ ही कलाकार हरविंदर मलिक ने इंग्लैंड की धरती पर पहली बार हरियाणा की कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए बसहे म्यूजियम और आर्ट गैलरी, मेयर व काउंसलर परवीन रानी और उनकी आयोजन समिति का तहे दिल से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### योगी कैबिनेट में 27 प्रस्ताव मंजूर

# स्टार्टअप को 20 लाख तक की मदद होमगार्ड को 5 लाख कैशलेस इलाज

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की सोमवार को कैबिनेट बैठक हुई. इस बैठक में कुल 28 प्रस्ताव पेश किए गए, जिसमें से 27 को मंजूर कर दिया गया और एक को खारिज कर दिया...

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई यूपी कैबिनेट की बैठक में 27 अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। सरकार ने स्टार्टअप, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खेल और श्रमिक कल्याण से जुड़े कई बड़े फैसले लेकर प्रदेश के विकास को नई रफ्तार देने का दावा किया है। नई स्टार्टअप नीति-2026, डेटा सेंटर नीति-2026, होमगार्ड्स के लिए 5 लाख रुपए तक कैशलेस इलाज, किसानों के लिए पशुधन बीमा योजना, अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को सीधी सरकारी नौकरी और तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना जैसे फैसले इस बैठक की प्रमुख उपलब्धियां रहे।



### स्टार्टअप को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन

कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 और अलग उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन के गठन को मंजूरी दी है। नई नीति के तहत स्टार्टअप उद्यमियों को 20 लाख तक पूंजीगत सहायता दी जाएगी। विशेष श्रेणी की परियोजनाओं को यह सहायता 50 लाख तक मिल सकेगी। क्लाउड सेवाओं के उपयोग पर प्रति वर्ष 2 लाख रुपए तक रिइम्बर्समेंट का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में नवाचार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए1,000 करोड़ रुपए का स्टार्टअप फंड बनाया जाएगा।

### किसानों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन बीमा योजना

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना को मंजूरी दी है। यह योजना सभी 75 जिलों में लागू होगी। योजना के तहत बीमा प्रीमियम का 85 प्रतिशत राज्य सरकार व 15 प्रतिशत लाभार्थी वहन करेंगे। महामारी, दुर्घटना या अन्य कारणों से पशु की मृत्यु या अपंगता होने पर लाभ मिलेगा।

### श्रमिकों के लिए अस्पताल और मेडिकल कॉलेज

श्रमिकों के इलाज के लिए गोरखपुर व मुरादाबाद में 100-100 बेड के ईएसआई अस्पताल बनाए जाएंगे। वहीं वाराणसी में ईएसआई मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 13 एकड़ भूमि मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। मेडिकल कॉलेज की 50 प्रतिशत एमबीबीएस सीटें श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित रहेंगी।

### शिक्षा क्षेत्र को मिली नई सौगात

कैबिनेट ने तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी। इनमें दिल्ली के स्वामी ब्रह्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट की महर्षि महेश योगी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद में एक निजी विश्वविद्यालय तथा फतेहपुर में एंग्लो संस्कृत कॉलेज द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना शामिल है।

### शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम होगा 'परशुरामपुरी'

बैठक में शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा/ नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट के इस निर्णय से जनपद शाहजहांपुर के नगर जलालाबाद को 'परशुरामपुरी' के रूप में नई आधिकारिक पहचान प्राप्त होगी। अधिसूचना जारी होने के बाद नाम परिवर्तन का निर्णय प्रभावी हो जाएगा।

## पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी में 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने किया आवेदन



### पतंजलि के 50 सन्यासी भी देंगे इंटरव्यू

एजेंसी ⏭ हरिद्वार

पतंजलि सिविल सर्विस अकादमी को लेकर देश भर में उत्साह है। अभी तक देश भर से 1000 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करा लिया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र बिहार, हरियाणा समेत देश के 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रतिदिन पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है। बीए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी आवेदन के पात्र होंगे। अकादमी में यूपीएससी के साथ-साथ पीसीएस परीक्षाओं की भी उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी। इस पंजीकरण की विशेषता यह है कि पहली बार पतंजलि योगपीठ के लगभग 50 सन्यासी भी इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे तथा 18 जुलाई को आयोजित इंटरव्यू में सम्मिलित होंगे। योग गुरू स्वामी रामदेव ने एक और बड़ी अहम घोषणा की है कि जिन्होंने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर यूपीएससी अथवा पीसीएस की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो, किन्तु कम-से-कम दो प्रयासों के बाद भी इंटरव्यू में सफलता प्राप्त न कर सके हों तथा पुनः तैयारी करना चाहते हैं, वे भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## एमएस धोनी ने युवा प्रतिभाओं को किया प्रेरित, लॉन्च किया एलन टैलेंटेक्स-2027



### एलन कोर्स फीस पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप

**मुंबई।** महान क्रिकेट खिलाड़ी और यूथ आइकन महेन्द्र सिंह धोनी ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत की अग्रणी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में से एक एलन टैलेंटेक्स के 13वें संस्करण एलन टैलेंटेक्स-2027 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा और चीफ एकेडमिक ऑफिसर सी.आर.चोधरी उपस्थित रहे। साथ ही पिछले पाँच वर्षों के एलन टैलेंटैक्स के टॉप रैंकर्स ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और महेन्द्र सिंह धोनी से संवाद किया। स्टूडेंट्स ने सफलता, तैयारी और कॅरियर विकल्पों को लेकर उनसे सवाल पूछे, जिनका जवाब देते हुए धोनी ने अपने जीवन के अनुभवों और सफर से जुड़े महत्वपूर्ण विचार साझा किए और स्टूडेंट्स को प्रेरित किया। वेबसाइट लॉन्च होने के साथ ही एलन टैलेंटेक्स-2027 के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गए हैं। अर्ली बर्ड ऑफर के तहत 15 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करवाए जा सकते हैं।

## पेज एक शेष

### तीन देशों की विदेश...

कि पीएम मोदी की यह विदेश यात्रा 6 से 11 जुलाई तक होगी। जिसमें वह 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया में रहेंगे।

**साझेदारी को प्रदान करेंगे नई गति :** पीएम ने पोस्ट में बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति द्वारा हवाई अड्डे पर पहुंचकर स्वयं मेरी अगवानी करने से मैं बहुत अधिक प्रभावित हुआ हूं। वर्ष 2018 में भारत और इंडोनेशिया के द्विपक्षीय संबंधों को हमने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया था। अब इस यात्रा के दौरान मैं और राष्ट्रपति सुबियांतो दोनों देशों की इस साझेदारी को अलग-अलग क्षेत्रों में नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे इस बात को कहने में कोई शक नहीं है कि हमारी इस साझेदारी ने दोनों देशों की आम जनता को काफी लाभ पहुंचाया है। इंडोनेशिया में मेरे कुछ अन्य कार्यक्रम भी रहेंगे। जिनमें मैं राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ योग्याकार्ता में प्रंबनान मंदिर परिसर का दौरा करूंगा। हमारी यह यात्रा भारत और इंडोनेशिया के मध्य सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाएगी। पीएम मोदी के मुताबिक, इंडोनेशिया में रहते हुए मैं भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने के अवसर की भी उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा हूं।

**भारत से इंडोनेशिया खरीदेगा ब्रह्मोस, स्कॉर्पीन :** प्रधानमंत्री ने विदेश यात्रा पर रवाना होते हुए दिए वक्तव्य में कहा कि मेरी 6 से 11 जुलाई तक की इस विदेश यात्रा के दौरान मैं 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया में प्रवास करूंगा। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर मेरी यह यात्रा हो रही है। पूर्व में मैंने वर्ष 2018 में पहली बार इंडोनेशिया की यात्रा की थी और उस वक्त हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा प्रदान किया था। जिसके करीब 8 साल बाद हो रही मेरी यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। उधर, रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि पीएम की इस यात्रा में इंडोनेशिया द्वारा भारत से की जाने वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद को लेकर जारी बातचीत का मामला खासा जोर पकड़ सकता है। इस खरीद को हालांकि अमलीजामा पहनाने के लिए रूस ने भारत को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। देश के सामरिक हलकों में चर्चा इस बात की भी है कि इंडोनेशिया अपने नौसैन्य बेड़े को और अधिक मजबूत बनाने के लिए भारत से स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के मुद्दे पर भी चर्चा कर सकता है।

**2025 में भारत यात्रा पर थे राष्ट्रपति :** प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल 26 जनवरी को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। जिसके बाद की जा रही इंडोनेशिया की यह मेरी पहली राजकीय यात्रा है। दोनों देशों के बीच मजबूत सभ्यतागत और जनता से जुड़े हुए संबंध हैं। मेरी यह यात्रा हमारी बहुआयामी साझेदारी के विभिन्न पहलुओं को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

**ऑस्ट्रेलियाई प्रवासी साझेदारी का अहम स्तंभ :** उन्होंने बयान में कहा, इंडोनेशिया के बाद होने वाली मेरी मेलबर्न की यात्रा (8 से 10 जुलाई तक) ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के निमंत्रण पर की जाएगी। जो हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाएगी। हमारी चर्चाओं में रक्षा-सुरक्षा, व्यापार-निवेश, शिक्षा और परिवहन तथा जनसंपर्क जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। मेलबर्न में मेरी भारत के प्रवासी समुदाय से भी एक मुलाकात होगी। यह सभी लोग हमारी रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। साथ ही मेरी इस ऑस्ट्रेलिया यात्रा से दोनों देशों के बीच उभरती हुई अहम प्रौद्योगिकियों, खेल-खेल विज्ञान के क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने का मौका मिलेगा। यहां बता दें कि बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया में पीएम मोदी को दी गई जान से मारने की धमकी से जुड़े घटनाक्रम के बीच उनकी यह यात्रा हो रही है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। जबकि धमकी से जुड़ी फेसबुक पोस्ट के आईपी एड्रेस का पता लगा लिया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी...

लाल बड़ौली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब-जब हरियाणा आए हैं हरियाणा को बड़े-बड़े प्रोजेक्ट दिए हैं। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को हाईड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद नरवाना रेलवे जंक्शन का विधिवत उद्घाटन करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को लाने का आह्वान किया। रैली के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि पीएम मोदी की रैली अभूतपूर्व रैली होगी। रैली की भव्य तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पेट्रोल डीजल के कम उपयोग का आह्वान किया है। इसलिए सभी कार्यकर्ता आस पास से अधिक लोगों को लेकर रैली में पहुंचे। लोगों को ट्रैक्टर ट्राली, ई-रिक्शा से लेकर आएं। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, मंत्री कृष्ण बेदी, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, विधायक देवेंद्र अत्री, विधायक राम कुमार गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरपाल राणा, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, देवेंद्र अत्री, जिला प्रभारी मदन लाल गोयल, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, जवाहर सैनी, चेयरमैन कैप्टन योगेश, जिला महामंत्री जितेन्द्र रोड़, पुष्पा तायल, श्रवण गर्ग, एडवोकेट विजयपाल मौजूद रहे।

**10 कोच वाली यह हाइड्रोन ट्रेन पूरे विश्व की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन हैः अर्चना :** कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर भारत में कुल तीन मुख्य कार्यक्रम हैं, जिनमें से सबसे पहला कार्यक्रम सुबह 9 बजे जींद में होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जींद के रेलवे स्टेशन पर हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी एक्सप्रेस-वे, दो नए मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे। इन कॉलेजों के ऑडिटोरियम से स्थानीय मंत्री और जनता ऑनलाइन जुड़ेंगे। कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर एक विशाल एकड़ भूमि में बनने वाले ऐतिहासिक भव्य सिख म्यूजियम का शिलान्यास किया जाएगा। डा. अर्चना गुप्ता ने पीएम मोदी कुरुक्षेत्र में बनकर तैयार हुए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का भी लोकार्पण करेंगे।

### सीसीटीवी में 70...

पहले हुए नुकसान का सटीक आकलन नहीं हो सका। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार, 27 अप्रैल से 5 जून 2026 के बीच के सीसीटीवी फुटेज में गिनती कक्ष के अंदर कर्मचारी नोटों की गड्डियां और खुले रुपये अपने कपड़ों, जेबों और जूतों में छिपाते हुए करीब 70 बार देखे गए। रिपोर्ट में इसे एक-दो घटनाओं के बजाय कई दिनों तक चलने वाली एक व्यवस्थित चोरी बताया गया है।

**सुरक्षा मानकों का पूरी तरह उल्लंघन :** जांच में सामने आया कि गिनती कक्ष में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। कर्मचारियों की तलाशी नहीं ली जाती थी और कई हंडियों की नकदी एक साथ मिलाकर गिनी जाती थी। इस मामले में एसआईटी ने अविनाश शुक्ला, अनुकूल मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पाण्डेय और रामशंकर मिश्र सहित छह लोगों की संलिप्तता बताई है। जांच से पहले ही कुछ कर्मचारियों से 78.94 लाख और बाद में गिनती कक्ष से 2.25 लाख की अतिरिक्त बरामदगी हो चुकी है।

### चंपत राय-अनिल...

कहा कि भविष्य में मंदिर की व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्रुटिरहित बनाने के लिए बैठक में एक छोटी समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को निर्धारित की गई है, जिसमें एसआईटी की जांच रिपोर्ट की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, नए न्यासियों की नियुक्ति पर विचार होगा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। ट्रस्ट ने दो टूक शब्दों में कहा कि चोरी में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और एसआईटी निष्पक्ष जांच कर उन्हें कानून के तहत कठोर दंड दिलाएगी।

### कौन हैं कृष्ण ...

में उनका चयन आईएफएस में हुआ और उन्हें महाराष्ट्र कैडर मिला। वर्ष 2012 में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद वे सामाजिक और जनसेवा के कार्यों से जुड़े रहे। वे संघ के पदाधिकारी भी रहे। पिछले साल कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद सदस्य बनाया गया था, और अब उन्हें अंतरिम महासचिव बनाया गया है।

### दावा : दान में आईं ...

कार्य पूरी निष्ठा के साथ करेगा। दर्शनार्थियों द्वारा किए जाने वाले दान को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए एक पुख्ता, पारदर्शी और अभेद्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की किसी भी गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। ट्रस्ट ने साफ किया कि मंदिर में भेंट स्वरूप प्राप्त लगभग 2,800 प्रकार की सामग्रियों का पूरा रजिस्टर पूरी तरह सुरक्षित है। इस दौरान सोने की रामायण भी दिखाई गई।

### मनामा में बहरीन...

भारत की ओर से बहरीन की सराहना की है।

**5-15 जुलाई तक विदेश यात्रा पर जयशंकर :** गौरतलब है कि विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर 5 से 15 जुलाई तक जिन 6 देशों की यात्रा पर हैं। उनमें कतर, बहरीन, कुवैत, ओमान, न्यूयॉर्क और ब्रुसेल्स शामिल हैं। शुरुआती चार दिनों (5-10 जुलाई तक) तक वह खाड़ी क्षेत्र के चार देशों में रहेंगे। जबकि इसके बाद जयशंकर न्यूयॉर्क और ब्रुसेल्स जाएंगे। न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री 13 जुलाई को भारत के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के आगामी कार्यकाल को लेकर एक अभियान लांच करने के कार्यक्रम में वह शिरकत करेंगे। 14 से 15 जुलाई तक उनकी ब्रुसेल्स में भारत-ईयू वार्ता में भागीदारी रहेगी और बेल्जियम के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी वह मुलाकात करेंगे।

**सराहे कतर के मध्यस्थता के प्रयास :** बहरीन से पहले बीते रविवार को भारतीय विदेश मंत्री की कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात हुई थी। जिसमें उन्होंने पश्चिम-एशिया में युद्ध के मध्य अमेरिका और ईरान के बीच कतर के मध्यस्थता के प्रयासों की सराहना की है। दोनों नेताओं की बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं की व्यापक रूप से समीक्षा की गई।जिसमें ऊर्जा, व्यापार, निवेश और लोगों के बीच मौजूद संबंध मुख्य रूप से शामिल रहे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि डॉ.जयशंकर और प्रधानमंत्री अल थानी के बीच वार्ता में दोनों देशों के साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और बहुआयामी मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। प्रवासी भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी जयशंकर की मुलाकात हुई। जिसमें उन्होंने क्षेत्रीय संघर्ष के वक्त बने हुए चुनौतीपूर्ण समय में जताई गई समुदाय की प्रतिबद्धता को लेकर उनकी प्रशंसा की। साथ ही भारत और कतर के बीच साझेदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने को लेकर प्रदर्शित की जाने वाली प्रतिबद्धता को भी सराहा।

### जगन्नाथ रथयात्रा...

ट्रेनों का संचालन और अतिरिक्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है।

### एमपी निशिकांत को अखिलेश ने दिया 10 मि.का अल्टीमेटम

**लखनऊ।** झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और अखिलेश यादव के बीच कथित संपर्क की बात सामने आई है। निशिकांत दुबे ने कहा कि पुलिस जांच और मोबाइल कॉल रिकॉर्ड के विश्लेषण के अनुसार, टिन्नू यादव कथित तौर पर नियमित रूप से अखिलेश यादव के संपर्क में था।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एसबीएम 2.0 यू के तहत एमसी महम में लीगेसी वेस्ट डम्प का बायोरिमेडिएशन साइंटिफिक निपटान (निविदा आईडी 2026_HRY_532928_1) | 01.07.2026 21.07.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 [illegible] |
| 2 | नगर पालिका महम | पुराना नगर पालिका कार्यालय महम में सिटी/डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण। | 04.07.2026 25.07.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46860/I/88/7 दि. 06.07.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा | बीपीएस एमवी खानपुर कलां में गेट नं. 6 से हॉस्टल नं. 13 टी-प्वाइंट इत्यादि तक आंतरिक बिटुमिन रोड्स की मरम्मत और मजबूतीकरण। | 03.07.2026 27.07.2026 | 60.66 लाख | http://bpsmv.ac.in | 9416486361 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46858/I/88/7 दि. 06.07.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-17, वार्ड नं. 35 में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु आकलन। | 03.07.2026 17.07.2026 | 564.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmail.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | बूस्टिंग स्टेशन सेक्टर-10 और 11, वार्ड नं. 37, फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 03.07.2026 17.07.2026 | 584.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmail.com |
| 3 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-14, फरीदाबाद वार्ड नं. 35 में सामुदायिक हॉल का निर्माण। | 03.07.2026 17.07.2026 | 558.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/46857/I/88/7 दि. 06.07.26

## चिंतन

# इंडोनेशिया यात्रा चीन को उसी की भाषा में जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा केवल एक द्विपक्षीय दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती सामरिक राजनीति का अहम संकेत है। यदि इंडोनेशिया के साथ लगभग 2,500 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर अंतिम मुहर लगती है, तो यह स्पष्ट संदेश होगा कि भारत अब केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने मित्र देशों की रक्षा क्षमता बढ़ाकर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और हिंद महासागर क्षेत्र के कई देशों में अपने आर्थिक, सामरिक और सैन्य प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियार, नौसैनिक सहयोग और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसी प्रकार दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में चीन की सक्रियता भारत के लिए लगातार रणनीतिक चुनौती बनी हुई है। ऐसे समय में भारत की नीति भी अधिक सक्रिय और आत्मविश्वासपूर्ण होती दिखाई दे रही है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद यदि इंडोनेशिया भी इस सूची में शामिल होता है, तो यह केवल रक्षा निर्यात नहीं रहेगा, बल्कि भारत की रणनीतिक कूटनीति का विस्तार होगा। इसका अर्थ है कि भारत उन देशों के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है, जो चीन के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। इंडोनेशिया का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, बल्कि इसलिए भी है कि दक्षिण चीन सागर में उसके हित सीधे चीन से टकराते हैं। नटुना द्वीप समूह के निकट इंडोनेशिया के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में चीनी तटरक्षक जहाजों और मछली पकड़ने वाले बेड़ों की गतिविधियां लंबे समय से तनाव का कारण रही हैं। चीन अपनी तथाकथित 'नाइन-डैश लाइन' के आधार पर लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, जबकि इंडोनेशिया 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के आधार पर इस दावे को अस्वीकार करता है। नटुना क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि तेल, प्राकृतिक गैस और समुद्री संसाधनों के कारण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग का महत्व सामान्य हथियार व्यापार से कहीं अधिक है। ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल केवल एक सैन्य प्रणाली नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता का प्रभावी माध्यम है। इससे इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। यदि भविष्य में ड्रोन और अन्य रक्षा प्रणालियों में भी सहयोग बढ़ता है, तो दोनों देशों के संबंध और अधिक गहरे हो सकते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश होने के बावजूद इंडोनेशिया की सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध परंपराओं की गहरी छाप है। प्रम्बानन मंदिर, रामायण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ऐतिहासिक रूप से गणेश की छवि का मुद्रा पर उपयोग यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक विरासत धार्मिक पहचान से कहीं व्यापक होती है। यही साझा सांस्कृतिक आधार दोनों देशों को भावनात्मक मजबूती भी देती है। कुल मिलाकर भारत की विदेश नीति अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सक्रिय होती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार चीन वर्षों से अपने साझेदार देशों के माध्यम से क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाता रहा है, उसी प्रकार भारत भी लोकतांत्रिक, संप्रभु और समान विचार वाले देशों के साथ रक्षा एवं सामरिक सहयोग का दायरा बढ़ा रहा है। यह एक तरह से चीन को उसी की भाषा में भारत का जवाब है।

# अब रफ्तार से बढ़ेगा टेक्सटाइल सेक्टर



**आर्थिकी**
डॉ जयंतीलाल भंडारी

भारत का टेक्सटाइल सेक्टर नए विकास दौर की दहलीज पर खड़ा है। 15 जुलाई से लागू होने वाला भारत–यूके मुक्त व्यापार समझौता इस उद्योग के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है, क्योंकि ब्रिटेन ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर 12% तक का आयात शुल्क समाप्त कर दिया है। इससे भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात को नई गति मिलेगी। दूसरी ओर, सरकार की एफटीए नीति, कपास आयात पर सीमा शुल्क में राहत, पीएम मित्र पार्क, नए श्रम कानून, बजट प्रावधान और तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने जैसे कदम उद्योग की क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। हालांकि, इस तेजी के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान भी उतना ही आवश्यक होगा।

हाल ही में 5 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच 15 जुलाई से लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते के नियम जारी किए गए हैं। इससे भारत का टेक्सटाइल सेक्टर रफ्तार से बढ़ेगा। टेक्सटाइल सेक्टर में अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के कई कारण हैं। निश्चित रुप से भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता सबसे बड़ा गेम-चेंजर होगा। 15 जुलाई से लागू होने वाले इस समझौते के तहत यूके ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर लगने वाले 12 प्रतिशत तक के आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है।इससे भारतीय कपड़े और रेडीमेड गारमेंट्स ब्रिटिश बाजार में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते और प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इस मुक्त व्यापार समझौते के लाभ और निर्यातकों द्वारा समय पर की गई तैयारी के कारण, यूके और यूरोपीय बाजारों से भारतीय कपड़ों की मांग में 12 से 25 प्रतिशत तक की तेज वृद्धि दर्ज संभावित है। वैश्विक ब्रांड चीन से अपनी सप्लाई चेन को शिफ्ट कर रहे हैं, जिससे भारत को एक बड़ा अवसर मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस समय सरकार देश के 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले और करीब 174 अरब डॉलर के बाजार आकार के टेक्सटाइल्स सेक्टर को मजबूती देने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। सरकार ने एक जून से पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित हो रहे टेक्सटाइल सेक्टर को राहत देने और निर्यातकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए पांच माह के लिए कपास आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क को पूर्ण रूप से माफ कर दिया है। सरकार लगातार मुक्त व्यापार समझौतों( एफटीए) में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रही है। हाल ही में लागू किए गए नए श्रम कानूनों से टेक्सटाइल सेक्टर को जोरदार बढ़ावा मिलेगा। टेक्सटाइल सेक्टर के विकास के लिए पीएम मित्र पार्क मील का पत्थर हैं। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में टेक्सटाइल सेक्टर के लिए किए गए अभूतपूर्व प्रावधानों का कार्यान्वयन शुरु हो गया है। साथ ही पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा टेक्सटाइल सेक्टर में सुधार के लिए उठाए गए बहुआयामी कदम टेक्सटाइल सेक्टर को लाभान्वित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस परिदृश्य के मद्देनजर वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की रेटिंग बढ़ाई है। इनवेस्टमेंट इनफॉरमेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर का आउटलुक 'नेगेटिव' से बढ़ाकर 'स्टेबल' कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में एक जून से भारत और ओमान के बीच सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) लागू हुआ है। इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के टेक्सटाइल सहित 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर आयात शुल्क पूरी तरह से शून्य कर दिया है। इसी तरह एफटीए वाले अन्य देशों में ज़ीरो या लगभग ज़ीरो ड्यूटी एक्सेस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए से टेक्सटाइल निर्यात में भारी उछाल आया है। साथ ही आगामी महीनों में न्यूजीलैंड



तथा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के क्रियान्वयन से इन देशों को भारत से तेजी से टेक्सटाइल निर्यात बढ़ेगा। खासतौर से यूरोप के 27 देशों के संगठन यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल शुरू होने के दो-तीन वर्षों में ही यूरोपीय संघ को भारत से करीब 20 अरब डालर तक का टेक्सटाइल निर्यात बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, इन दिनों अमेरिका के साथ जिस द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, उसके तहत भारत को अमेरिका में धागे और कपास से बने कपड़ों पर भारी शुल्क छूट हासिल होगी और टेक्सटाइल निर्यात ऊंचाई पर पहुंचेंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत में टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूती देने के मद्देनजर पिछले माह 9 मई से पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय ने सात मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क स्थापित करने के लिए जो पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की है, उसके तहत काम प्रगति पर है और उससे देश के टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊंचाई मिलेगी । पीएम मित्र पार्क प्रधानमंत्री के पांच-एफ विजन- फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्टरी से फैशन और फैशन से फॉरेन तक से प्रेरित है। यह एक 'आत्म-निर्भर भारत' के निर्माण की दृष्टि को पूरा करने और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। सरकार की इस पहल से इन टेक्सटाइल पार्कों में करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश आने का अनुमान है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से तेजी से क्रियान्वित हो रहे केंद्रीय बजट के तहत टेक्सटाइल सेक्टर के लिए जिस तरह अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं, उससे भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बजट में 'टेक्स-इको' पहल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। बजट में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को आधुनिक बनाने के लिए 'सामर्थ्य -2' का अनावरण किया गया है। बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल भी महत्वपूर्ण है। यह पहल खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए, एक जिला एक उत्पाद को भी समर्थन देती है। निसंदेह टेक्सटाइल सेक्टर के लिए ऐसे अभूतपूर्व रणनीतिक प्रयासों से भारत का टेक्सटाइल उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। लेकिन टेक्सटाइल सेक्टर के तेजी से बढ़ने की संभावनाओं के बीच हमें इस बात पर ध्यान रखना होगा कि विगत वर्षों में टेक्सटाइल सेक्टर पर अनिश्चितताओं और बदलावों का दबाव रहा है और अभी भी वर्ष 2026 में टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ते मौकों के बावजूद बड़ी चुनौतियाँ सामने खड़ी हुई हैं। जिसमें लगातार लॉजिस्टिक्स पर असर डालने वाली जियोपॉलिटिकल रुकावटें, बढ़ती इनपुट और कम्प्लायंस लागत और सोर्सिंग जगहों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल हैं। इन चुनौतियों के समाधान के साथ टेक्सटाइल निर्यात बढ़ाने के लिए अधिक प्रयासों की जरूरत दिखाई दे रही है।

उम्मीद करें कि 15 जुलाई से भारत और ब्रिटेन के बीच लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को रफ्तार मिलेगी। एक जून से 30 अक्टूबर तक के लिए लागू कपास के आयात में सीमा शुल्क की छूट से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को पर्याप्त राहत मिलेगी और विदेशों में भारत के टेक्सटाइल निर्यातक प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे। ऐसे में हम उम्मीद करें कि लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल का बाजार आकार तेजी से बढ़कर 350 अरब डॉलर और निर्यात 100 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार के 3.5 करोड़ से अधिक नए मौके निर्मित होते हुए भी दिखाई देंगे।

( लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड के प्रमुख दर्शनीय स्थानों में बेसल बहुत ही आकर्षक शहर है जोकि राइन नदी के तट पर बसा हुआ है। प्रकृति से प्रेम करने वाले पर्यटकों के लिए बेसल बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां दूर-दूर तक प्रकृति का नजारा देखने को मिलता है। बेसल में सबसे अधिक म्यूजियम है और इसके साथ ही कई बुटिक और प्राचीन दुकानें हैं। बेसल शहर में चेरी के पेड़ बहुत ही आकर्षक लगते हैं।

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
**दर्शन**

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
**प्रेरणा**

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा- तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला- बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी- बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## स्मृति शेष
**डॉ. यास्मिन सिंह**

# भारतीय लोक संस्कृति का अमर स्वर मौन

पंडवानी की अप्रतिम साधिका, तीजन बाई का निधन केवल एक महान कलाकार का जाना नहीं है, बल्कि भारतीय लोक परंपरा के एक युग का अवसान है। एक कलाकार होने के नाते मैं स्वयं को अत्यंत शोकाकुल महसूस कर रही हूं। तीजन बाई जी ने अपने अदम्य साहस, अथक साधना और असाधारण प्रतिभा से यह सिद्ध किया कि सच्ची कला हर बंधन को तोड़कर अपना मार्ग स्वयं बनाती है। उन्होंने पंडवानी को केवल जीवित ही नहीं रखा, बल्कि उसे विश्व मंच पर वह सम्मान दिलाया।

छत्तीसगढ़ की मिट्टी में जन्मी और पली-बढ़ी तीजन बाई जी ने पंडवानी के माध्यम से लोकगाथा को उन्होंने जिस आत्मविश्वास और ओजस्विता के साथ दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, वह हम सभी कलाकारों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। हम जैसे कलाकारों ने उन्हें केवल मंच पर प्रस्तुति देते हुए नहीं देखा, बल्कि एक ऐसी साधिका के रूप में देखा, जिसने अपनी कला को जीवन का धर्म बना लिया। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि लोककला किसी सीमित भूगोल की धरोहर नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की सांस्कृतिक पूंजी होती है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक यात्रा में तीजन बाई जी का व्यक्तित्व सदैव एक प्रकाश-स्तंभ की तरह दिखाई देता रहा। उनकी उपस्थिति मात्र से कलाकारों में आत्मविश्वास जाग उठता था। उन्होंने अनगिनत बेटियों को यह विश्वास दिया कि प्रतिभा यदि साधना से जुड़ जाए तो गांव की पगडंडी से निकलकर विश्व के सबसे बड़े मंच तक पहुंचा जा सकता है। उनका जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और सृजन का ऐसा उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को निरंतर दिशा देता रहेगा।



जब भी मैं उन्हें मंच पर देखती थी, ऐसा लगता था मानो वे स्वयं महाभारत की आत्मा को स्वर और अभिव्यक्ति दे रही हों। उनकी कला में लोक की सादगी, भारतीय संस्कृति की गरिमा और साधना की ऊंचाईयां एक साथ दिखाई देती थीं। वे केवल एक कलाकार नहीं थीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना की जीवंत प्रतीक थीं। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का जब भी इतिहास लिखा जाएगा, उसमें तीजन बाई जी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने पंडवानी को केवल एक लोककला नहीं रहने दिया, बल्कि उसे छत्तीसगढ़ की अस्मिता, छत्तीसगढ़ की बोली, छत्तीसगढ़ की मिट्टी और हमारी सांस्कृतिक चेतना की पहचान बना दिया। उनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं थीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव थीं। जब-जब वे विश्व के किसी मंच पर गूंजी, तब-तब ऐसा लगा कि छत्तीसगढ़ की माटी स्वयं अपनी कथा सुना रही है। उनके जीवन के अंतिम दिनों की परिस्थितियाँ हम सभी के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय हैं। जिन कलाकारों ने अपना संपूर्ण जीवन भारत की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित कर दिया, उनके सम्मान, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन की जिम्मेदारी भी समाज और व्यवस्था की होनी चाहिए। यही तीजन बाई जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**विश्व क्षमा दिवस आत्मशुद्धि और मानवता का अमृत पर्व**

हर वर्ष 7 जुलाई को विश्व क्षमा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को पुराने मतभेदों, कटु स्मृतियों और वैरभाव को भुलाकर स्वयं तथा दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 1994 में कनाडा में क्राइस्ट्स एंबेसडर्स क्रिश्चियन एंबेसी द्वारा इस दिवस की शुरुआत की गई थी। आज यह दिन केवल किसी एक देश या समुदाय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का संदेश देने वाला अवसर बन चुका है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के बीच क्षमा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाली ऐसी साधना है, जो व्यक्ति के भीतर के अंधकार को समाप्त कर देती है। क्षमा का अर्थ केवल किसी से औपचारिक रूप से यह कह देना नहीं कि 'मैं तुम्हें क्षमा करता हूँ।' – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# चीन ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण


चीन की सेना ने सोमवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में अपनी परमाणु संचालित पनडुब्बी से लंबी दूरी तक प्रहार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। कई देशों ने इसका विरोध करते हुए चिंता व्यक्त की है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, मिसाइल का प्रक्षेपण दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर किया गया और यह एक 'डमी' हथियार से लैस थी। चीन ने करीब दो वर्ष पहले प्रशांत महासागर में मिसाइल परीक्षण किया था, तब एक 'डमी' हथियार से लैस अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। 'शिन्हुआ' की खबर में कहा गया कि यह प्रक्षेपण नियमित वार्षिक प्रशिक्षण का हिस्सा है जो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और यह किसी देश के खिलाफ नहीं था। इस खबर को रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया पर दोबारा साझा किया गया। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इस परीक्षण की आलोचना की। न्यूजीलैंड सरकार ने कहा कि उसे इस नियोजित प्रक्षेपण की जानकारी कुछ घंटे पहले दे दी गई थी और उसने इस पर ध्यान आकर्षित किया कि मिसाइल को दक्षिण प्रशांत महासागर के परमाणु मुक्त क्षेत्र में दागा गया था।



## ऑफ बीट

# चित होकर लेटना 'सदर्न राइट व्हेल' की कोई बीमारी नहीं है

अगर आप साल के इस समय ऑस्ट्रेलिया के किसी भी दक्षिणी तट पर खड़े हों, तो हो सकता है कि आपको छिछले पानी में तैरती हुई 'सदर्न राइट व्हेल' (यूबेलेना ऑस्ट्रैलिस) देखने को मिल जाए। समुद्र के ये विशालकाय जीव प्रजनन करने, बच्चे को जन्म देने और आराम करने के लिए दक्षिणी महासागर और अंटार्कटिका से यहां आते हैं। अगर आप सच में खुश किस्मत हों, तो हो सकता है कि आप उनमें से किसी एक को चित (उल्टा) होकर आराम करते हुए भी देख लें। पहली नज़र में, यह हैरान कर देने वाला व्यवहार– जो अन्य बड़ी व्हेल मछलियों में नहीं देखा गया है– आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि यह जीव बीमार या घायल है। वास्तव में , यह एक स्वस्थ मां का संकेत हो सकता है, जो अपनी जिदगी के सबसे ज्यादा ऊर्जा की मांग वाले दौर में अपनी ऊर्जा के भंडार को सावधानी से संभाल रही है। संतुलित करने की कोशिश सदर्न राइट व्हेल छह हजार किलोमीटर से भी ज़्यादा लंबी दूरी तय करती हैं। यह दूरी पर्थ से सिडनी और वापस आने की दूरी के बराबर है। अगर यह दूरी आपको मुश्किल भरी नहीं लगती, तो जान लें कि ऑस्ट्रेलिया में बच्चे को जन्म देने वाली जगहों पर 'सदर्न राइट व्हेल' कुछ भी खाती–पीती नहीं हैं।



## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता पर अडिग रहे मुखर्जी



आज हमारा देश महान दूरदर्शी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर रहा है। हमने अनुच्छेद 370 हटाकर उनका सपना पूरा किया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के पक्षधर थे और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहे। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### कहां है पासपोर्ट की ताकत



मोदी सरकार की नीतियां भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में दावा किया था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को जानते हैं। वह 'ताकत' आखिर दिखाई कहां देती है? **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### एसआईआर पर आपत्तियां



निर्वाचन आयोग जिस तरह से एसआईआर कर रहा है, उसे लेकर हमारी भी आपत्तियां हैं। हमने मामले को अदालत में उठाया है। हमारी सरकार का कोई भी व्यक्ति एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं। **-डी. के. शिवकुमार,** सीएम कर्नाटक

### एमपी में इसी माह यूसीसी



एमपी में इसी महीने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आएगा। हिंदू एक शादी करता है और सात फेरे लेता है, तो सभी के लिए ऐसा ही कानून होना चाहिए। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। वह फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ है। **-डॉ. मोहन यादव,** सीएम एमपी

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे

# शाह बोले- पीएम मोदी के फैसले से आंदोलन को मिला नया जीवन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे होने के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय को केंद्र सरकार में प्रस्तावित करने का काम किया था। सभी सहकारिता सदस्यों की ओर से पीएम का धन्यवाद करना चाहूंगा। पीएम के इस फैसले ने सहकारिता आंदोलन को नए चरण में ले जाने का काम किया है। 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे को जाना गया। लेकिन, पीएम ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता क्षेत्र को नया प्राण देने का काम किया है।

अमित शाह ने कहा कि 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे का माना गया। लेकिन, पीएम ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है

**55** हजार समितियां गांव में सेवा का केंद्र बनीं

**3,000** करोड़ से पैक्स को कंप्यूटराइज किया

## हम राज्य सरकार के काम में दखल नहीं दे रहे, उनकी मदद कर रहे



केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह कई योजनाओं का शुभारंभ करते हुए

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया जा रहा था, तब कई लोग इसका विरोध कर रहे थे। विरोधियों का कहना था कि सहकारिता मंत्रालय राज्य का विषय है। आज जब हमारा मंत्रालय पांच साल पूरा कर चुका है तो आज तक किसी भी विरोधी दल ने कोई विरोध नहीं किया। सहकारिता मंत्रालय ने यह साबित कर दिया है कि हम राज्य सरकार के काम में दखल देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी मदद के लिए हैं।

### सभी पीएसी अब एक मॉडल बायलॉज में काम कर रहीं

अमित शाह ने कहा कि पूरे देश की प्राथमिक कृषि साख समित (पीएसी) अब एक ही मॉडल बायलॉज के तहत काम कर रही हैं। 300 विभिन्न गतिविधियों को 55,000 पैक्स के माध्यम से हम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाएं दे रहे हैं। 39,000 पैक्स किसान समृद्धि केंद्र बन चुके हैं। 600 से अधिक पैक्स जन औषधि केंद्र बन चुके हैं। 75 पैक्स पेट्रोल और डीजल के खुदरा आउटलेट चला रहे हैं। 118 पैक्स जल आपूर्ति योजनाओं का रखरखाव कर रहे हैं। भारत सरकार ने 3,000 करोड़ रुपए खर्च करके पैक्स को कंप्यूटराइज करने का काम किया है।

### जैविक डीएपी से खेतों को होगा लाभ

शाह ने कहा कि हम शुगर और डेयरी क्षेत्र में 100% सर्कुलर इकोनॉमी ला रहे हैं। इसके माध्यम से डीएपी का विकल्प बनने वाला खाद तैयार होगा। यह देसी खाद डीएपी से सस्ता और गुणवत्ता में बेहतर होगा, जो खेतों को अधिक लाभ पहुंचाएगा। लगभग 20% कृषि ऋण, 35% उर्वरक वितरण, 31% चीनी उत्पादन आज सहकारिता के माध्यम से हो रहा है। सभी राज्यों के डेयरी फेडरेशनों से आग्रह करता हूं कि अगले दो वर्षों में दूध देने वाले किसानों की संख्या में कम से कम 35% की वृद्धि का लक्ष्य रखें।

### किसानों को शुद्ध बीज मिलेंगे

अमित शाह ने कहा कि बीज उत्पादन के क्षेत्र में हमने जो राष्ट्रीय सहकारी समिति स्थापित की है, वह आने वाले तीन वर्षों में भारत की सबसे बड़ी गैर-सरकारी बीज उत्पादन संस्था बनकर उभरेगी। इसके माध्यम से तीन उद्देश्यों पर कार्य किया जा रहा है: पहला- किसानों को शुद्ध एवं मिलावट-मुक्त बीज उपलब्ध कराना, दूसरा- अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत बीज किस्मों का विकास और वितरण और तीसरा- भारतीय पारंपरिक बीजों का संरक्षण।

## खबर संक्षेप

### अदालत ने आरोपी निदा खान को जमानत दी



**नासिक।** नासिक की एक अदालत ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की कर्मचारी निदा खान को यहां स्थित कंपनी की शाखा में कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामलों में से एक में सोमवार को जमानत दे दी। उसे गिरफ्तारी के करीब दो महीने बाद यह राहत मिली है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केजी जोशी ने निदा खान को जमानत दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारी करूर भगदड़ की याचिका



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के चर्चित करूर भगदड़ मामले में सीएम विजय थलापति की सरकार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विपक्षी दल डीएमके की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग स्वीकार कर ली है। अब इस मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी। डीएमके के आरएस भारती ने याचिका लगाई थी।

### हादसे में सिपाही और ट्रक चालक की मौत



**कानपुर।** कानपुर के बर्रा इलाके में हुए हादसे में यातायात पुलिस में तैनात एक सिपाही और ट्रक चालक की मौत हो गई तथा एक अन्य कांस्टेबल गम्भीर रूप से घायल हो गया। अपर पुलिस आयुक्त विपिन ताडा ने जब दोनों पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल से बर्रा मार्ग पर पहुंचे तभी ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

### ताजमहल में मंदिर पर हाईकोर्ट ने जवाब मांगा



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 6 जुलाई को ताजमहल परिसर में तेजो महालय मंदिर होने के दावे से मामले में सर्वे के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की मांग में दाखिल याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है।

भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से लेकर भरतनाट्यम और कठपुतली के जरिए रामायण की प्रस्तुति का लिया आनंद

# जकार्ता में मोदी-मोदी के नारों के साथ भारतीयों के शानदार स्वागत से अभिभूत हुए प्रधानमंत्री

बोले, अपनी उपलब्धियों के जरिए विश्व के साथ देश के बंधन को मजबूत बनाने में प्रवासियों की अहम योगदान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में सोमवार को हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत हर मायने में अद्भुत कहा जा सकता है। जिसकी शुरुआत पीएम के विमान की इंडोनेशिया की हवाई सीमा में प्रवेश के साथ हुई। जहां इंडोनेशिया के लड़ाकू विमानों ने उनके विमान को आसमान में सुरक्षा घेरा यानी एस्कॉर्ट प्रदान किया। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने स्वयं पहुंचकर पीएम मोदी की अगवानी की। जिसके बाद होटल पहुंचने पर वहां पहले से ही बड़ी तादाद में मौजूद प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री का बेहद गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कक्ष में चारों ओर भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे गूंजने लगे। अपनी कुछ एक्स पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री ने यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि पीएम मोदी की इंडोनेशिया का कार्यक्रम 6 से 8 जुलाई तक रहेगा। जिसमें वह आगामी समय में राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। इसके अलावा कई अन्य कार्यक्रमों में भी वह शिरकत करेंगे।



### देश की प्रगति में प्रवासियों की गहरी निष्ठा

इंडोनेशिया में भारतीयों की कुल अनुमानित संख्या 1.4 लाख है। उनके जोरदार स्वागत को लेकर प्रधानमंत्री काफी अभिभूत नजर आए और उन्होंने कहा कि प्रवासियों का स्नेह व देश की प्रगति को लेकर उनकी अटूट निष्ठा हकीकत में प्रेरणादायक है। भारत का प्रवासी समुदाय अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों के जरिए दुनिया के साथ हमारे देश के बंधनों को सशक्त बनाने में लगे हुए हैं।

### यूं जीवंत हुई बुद्ध की शिक्षाएं

एक अन्य एक्स पोस्ट में पीएम ने विहार धर्म रत्न समूह के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत, त्रिरत्न को श्रद्धांजलि का उल्लेख किया। जिसमें समूह ने भगवान बुद्ध की कालातीत शिक्षाओं और त्रिरत्न में शामिल उनके गहन मूल्यों को प्रतिबिंबित किया था। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि इंडोनेशिया के लोगों द्वारा बौद्ध धरोहर की इस समृद्ध विरासत को बेहद उत्साह के साथ संरक्षित करने के अलावा यूं मनाए जाने के रूप में देखना ह्दयस्पर्शी है। राजधानी जकार्ता में ही उन्होंने समन्वया समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया भरतनाट्यम भी देखा। जिसे लेकर पीएम ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि इन परंपराओं को भारत के इस मित्र देश में बेहद निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ संरक्षित और प्रस्तुत किया जा रहा है।

### कठपुतली के जरिए देखी रामायण

एक पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया की अनमोल छाया कठपुतली परंपरा वायंग कुलिट का जिक्र किया और बताया कि यह एक आकर्षक प्रदर्शन था। जिसे मैंने देखा है। इसमें रामायण की कालातीत कहानी को जीवंत किया गया। मेरे लिए यह एक मार्मिक याद दिलाने वाला पल था। जिसमें साफ-साफ यह नजर आ रहा था कि हमारी यह साझा सभ्यतागत विरासत कैसे समुद्रों और पीढ़ियों के पार यात्रा करती है? साथ ही अपने शाश्वत मूल्यों को संजोए हुए स्थानीय रूपों में सुंदर अभिव्यक्ति ग्रहण करती हुई नजर आती है। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शन में शामिल गणेश नाम की टीम को प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

भारत में ईरान के दूतावास ने एक्स पर पोस्ट के जरिए दी है यह प्रतिक्रिया

# खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल हुए भारतीय दल के प्रति ईरान ने जताया आभार



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बीते दिनों ईरान गए भारत सरकार के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से लेकर समाज के अन्य प्रतिनिधियों की भागीदारी की तेहरान ने सराहना की है। साथ ही इसके लिए भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी नई दिल्ली में मौजूद ईरान के दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी है। जिसमें बताया कि भारत के समूचे प्रतिनिधिमंडल की ईरान के शहीद नेता अयातुल्ला खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोहों में भाग लेने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हार्दिक कृतज्ञता और सच्ची प्रशंसा व्यक्त करता है। ज्ञात हो कि खामेनेई की इसी साल अमेरिका, इजरायल के संयुक्त हवाई हमले में 28 फरवरी को मौत हो गई थी। जिसके बाद कई कारणों की वजह से लगातार उनका अंतिम संस्कार नहीं हो सका था। ईरान ने अब इसके लिए 4 से 9 जुलाई का वक्त तय किया है। जिसके लिए ईरानी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था। पीएम अपनी पहले से तय विदेश यात्रा की वजह से इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई। जबकि भारत की तरफ से सर्वोच्च ईरानी नेता के अंतिम संस्कार में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने शिरकत की थी। इनके अलावा कांग्रेस, पीडीपी सहित कुछ धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी व्यक्तिगत रूप इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### प्रतिबिंबित हुए ऐतिहासिक संबंध

इन गंभीर समारोहों में राजनीतिक नेताओं, सांसदों, प्रसिद्ध विद्वानों, भारत के विभिन्न संप्रदायों और धार्मिक समुदायों के नेताओं की सम्मानित उपस्थिति ने हमारे दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और मानवीय बंधनों को प्रतिबिंबित किया है। जो कि ईरान के लोगों के प्रति राष्ट्रीय शोक के इस समय पर पारस्परिक सम्मान और सच्ची एकजुटता का एक मजबूत अभिव्यक्ति थी। ईरान के लोग इस मित्रता, करुणा तथा हार्दिक सम्मान के इशारे को कभी नहीं भूलेंगे। हम इसे भारत, ईरान के बीच लंबे वक्त से चली आ रही मित्रता को और अधिक मजबूत करने के लिए एक मूल्यवान आधार मानते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का मोदी सरकार पर हमला

# कहा- भारत की वैश्विक साख को नुकसान पहुंचा रही हैं नीतियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार की विदेश, पर्यटन और पासपोर्ट संबंधी नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में भारतीय पासपोर्ट की बढ़ती ताकत और सम्मान का दावा किया था, लेकिन वर्तमान स्थिति उस दावे के विपरीत दिखाई देती है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 में कहा था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को महसूस करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ऐसा है, तो यह ताकत वैश्विक रैंकिंग में क्यों दिखाई नहीं देती?



### वैश्विक मानकों पर पिछड़ता भारत

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के हवाले से एक वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में भारत वर्ष 2013 में 74वें स्थान से जून 2026 में 80वें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं, ग्लोबल सिटिजन सॉल्यूशंस की एक अन्य वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में भारत को वर्ष 2026 में 125वां स्थान दिया गया है।

### पासपोर्ट बनाना हुआ और महंगा

खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार ने सेवाओं में सुधार करने के बजाय पासपोर्ट बनवाना और महंगा कर दिया है। उनके अनुसार सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 से बढ़ाकर 2,500 कर दी गई है, जबकि तत्काल पासपोर्ट सेवा का शुल्क बढ़ाकर 5,000 कर दिया गया है।

### घट रहे हैं विदेशी पर्यटक

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या अभी तक कोविड-19 महामारी से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2019 में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या 1.093 करोड़ थी, जो वर्ष 2024 में घटकर 99.5 लाख रह गई। क्या सरकार इस कमी को छिपाने के लिए अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के आगमन के आंकड़ों को विदेशी पर्यटकों के आंकड़ों के साथ जोड़कर पेश कर रही है। खड़गे ने भारत की आधिकारिक वीजा आवेदन वेबसाइट की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश की वीजा आवेदन प्रणाली आज भी पुरानी और जटिल प्रतीत होती है तथा यह आधुनिक भारत की छवि के अनुरूप नहीं है। 'अतिथि देवो भव' की भावना वाले देश में विदेशी पर्यटकों के लिए बेहतर और सरल डिजिटल व्यवस्था होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि भारतीय पासपोर्ट की वैश्विक स्थिति कमजोर हुई है, विदेशी पर्यटन अभी तक पूरी तरह नहीं संभला है, वीजा सेवाएं संतोषजनक नहीं हैं और नागरिकों से अधिक शुल्क लिया जा रहा है, तो सरकार जिस वैश्विक सम्मान का दावा करती है, वह आखिर दिखाई कहां देता है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

# हरियाणा में 24 घंटे तक वेंटिलेटर न मिलने के कारण एक नवजात शिशु की मौत की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया

आयोग ने हरियाणा के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी

हिसार और रोहतक जिलों के तीन अस्पतालों में ले जाने के बावजूद नहीं मिला था वेंटिलेटर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिसके अनुसार हरियाणा के हिसार और रोहतक के अस्पतालों में लगभग 24 घंटे तक वेंटिलेटर सपोर्ट न मिलने के कारण एक नवजात शिशु की मौत हो गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, नवजात के पिता ने अपने बच्चे के लिए वेंटिलेटर सपोर्ट जुटाने के लिए हिसार और रोहतक जिलों के एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल के चक्कर काटे, लेकिन वे सफल नहीं सके, जिसके परिणामस्वरूप शिशु की मृत्यु हो गई। आयोग ने टिप्पणी की कि समाचार रिपोर्टों की सामग्री, यदि सच है, तो ये मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे उठाती है। इसलिए आयोग ने हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। 3 जुलाई 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस शिशु का जन्म 1 जुलाई 2026 को हिसार के सिविल अस्पताल में सीज़ेरियन ऑपरेशन के जरिये हुआ था और उसे तुरंत वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता थी। जबकि उसकी मां सिविल अस्पताल में भर्ती रही, डॉक्टरों ने शुरूआत में नवजात शिशु को हिसार जिले के अग्रोहा स्थित मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

हालांकि, जब सिविल अस्पताल ने कथित तौर पर इस बात की पुष्टि की कि अग्रोहा में भी कोई वेंटिलेटर उपलब्ध नहीं है, बच्चे को रोहतक के पीजीआईएमएस रेफर कर दिया गया। पीजीआईएमएस में भी वेंटिलेटर न मिलने पर बच्चे को वापस हिसार लाया गया और एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

12 लाख की रिश्वत मांगने के आरोप में

# एनएचएआई शिलांग के प्रोजेक्ट डायरेक्टर समेत 3 गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने रिश्वतखोरी के एक मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के शिलांग स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आनंद सिंह चौहान तथा दो निजी व्यक्ति पुनीत अग्रवाल और मनीष अग्रवाल शामिल हैं। सीबीआई ने 1 जुलाई को एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एनएचएआई, शिलांग के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आनंद सिंह चौहान ने शिकायतकर्ता के लगभग 13.38 करोड़ के लंबित बिल को आगे बढ़ाने और उसका निस्तारण करने के बदले 12 लाख रिश्वत की मांग की थी। जांच के दौरान आरोप सामने आया कि आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम में से 4 लाख अग्रिम देने के निर्देश दिए। अधिकारी ने यह राशि गुवाहाटी में एक निजी व्यक्ति को सौंपने के लिए कहा। बाद में उस व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को यह रकम गुवाहाटी के ही एक अन्य निजी व्यक्ति को देने का निर्देश दिया। शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और गुवाहाटी में एक निजी व्यक्ति को शिकायतकर्ता से 4 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आनंद सिंह चौहान तथा दोनों निजी व्यक्तियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

एनएसयूआई में आंतरिक चुनाव कराने के लिए कांग्रेस ने केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण का गठन किया

# शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के सुझावों के आधार पर एजुकेशन चार्टर बनाएगी कांग्रेस- कन्हैया कुमार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने देशभर में संगठनात्मक ढांचे को लोकतांत्रिक आधार पर मजबूत करने के लिए आंतरिक चुनाव कराने की घोषणा की है। एनएसयूआई में आंतरिक चुनाव कराने के लिए कांग्रेस नेतृत्व ने केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण का गठन किया है, जिसकी देखरेख में पूरे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित होंगे। कांग्रेस कार्यालय में एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बताया कि अब कॉलेज, विश्वविद्यालय से लेकर जिला और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों एवं समितियों का चयन आंतरिक चुनाव के दो चरणों में होगा। पहले चरण में कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यक्षों और समितियों का चुनाव कराया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में जिला और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों तथा समितियों का गठन होगा। इस दौरान केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के सदस्य किरण मुगबासाव, के.के. शास्त्री और निशांत मंडल भी मौजूद थे। सदस्यता और चुनाव लड़ने के लिए भारतीय नागरिक व भारत के संविधान में आस्था रखने वाला 16 से 27 वर्ष के बीच आयु का छात्र होना चाहिए। सदस्यता लेने के लिए छात्र के पास कॉलेज आईडी और आधार कार्ड होना अनिवार्य है। तीन साल के लिए 45 रुपये सदस्यता शुल्क तय किया गया है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन और ऐप आधारित होगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। जिला व प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाला व्यक्ति पहले कॉलेज या विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यक्ष होना चाहिए।

एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने भाजपा-आरएसएस को घेरते हुए आरोप लगाया कि देश की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है, शैक्षणिक संस्थाएं बर्बाद की जा रही हैं। पूरे देश में छात्रसंघ चुनाव बंद किए गए हैं, जिससे कॉलेज और विश्वविद्यालय परिसरों में भाजपा-आरएसएस के लोग अपनी तानाशाही कायम रख सकें। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को लगातार दिए जा रहे एक्सटेंशन पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि अगर कोई छात्र अपनी आवाज उठाता है, तो उसे मुकदमों की धमकी दी जाती है, जबकि विशेष विचारधारा के लोगों को शिक्षण संस्थानों में उच्च पदों पर लाया जा रहा है। इसी वजह से एनएसयूआई अब अपने संगठनात्मक चुनाव शुरू कर रही है। एनएसयूआई लोकतांत्रिक तरीके से हर कॉलेज और विश्वविद्यालय में अपनी इकाइयां बनाएगी और छात्रों को आवाज उठाने का अवसर देगी।

भारत में 8.5 लाख सहकारी संस्थाओं के 30 करोड़ से अधिक सदस्य

### सहकारी मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस पर बोले शाह

# 'भारत टैक्सी' की तर्ज पर नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी बनेगी: अमित शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घोषणा की कि सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ाने के लिए एक सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि 'भारत टैक्सी' की सेवाओं का विस्तार अगले दो साल में 500 शहरों तक किया जाएगा**

राष्ट्रीय राजधानी में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भारत के सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए पेशेवरों की नियुक्तियों में भ्रष्टाचार समाप्त करने पर जोर दिया। भारत में लगभग 8.5 लाख सहकारी संस्थाएं हैं, जिनके 30 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।

### भारत टैक्सी का विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा

मंत्री ने मंत्रालय की ओर से उठाए गए कदमों का उल्लेख किया, जिनमें सहकारी तंत्र में पारदर्शिता और पेशेवर व्यवस्था लाने के प्रयास शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारी मॉडल के तहत शुरू की गई कैब सेवा से जुड़े मंच 'भारत टैक्सी' का प्रदर्शन अच्छा रहा है और अगले दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा।

### इफको-टोकियो पहले से बीमा कारोबार में

सहकारिता मंत्री ने कहा, भारत टैक्सी' की तर्ज पर हम सहकारी क्षेत्र में एक जीवन बीमा कंपनी स्थापित करेंगे। इससे बीमा क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं के विकास में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा कि उर्वरक क्षेत्र की सहकारी संस्था इफको का संयुक्त उद्यम इफको-टोकियो पहले से ही बीमा कारोबार में है। भारत में वर्तमान में 26 जीवन बीमा कंपनियां हैं।

### 54,000 से अधिक पैक्स कार्य कर रहे

मंत्री ने कहा कि सहकारी संस्थाओं ने डेयरी, चीनी, उर्वरक और बैंकिंग जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ते हुए कई नए क्षेत्रों में भी प्रवेश किया है। कुल 394 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) ने खुदरा ईंधन बिक्री केंद्र के लिए आवेदन किया है, जिनमें से तीन चालू हो चुके हैं। 54,000 से अधिक पैक्स साझा सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में कार्य कर रहे हैं।



- सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ेगा
- सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलेगी

### भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक

'भारत टैक्सी' सहकारिता मॉडल पर आधारित चालक-केंद्रित परिवहन मंच सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड की एक पहल है। वर्तमान में भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक और 35.77 लाख पंजीकृत ग्राहक जुड़े हुए हैं।

### बीज उत्पादन के लिए राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन

अगले कुछ महीनों में इसे रांची, पटना, गुवाहाटी, भोपाल, कोलकाता, इंदौर और नागपुर में भी शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि विशेष रूप से बीज उत्पादन के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अगले तीन वर्षों में देश की सबसे बड़ी गैर-सरकारी बीज उत्पादन संस्था बनकर उभरेगी।

### सहकारी क्षेत्र का डेटाबेस तैयार

*शाह ने कहा कि मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र का एक 'डेटाबेस' तैयार किया है, जिससे देश में सहकारी संस्थाओं के विस्तार में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि गुजरात के आणंद में क्षमता निर्माण के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है, जो मानव संसाधन की समस्या से निपटेगा। मंत्री ने विश्वास जताया कि सहकारी क्षेत्र वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।*

### केंद्र का राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं

*केंद्रीय मंत्रालय पर राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप करने की आशंका जताए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस शासित राज्यों ने भी यह शिकायत नहीं की कि केंद्रीय मंत्रालय ने उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप किया है। शाह ने कहा, '' केंद्रीय मंत्रालय का उद्देश्य राज्यों के विषयों में हस्तक्षेप करना नहीं है। इसका उद्देश्य नीतियां बनाना है।''*

## शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी सेंसेक्स दो माह के शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



दिग्गज बैंक शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार दो माह के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया। लगातार चौथे सत्र की बढ़त के दौरान सेंसेक्स में 521 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 160 अंक चढ़ गया।

विदेशी निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 521.16 अंक की बढ़त के साथ 78,285.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 634.15 अंक चढ़कर 78,398.06 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 159.50 अंक बढ़कर 24,430.35 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल 1,806.4 अंक यानी 2.36 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 564.6 अंक यानी 2.36 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है।

## चांदी 5000 रुपये लुढ़की, सोना भी टूटा



- सोना टूटकर 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया
- चांदी की चार दिन की तेजी थमी, 2,40,000 रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 150 रुपये टूटकर 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। वहीं चांदी 5,000 रुपये के नुकसान में रही। वैश्विक स्तर पर सुस्ती के रुख और मजबूत डॉलर के कारण कारोबारियों ने कीमती धातुओं में अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे सर्राफा कीमतों में गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की चार दिन की तेजी थम गई और यह शुक्रवार के 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 5,000 रुपये टूटकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।बाजार एक दायरे में रहा क्योंकि निवेशकों ने मजबूत डॉलर और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति से जुड़ी उम्मीदों के बीच पश्चिम एशिया में बने भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच संतुलन बनाया।

**PUBLIC NOTICE**

I, ASHOK FARMA (Aadhar card number-541296243791) S/o SH. NARINDER PAL FARMA R/o E-76, GALI No.6, SOUTH ANARKALI, KRISHNA NAGAR, DELHI-110051, do hereby solemnly affirm and inform That my above mentioned name and address are true and correct.That I was married to Smt. Savita and blessed with 2 daughters namely, Gunjan @ Mona @ Manpreet kaur (elder daughter) and Priya (younger daughter). I do hereby disowned my Wife Smt. Savita and Daughters Gunjan @ Mona @ Manpreet kaur (elder daughter) and Priya (younger daughter) from all my moveable and immoveable properties and have reserved all our relations with them as they are disobedient, disrespectful, and out of control and misbehaviour and other some unavoidable circumstances arises by them. Anyone dealing with them will do so at their own risk and cost, I will not be responsible for their any act or deeds as I have no relation with them.That it is my true and correct statement.

Ashok Farma

## खबर संक्षेप

### रुपया 20 पैसे टूटकर 95.38 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को 20 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.38 पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.25 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 95.22 से 95.48 के दायरे में रहा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मार्केट न्यूज

### फिल्म 'नागबंधम – द सीक्रेट ट्रेज़र' खोल रही है प्राचीन रहस्यों के द्वार, डा. ऑर्थो दे रहा दर्द से राहत का भरोसा

**फिल्म 'नागबंधम' व आयुर्वेदिक 'डा. ऑर्थो' की विशेष ब्रांड साझेदार**




**चंडीगढ़।** अभिषेक नामा और श्रवण कुमार तडका के निर्देशन में बनी फिल्म 'नागबंधम - द सीक्रेट ट्रेजर' प्राचीन भगवान विष्णु मंदिरों से जुड़े अनसुलझे रहस्यों और 'नागबंधम' नामक प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा की रोचक यात्रा को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करती है। जिसमें विराट कर्णा, नभा नटेश और ईश्वर्या मेनन मुख्य भूमिकाओं में हैं। एक शूट के दौरान विराट और नभा कहते हैं कि जैसे खजाने का रक्षक उसकी रक्षा के लिए हर जंग लड़ता है, वैसे ही डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक ऑयल लड़ता है जोड़ों के हर दर्द से। क्योंकि सेहत से बड़ा कोई खज़ाना नहीं। वहीं, फिल्म की सफलता की कामना करते हुए एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने कहा कि भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहर को दुनिया के सामने लाने वाली फिल्में समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं। इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि डा. ऑर्थो तेल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा है। आज भारतवर्ष में लगभग हर घर में डा. ऑर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट अवश्य मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है। इतना ही नहीं, डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल के साथ-साथ, स्ट्रांग तेल, कैप्सूल, आइंटमेंट, बाम, स्प्रे, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर, प्रीमियम सर्वाइकल पिल्लो, मैटरस आदि भी बाजार में उपलब्ध है।

### लेजर पावर एंड इंफ्रा का आईपीओ नौ को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एकीकृत बिजली केबल एवं विद्युत पारेषण उत्पाद बनाने वाली लेजर पावर एंड इंफ्रा लिमिटेड (एलपीआईएल) ने अपने 742 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 203-214 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ नौ जुलाई को खुलेगा और 13 जुलाई को बंद होगा।

### प्लास्टो टैंक्स एंड पाइप्स प्रा. लि. ने लॉन्च किया एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक




**नागपुर।** आर. सी. प्लास्टो टैंक्स एंड पाइप्स प्रा. लि., जो भारत में उच्च गुणवत्ता वाले वॉटर टैंक्स, पाइप्स एवं प्लास्टिक उत्पादों का अग्रणी ब्रांड है, ने अपने ग्राहकों के लिए एक अत्याधुनिक और अभिनव उत्पाद प्लास्टो एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक₹ लॉन्च किया है। यह टैंक आधुनिक तकनीक से लैस है, जो पानी की स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ टैंक की सफाई की परेशानी को भी काफी हद तक कम करता है। आज अधिकांश घरों में वॉटर टैंक की सफाई एक बड़ी चुनौती है। समय की कमी, ऊंचाई पर लगे टैंक तक पहुंचने में कठिनाई और नियमित सफाई न होने के कारण टैंक में मिट्टी, धूल, कचरा और अन्य अशुद्धियां जमा हो जाती हैं। इससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्लास्टो ने विकसित किया है एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक। इसमें मौजूद सेल्फ क्लीनिंग टेक्नोलॉजी पानी के पावरफूल फ्लो के माध्यम से टैंक के तल पर जमा गंदगी, कचरा और अन्य अशुद्धियों को बाहर निकालने में मदद करती है। इससे टैंक लंबे समय तक साफ रहता है और पानी अधिक स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहता है। यह टैंक मल्टी-लेयर टेक्नोलॉजी से निर्मित है, जो इसे अधिक मजबूत, टिकाऊ और लंबे समय तक उपयोग के योग्य बनाती है।

### सीएम ने भोपाल में औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सतगढ़ी इलाके में एक औद्योगिक पार्क का भूमि-पूजन किया और कहा कि इसे देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक रहे मुखर्जी की जयंती के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 173 एकड़ में बनने वाला इस औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी। यह पार्क भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया आधार बनेगा।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर तस्वीर का अनावरण किया



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। इस मौके पर एक खास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उनकी तस्वीर का अनावरण किया गया और एक स्मृति व्याख्यान श्रृंखला के ज़रिए देश के प्रति उनके अहम योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा के माननीय अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता; भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य विनोद तावड़े; और नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की माननीय सांसद बांसुरी स्वराज शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के चेयरमैन डॉ. सुमित भसीन और महानिदेशक प्रियंका चंद्रा भी मौजूद थीं।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

पत्र सं. 365135 — दिनांक: 06.07.2026

| | |
|---|---|
| शुद्धिपत्र विवरण<br>शुद्धिपत्र संख्या 5 | शुद्धिपत्र प्रकाशन तिथि<br>06.07.2026 |

निविदा विवरण — समापन तिथि/समय 15.07.2026, 15:00
निविदा संख्या 365135 (खुली निविदा)
कार्य का नाम: वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनसेट का व्यापक रखरखाव अनुबंध।

संशोधित मदें एनआईटी हेडर

| फील्ड का नाम | मौजूदा मान | संशोधित मान |
|---|---|---|
| निविदा समापन तिथि और समय | 08.07.2026, 15:00 | 15.07.2026, 15:00 |

2307/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **(1) संदीप पुत्र** भूदेव प्रसाद **पता:** बी–4/61 भारती स्टेट बैंक के पास सुल्तानपुरी, दिल्ली सुल्तानपुरी बाहरी जिला दिल्ली **(2) शेर सिंह पुत्र** महावीर सिंह **पता:** बी–2/217 भारती स्टेट बैंक के पास सुल्तानपुरी दिल्ली सुल्तानपुरी बाहरी जिला दिल्ली **(3) सोनिया पत्नी** परमिंदर **पता:** एफ159 अमन विहार किराड़ी सुलेमान नगर दिल्ली प्रेम नगर रोहिणी, दिल्ली **FIR No: 355/2022, U/S: 33/38/58 D EX.ACT, पुलिस थाना: कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जरी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) संदीप (2) शेर सिंह (3) सोनिया**, मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) संदीप (2) शेर सिंह (3) सोनिया**, फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) संदीप (2) शेर सिंह (3) सोनिया, FIR No: 355/2022, U/S: 33/38/58 D EX.ACT, पुलिस थाना: कंझावला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अपूर्व भारद्वाज
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
उत्तर–पश्चिम, कमरा नंबर 113, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8394/RD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **क्वाकये इसाक पता: मकान नं. 70/01, प्रथम तल, बायीं तरफ, मेन मार्केट रोड, अमृतपुरी, गढ़ी, अमर कॉलोनी, दिल्ली** ने case **FIR No. 581/2025 U/s 21/61/85 NDPS Act, थाना: अमर कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **क्वाकये इसाक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **क्वाकये इसाक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 581/2025 U/s 21/61/85 NDPS Act, थाना: अमर कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **क्वाकये इसाक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.08.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री हनी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस)
दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नं 312
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/9029/SE/2026 (Court Matter)

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## परिवर्तनकारी सामाजिक कार्य एवं भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए अच्युत सामंत को एएपीआई सम्मान




**भुवनेश्वर।** प्रख्यात शिक्षाविद्, समाज सुधारक तथा केआईआईटी, केआईएमएस और केआईएसएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) द्वारा ट्रांसफॉर्मेशनल सोशल वर्क एंड इंडो-यूएस पार्टनरशिप अवॉर्ड₹ से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के टैम्पा शहर में आयोजित ऐपीकॉन 2026 के वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 2 से 5 जुलाई तक आयोजित ऐपीकॉन 2026 एवं एएपीआई के 44वें कांग्रेस के दौरान डॉ. सामंत को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्य, दूरदर्शी परोपकार, परिवर्तनकारी मानवीय पहलों, ग्लोबल हेल्थ समिट 2026 के दौरान एएपीआई को दिए गए उनके अनुकरणीय सहयोग तथा भारत-अमेरिका साझेदारी को सुदृढ़ बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान एएपीआई के अध्यक्ष डॉ. अमित चक्रवर्ती ने लगभग 3,000 चिकित्सकों की उपस्थिति में डॉ. सामंत को प्रदान किया। एसोसिएशन ने डॉ. सामंत के आजीवन सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण तथा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और मानवीय पहलों के माध्यम से वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए उनके अटूट प्रयासों की भी सराहना की। एएपीआई अमेरिका में भारतीय मूल के चिकित्सकों का सबसे पुराना और सबसे बड़ा संगठन है, जो 1.20 लाख से अधिक भारतीय मूल के डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करता है। इसके सदस्य पूरे अमेरिका में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और इस वर्ष के सम्मेलन में 3,000 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। 4 जुलाई, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस के अवसर के साथ संयोग था, डॉ. सामंत को सम्मेलन के एक विशेष सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ताके रूप में आमंत्रित किया गया।

### हरी झंडी दिखाकर किया तीन ट्रेनों के विस्तार का शुभारंभ

**बरेली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा ने 06 जुलाई, 2026 को टनकपुर, नांदेड एवं पीलीभीत स्टेशन से टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस, नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस तथा टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। समारोह को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नांदेड के धार्मिक महत्व एवं जन भावनाओं को देखते हुए टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस एवं नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेनों के संचलन को स्वीकृति प्रदान की गयी और आज इन गाड़ियों का संचलन प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आज टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार का शुभारंभ किया जा रहा है। भारतीय रेल में ट्रांसमेशन का कार्य तेजी से चल रहा है।

### शब्द पहेली - 6279




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर–4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)–4
6.अनाज, धान–2
7.अवनति–3
8.जीवन तत्व–2
10.पुलिसकर्मी–4
11.भीगा हुआ–2
13.घमंडी,अभिमानी–4
15.दर्शन–3
17.अजदहा,शयालु–4
20.वायु रोग–2
21.दोस्त,सखा–3
23.ख्वाब,स्वप्न–3
25.अपशिष्ट पदार्थ–2
26.जंगल की आग–4
29.पुत्र,लड़का–3
31.पैगंबर,महापुरुष–4
32.राय,वोट–2
34.आफिस,दफ्तर–4
35.वीज,वीर्य–2
37.घर,भवन–3
39.सप्तम–2
40.आक्रमण,हमला–4
41.बलवान,सबल–4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी–2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी–4
3.मौसम,ऋतु–2
4.खोदना–3
5.छुट्टी,अवकाश–2
6.उदास,दुखी–4
7.पंख,पराया–2
9.जहीनता–4
10.आवश्यकता–4
12.अभिमान,गरुर–2
14.अग्नि,अनल–2
16.विदा होना–3
18.कुशल–3
19.फलों का रस–2
21.संगम,मिलना–3
22.वायदा–2
24.हार,मात–4
25.स्वार्थी–4
27.दीवार (अंग्रेजी–2)
28.आदत–4
30.यमराज–2
31.उथल–पुथल–4
33.पदक–3
34.श्रवणेंद्रिय–2
36.जीत,विजय–2
38.छोटी सवारी गाड़ी–2
39.पत्नी की बहन–2

**शब्द पहेली- 6278 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



हालैंड ने दागे शानदार दो गोल, पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराया

# नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में, ब्राजील बाहर

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

एर्लिंग हालैंड ने 80वें मिनट में पहला गोल किया और नियमित समय के समाप्त होने से ठीक पहले एक और गोल दागा, जिससे नॉर्वे ने पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस युवा स्ट्राइकर को मैच में अधिकतर समय गेंद को स्पर्श करने के कम ही मौके मिले लेकिन जब महत्वपूर्ण अवसर पर गेंद उनकी जद में आई तो उन्होंने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर दिखा दिया कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं। हालैंड ने हाफ टाइम के बाद मैदान में उतरे एंड्रियास शेल्डरुप के बेहतरीन पास पर गेंद को अपने दाहिने तरफ से गोल में पहुंचाया। यह छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का विश्व कप में छठा गोल था, जिसका जश्न शेल्डरुप ने उनकी पीठ पर चढ़कर मनाया। शेल्डरुप ने इसके बाद हालैंड के विश्व कप में सातवें गोल करने में भी मदद की और फिर उसी तरह से जश्न मनाया।



### मेस्सी, एमबाप्पे की बराबरी पहुंचे हालैंड

इस गोल से हालैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के मामले में लियोनेल मेस्सी और काइलियन एमबाप्पे की बराबरी कर ली। ब्राजील की तरफ से नेमार ने स्टॉपेज टाइम के अंत में पेनल्टी किक पर गोल किया, जिससे उसकी हार का अंतर ही कम हुआ। हालैंड ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार 14 प्रतिस्पर्धी मैचों में गोल करने का सिलसिला जारी रखा। इस दौरान उन्होंने 27 गोल किए हैं। नॉर्वे के लिए वह 54 मैचों में 62 गोल कर चुके हैं। नॉर्वे की इस जीत में उसके गोलकीपर ओरजान नाइलैंड की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने कुछ शानदार बचाव किए।



## नेमार ने इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा

**ईस्ट रदरफोर्ड।** स्टार स्ट्राइकर नेमार ने ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। नेमार ने कहा, 'मैंने अपनी तरफ से प्रयास किए। इसकी शुरुआत मेटलाइफ स्टेडियम से हुई थी और यहीं पर इसका अंत हुआ। अब यह सब खत्म हो चुका है।' इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 9 अगस्त 2010 को इसी स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ मैत्री मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ बेंच से मैदान में उतरने के बाद अंतिम मिनटों में पेनल्टी किक पर गोल किया। ढदाहिनी पिंडली में चोट के कारण नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से केवल दो में ही खेल पाए। ग्रुप चरण में वह स्कॉटलैंड के खिलाफ सिर्फ 15 मिनट के लिए मैदान पर उतरे थे। एक दशक से अधिक समय तक ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे नेमार हाल के वर्षों में चोटों से जूझते रहे, जिससे वह अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेल पा रहे थे। ब्राज़ील फुटबॉल की जिम्मेदारी अब अगली पीढ़ी संभाल रही है।

### जीत के बाद जश्न में डूबा नॉर्वे

**ईस्ट रदरफोर्ड।** पांच बार के चैंपियन ब्राजील पर 2-1 से मिली जीत में दोनों गोल करने वाले एर्लिंग हालैंड का मन नॉर्वे की गलियों में घूम रहा है, जहां हजारों की तादाद में फुटबॉलप्रेमी साथ में 'वाइकिंग रो' जश्न मना रहे हैं। हालैंड ने इस असाधारण जीत के बाद कहा ,' नॉर्वे की सड़कों को देखो। मैंने पहले ऐसा कभी नहीं देखा। काश मैं ओस्लो में होता और उन लोगों के साथ जश्न मना रहा होता।' लेकिन नॉर्वे फुटबॉल टीम के लिए अच्छा है कि वह अमेरिका में हैं और फीफा विश्व कप में दनादन गोल करके 55 लाख के करीब आबादी वाले अपने देश को जश्न मनाने के मौके लगातार दे रहे हैं। ओस्लो में टाउन हॉल के बाहर चौक पर करीब 50 हजार प्रशंसक मौजूद थे, जिन्होंने गले में नॉर्वे फुटबॉल का स्कार्फ पहन रखा था। नॉर्वे के युवराज हाकॉन रॉयल पैलेस के बाहर प्रशंसकों से मिले और मैच के बाद 'वाइकिंग रो' में भी हिस्सा लिया। अब दुनिया भर में लोकप्रिय हुए 'वाइकिंग रो' में सभी प्रशंसक जमीन पर एक लाइन में बैठ जाते हैं, मानो वे किसी पुरानी 'वाइकिंग लॉन्गबोट' (समुद्री नाव) में बैठे हों। फिर एक लीडर ड्रम बजाना शुरू करता है। ड्रम की बीट के साथ हजारों फैंस एक साथ अपने हाथों से नाव चलाने का एक्शन करते हैं और पूरी ताकत से 'रो!' चिल्लाते हैं।



## इंग्लैंड ने रोका मैक्सिको का अजेय अभियान, अंतिम 16 में बनाई जगह

**मैक्सिको सिटी।** इंग्लैंड की एस्टाडियो एज़्टेका स्टेडियम से कुछ कड़वी यादें जुड़ी थी जबकि मैक्सिको विश्व कप में हमेशा यहां से सुखद अनुभूति के साथ ही लौटा था लेकिन इसका उल्टा हो गया। इंग्लैंड ने मैक्सिको को अंतिम 16 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जूड बेलिंगहैम ने 98 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए और हैरी केन ने पेनल्टी को तब गोल में बदला जब इंग्लैंड 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे इंग्लैंड ने इस स्टेडियम में मैक्सिको को विश्व कप में पहली हार का स्वाद चखाया। इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में नॉर्वे का सामना करेगा। यह वही स्टेडियम है, जहां 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में डियागो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी के सर्वश्रेष्ठ गोल' की बदौलत अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को हराया था।

## खबर संक्षेप



### अदिति ने हासिल किया तीसरा स्थान

**हुलेनकोर्ट।** गोल्फर अदिति अशोक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हुलेनकोर्ट विमेंस ओपन में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि दीक्षा डागर संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में दो-अंडर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर नौ-अंडर 279 रहा। वह स्पेन की विजेता कैरोलिना लोपेज चाकारा से तीन शॉट पीछे रहीं। चाकारा ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 का कार्ड खेलते हुए कुल 12-अंडर 276 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट (एक-ओवर 73) कुल नौ-अंडर के स्कोर के साथ उपविजेता रहीं। अदिति और दीक्षा ने अंतिम दौर की शुरुआत संयुक्त तीसरे स्थान से की थी। तब दोनों का स्कोर पांच-अंडर था और वे बेनेट से पांच स्ट्रोक पीछे थे।

### 16 जुलाई से चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट

**चेन्नई।** विश्व चैंपियन गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 16 से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स के चौथे सत्र में हिस्सा लेंगे। इस 75 लाख रुपए इनामी राशि वाले टूर्नामेंट से महत्वपूर्ण फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे, जो अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे खिलाड़ियों के लिए अहम होंगे। प्रतियोगिता में दो बार के ग्रैंड चेस टूर चैंपियन अलीरेजा फिरोजा, 2026 बुलेट चेस चैंपियन निहाल सरीन, पूर्व कैंडिडेट्स चैलेंजर दिमित्री आंद्रेकिन, अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन और पिछले साल के चैलेंजर्स चैंपियन प्रणेश एम भी खेलते हुए नजर आएंगे। पहली बार टूर्नामेंट में 'ओपनिंग मूव्स फोटोस्लॉट' टिकट पेश किया जाएगा।

विम्बलडन

## ओसाका ने विश्व नंबर-1 सबालेंका को हराया, क्वार्टर फाइनल में एंट्री


एजेंसी ▶▶| लंदन

जापान की नाओमी ओसाका ने विम्बलडन में इस साल के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका को 6-2, 7-6 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मुकाबले से पहले सबालेंका इस वर्ष तीनों भिड़ंतों में ओसाका को हरा चुकी थीं, जिनमें पिछले महीने फ्रेंच ओपन के इसी दौर का मुकाबला भी शामिल था। ओसाका ने मैच के शुरुआती सेट में अपना सब कुछ झोक दिया और उनकी यह रणनीति कारगर रही। ओसाका की तेज और सपाट ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने सबालेंका बेबस नजर आईं।

### ओसाका ने मनाया जीत का उत्सव

ओसाका ने कहा, 'क्ले कोर्ट पर मुझे लगा कि वह लगातार मुझे बैकफुट पर धकेल रही थीं। इस बार मेरी कोशिश थी कि मैं पहले उन पर दबाव बनाऊं।' जीत के बाद ओसाका ने मुट्ठियां लहराकर जश्न मनाया, मुस्कुराईं और रैकेट सिर के ऊपर उठाकर घूमते हुए सेंटर कोर्ट पर अपने करियर की पहली जीत का उत्सव मनाया।



### ओसाका के सामने अब मुचोवा की चुनौती

अंतिम आठ में ओसाका के सामने अब कारोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। मुचोवा ने मौजूदा चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को 7-5, 5-7, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इसके परिणाम के साथ यह भी तय हो गया कि इस बार विम्बलडन महिला एकल में नया चैंपियन मिलेगा। महिला एकल के अन्य मुकाबले में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलिंडा बेनचिच को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना हमवतन जेसिका पेगुला से होगा, जिन्होंने अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी ईवा जोविच को 4-6, 6-3, 6-1 से पराजित किया।

## श्रीलंका के खिलाफ वेस्टइंडीज का पलटवार

दूसरा टेस्ट : शाई होप और ग्रीव्स ने की शानदार साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नार्थ साउंड

कप्तान शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स के बीच पांचवें विकेट के लिए 174 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 318 रन बना लिए। टीम अब भी श्रीलंका के 9 विकेट पर 549 रन पर पारी घोषित स्कोर से 231 रन पीछे है।



### अब तक गिरे सिर्फ 13 विकेट

धीमी रफ्तार से आगे बढ़े दिन के खेल में केवल तीन विकेट गिरे, जबकि कुल 260 रन बने। टेस्ट के पहले तीन दिनों में अब तक सिर्फ 13 विकेट ही गिरे हैं, जो बल्लेबाजों के अनुकूल पिच का संकेत है। स्टंप्स के समय होप 86 और ग्रीव्स 85 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दोनों अपने-अपने टेस्ट करियर के क्रमशः पांचवें और तीसरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही उनकी नजर न्यूजीलैंड के खिलाफ दिसंबर में क्राइस्टचर्च में बनाई गई 196 रन की अपनी सर्वोच्च साझेदारी के रिकॉर्ड पर भी है।

### सीरीज में वेस्टइंडीज 1-0 से आगे

वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में पहले टेस्ट में पारी और 217 रन की बड़ी जीत के बाद 1-0 से आगे है। ऐसे में तीसरे दिन श्रीलंका पर मैच में बढ़त बनाने की जिम्मेदारी थी, लेकिन सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की सपाट पिच पर उसके गेंदबाजों को विकेट हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

## युवा वनडे : भारत का मजबूत स्कोर अन्वय द्रविड़ ने खेली शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| हंबनटोटा

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 67 गेंदों में 87 की शानदार पारी खेली, जिससे भारत अंडर-19 टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे युवा वनडे मैच में सभी विकेट खोकर 285 रन बनाए। भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 81 रन था। अन्वय (नौ चौके और एक छक्का) और अर्जुन राजपूत (76) ने टीम को संकट से उबारा। विकेटकीपर-बल्लेबाज



अन्वय और राजपूत ने पांचवें विकेट के लिए 145 रन जोड़कर भारत को 221 रन तक पहुंचाया। राजपूत के आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अन्वय ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 47 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

## प्रज्ञानानंदा की शानदार वापसी हासिल किया तीसरा स्थान

**जाग्रेब (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के क्रोएशियाई चरण के अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।



फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने 23.5 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के ही मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ 21.5 अंक जुटाकर संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन की शुरुआत जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार के साथ की लेकिन इसके बाद अंतिम आठ बाजियों में छह अंक जुटाकर शानदार वापसी की। उन्हें दूसरी हार हमवतन और मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश के खिलाफ मिली, जबकि उन्होंने टूर्नामेंट विजेता फिरोजा को हराने में सफलता हासिल की। ब्लिट्ज के पहले दिन नौ में से आठ अंक हासिल कर शानदार शुरुआत करने वाले अलीरेजा अंतिम दिन लय बरकरार नहीं रख सके और केवल पांच अंक ही जोड़ पाए। इससे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी कुल 23.5 अंकों के साथ उनकी बराबरी कर ली। इसके बाद खिताब का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। शुरुआती दो मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद 'आर्मागेडन' मुकाबले में काले मोहरों से खेल रहे अलीरेजा ने ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया।

तीसरे टी-20 में आज इंग्लैंड के खिलाफ कांटे का मुकाबला

## टीम इंडिया में बदलाव के संकेत, बिश्नोई हो सकते हैं बाहर

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

ब्रिटेन दौरे पर अब तक जीत का स्वाद चखने में नाकाम रही भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में संयोजन में बदलाव कर सकती है। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम प्रबंधन अतिरिक्त तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर रहा है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह खतरे में दिखाई दे रही है।

### अय्यर की कप्तानी में तीन मुकाबले हारी टीम

अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मुकाबले हार चुका है। इनमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की शर्मनाक श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में टीम के लिए तीसरा टी20 'करो या मरो' जैसा मुकाबला बन गया है। मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 में बिश्नोई पूरी तरह लय से बाहर नजर आए। उन्होंने तीन 'बैक-फुट नो-बॉल' फेंकी और पारी के 17वें ओवर में 29 रन लुटाए। चार ओवर में बिना विकेट लिए 60 रन खर्च करने के बाद उनकी टीम में जगह पर सवाल उठने लगे हैं।



### प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है मौका

विशेषज्ञों का मानना है कि जब अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती पहले से मौजूद थे, तब ओल्ड ट्रैफर्ड की परिस्थितियों में तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर की जरुरत नहीं थी। ट्रेंट ब्रिज की परिस्थितियों को देखते हुए बिश्नोई का अंतिम एकादश में शामिल होना मुश्किल माना जा रहा है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है। स्विंग और पिच से अतिरिक्त हरकत हासिल करने की उनकी क्षमता उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा से बेहतर विकल्प बनाती है, जिनकी 'बैक-ऑफ-द-लेंथ' गेंदें टी20 क्रिकेट में अपेक्षाकृत आसान साबित होती हैं।

### सूर्यवंशी से आक्रामक पारी की उम्मीद

ट्रेंट ब्रिज की बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से एक बार फिर आक्रामक पारी की उम्मीद होगी। उनके साथ शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा भारतीय पारी की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। पिछले छह महीनों से आईपीएल समेत अधिकांश मुकाबले सपाट विकेटों पर खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजी इकाई इंग्लैंड की अतिरिक्त उछाल, गेंद की हरकत और सैम कुरन जैसे गेंदबाजों की विविधताओं के सामने संघर्ष करती दिखी है।

**मैच का समय : रात 10:00 बजे**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास यादव** पताः आरएचएस से पोल नं.6, तृतीय तल, गांव पोचनपुर, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043 ने सीटी केस संख्या 596 / 2022 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत थानाः नजफगढ़, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विकास यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विकास यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी केस संख्या 596 / 2022 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत थाना नजफगढ़, दिल्ली के उक्त विकास यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हरलीन सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
विशेष न्यायलय विद्युत
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली


DP/8041/DW/2026

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## खबर संक्षेप

### श्रीलंका की जेल में खूनी संघर्ष, 25 की मौत



**कोलंबो।** श्रीलंका के नेगोम्बो शहर की एक जेल में ड्रग माफियाओं के दो विरोधी गुटों के बीच भीषण हिंसक झड़प हो गई। इस खूनी संघर्ष में 4 सुरक्षाकर्मियों सहित 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार रात शुरू हुआ यह विवाद सोमवार सुबह तक एक बड़े दंगे में बदल गया। पांच सालों का सबसे घातक जेल दंगा बताया जा रहा है।

### ईयू का चीन को बड़ा झटका सस्ते आयात पर 3 यूरो ड्यूटी



**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ ने चीन समेत अन्य देशों से आने वाले सस्ते सामानों पर मिलने वाली छूट खत्म कर दी है। अब 150 यूरो तक के कम मूल्य वाले ऑनलाइन उत्पादों (बी2सी) पर प्रति डिक्लेरेशन लाइन 3 यूरो की एक समान कस्टम ड्यूटी लगेगी। इसका सीधा असर चीन के ई-कॉमर्स बाजार पर पड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क के कारण ग्राहकों का खर्च बढ़ेगा, टैक्स चोरी रोकने और बाजार में निष्पक्षता लाने के लिए यह अस्थायी नियम 1 जुलाई 2028 तक लागू रहेगा।

### विशाखापट्टनम में होगा भव्य समारोह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर सकते हैं अध्यक्षता

# इस सप्ताह शनिवार को नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल होगा महेंद्रगिरी युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सैन्य सुरक्षा के मामले में अपने दोनों निकटतम प्रतिद्वंदी पड़ोसियों चीन और पाकिस्तान से मिलती साझा चुनौती के दौर में भारतीय नौसेना अपने जंगी बेड़े को हर गुजरते दिन के साथ और अधिक मजबूत बनाने में लगी हुई है। इस कवायद के तहत हालिया समय में कई सैन्य प्लेटफार्म आधिकारिक रूप से नौसेना का हिस्सा बन चुके हैं। अब इसमें स्वदेशी-आधुनिक स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस 'महेंद्रगिरी' (एफ 38) युद्धपोत का नाम भी शामिल होने जा रहा है। जो इस सप्ताह 11 जुलाई (शनिवार) को नौसेना के बेड़े में आधिकारिक रूप से कमीशन किया जाएगा। नौसेना ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। वहीं, सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह महेंद्रगिरी के कमीशन समारोह की अध्यक्षता कर सकते हैं। अभी फिलहाल रक्षा मंत्रालय में उनकी इस यात्रा को लेकर तारीखों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और नौसेना-एमडीएल के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहेंगे। महेंद्रगिरी के नौसेना में शामिल होने से भारत की स्वदेशी पोत निर्माण क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिला है।




### 2025 से अब तक मिले ये 5 युद्धपोत

गौरतलब है कि महेंद्रगिरी नौसेना की प्रोजेक्ट 17-ए परियोजना और नीलगिरी श्रेणी का छठा युद्धपोत है। पूर्व में इसी श्रेणी के पांच युद्धपोत पिछले साल 2025 से लेकर अब तक नौसेना को मिल चुके हैं। जिनमें पांचवां युद्धपोत दूनागिरी कोलकाता में 21 जून को आयोजित किए गए एक समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बल के जंगी बेड़े में कमीशन किया था (दूनागिरी के अलावा संशोधक, अग्रेय जहाज भी कमीशन हुए थे)। इसके अलावा नीलगिरी को 15 जनवरी 2025, हिमगिरी को 26 अगस्त 2026 और तारागिरी को इसी साल 3 अप्रैल को नौसेना में शामिल किया गया है। नीलगिरी श्रेणी के इन तमाम युद्धपोतों को अपनी पिछली शिवालिक श्रेणी की तुलना में अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस किया गया है। जिससे जरूरत पड़ने पर पलक झपकते ही दुश्मनों का नामोनिशान मिट जाएगा।

### ब्रह्मोस से उड़ेंगे दुश्मन के होश

महेंद्रगिरी युद्धपोत दुश्मन के रडार की पकड़ में न आने वाली तकनीक यानी स्टेल्थ से लैस है। इसके अलावा इसके पास समुद्री क्षेत्र में तैनाती के दौरान बेहतर जीवटता, रडार सिग्नेचर की कम उपस्थिति के साथ उच्च-स्तर की स्वचालन क्षमता भी मौजूद है। युद्धपोत आधुनिक कंबाइंड डीजल-गैस (सीओडीओजी) प्रणोदन प्रणाली से संचालित है। जो इसे समुद्र में अत्यधिक दूरी तक तेज गति के साथ तमाम अभियानों में मजबूती के साथ तैनात रहने में सक्षम बनाती है। महेंद्रगिरी में स्वदेशी अत्याधुनिक हथियार और सेंसर लगे हुए हैं। जिनमें सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली ब्रह्मोस और बराक जैसी मिसाइल शामिल हैं। यह दोनों मिसाइल इतनी मारक हैं कि क्षेत्र में इनका नाम सुनते ही दुश्मन थरथर कांपने लगते हैं। इसके अलावा युद्धपोत में उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, व्यापक पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और एकीकृत युद्धक प्रबंधन सिस्टम भी लगा हुआ है। वायु, सतह और पनडुब्बी रोधी अभियानों के अलावा यह युद्धपोत समुद्री सुरक्षा, शक्ति प्रदर्शन और मानवीय सहायता-आपदा राहत, खोज व बचाव सहित लंबे वक्त तक की जाने वाली समुद्री तैनाती को बखूबी अंजाम दे सकता है।

### ओडिशा की पर्वत श्रृंखला से मिला नाम

युद्धपोत को महेंद्रगिरी नाम ओडिशा के पूर्वी घाट स्थित महेंद्रगिरी पर्वतमाला से मिला है। यह पर्वत दृढ़ता, शक्ति और अटूट संकल्प का प्रतीक है। पूर्व में नौसेना के बेड़े में इस नाम का कोई युद्धपोत शामिल नहीं रहा है। हकीकत में यह एक अद्वितीय पोत है। जो देश के समुद्री इतिहास में लिखी जाने वाली गौरवगाथा में एक नए अध्याय को शामिल करेगा।

### आईपीआर में बढ़ेगी भारत की भूमिका

नौसेना ने कहा कि महेंद्रगिरी युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र (आईपीआर) में भारत की सबसे पहले सुरक्षा प्रदाता या प्राथमिक सुरक्षा साझेदार की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाएगा। जिससे यह एक प्रभावशाली जंगी पोत के रूप में न केवल देश के समुद्री हितों को सुरक्षित करेगा। बल्कि इसकी मदद से एक शांत, स्थिर और समृद्ध आईपीआर के निर्माण में भी काफी मदद मिलेगी।

### 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री

*महेंद्रगिरी का आदर्श वाक्य शक्तिशाली, भव्य और अद्वितीय (माइटी, मैजेस्टिक और मैचलैस) है। जिसके तहत यह राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तत्पर और तैयार रहेगा। युद्धपोत का डिजाइन नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) ने स्वदेशी रूप से बनाया है। जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डाकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) ने किया है। पोत में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। यह भारत की आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण प्रस्तुत करता है। निर्माण कार्य में देश के अंदर मौजूद कई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की भी अहम भागीदारी रही है। जिससे कहीं न कहीं रोजगार सृजन के साथ-साथ रक्षा औद्योगिक आधार को भी मजबूती मिली है।*

### 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा

# 15 जहाजों ने होर्मुज पार किया, सात लाख मीट्रिक टन खाद पंहुचेगी भारत

### किफायती दामों में किसानों को मिलेगा यूरिया



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के लिए उर्वरक एवं कच्चा माल लेकर आने वाले कुल 15 जहाज़ सुरक्षित रूप से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। इनके भारत पहुंचने पर भारत में खाद के भंडार में बढ़ोतरी हो सकेगी। इनमें 8 जहाजों में 3.32 एलएमटी यूरिया, 4 जहाजों में 2.57 एलएमटी डीएपी तथा 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा है।

इसके साथ ही 5 और जहाज भी भारत के लिए रवाना होंगे जिनमें से एक में 0.25 एलएमटी अमोनिया तथा एक अन्य जहाज़ में 0.45 एलएमटी यूरिया लदा हुआ है। शेष दो जहाजों में यूरिया तथा एक जहाज में सल्फर की लोडिंग की जा रही है। कृषि विभाग की ओर से पूरे साल के लिए 383.9 एलएमटी उर्वरकों की जरूरत का अनुमान लगाया है इसके मुकाबले 197.56 एलएमटी का भंडारण है जो करीब 51 प्रतिशत से अधिक है। केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उर्वरक विभाग, राज्य सरकारों के साथ लगातार समन्वय कर रहा है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार की उथल-पुथल का प्रभाव देश के किसानों पर बिल्कुल न पड़े और उन्हें किफायती दामों पर समय पर खाद मिल सके। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतों में ऐतिहासिक उछाल के बावजूद भारत सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है।

### चिनाब नदी में बाढ़: भारत ने खोले गेट, पाक में टेंशन

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवार क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के बाद चिनाब नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। सुरक्षा को देखते हुए रामबन जिला प्रशासन ने सोमवार को बगलिहार डैम के तीन गेट खोलकर पानी छोड़ दिया। नदी का यह तेज बहाव अब पाकिस्तान की ओर बढ़ रहा है। जहां कुछ दिन पहले तक पाकिस्तान सूखे और पानी की कमी से जूझ रहा था, वहीं भारत द्वारा छोड़े गए इस भारी पानी के कारण अब वहां अचानक भयानक बाढ़ का खतरा है। मंडराने लगा है।




HDFC BANK | SBI | स्कूटर चलाते वक्त हमेशा हेल्मेट पहनें। | tvsjupiter | www.tvsmotor.com/tvs-jupiter | Call: 1800 315 7777

^ Ex-showroom price of TVS Jupiter 110 BS VI Drum variant in Delhi. # Scheme valid till 31st July, 2026. Offer applicable only on using HDFC & SBI Bank credit card EMI transactions. ## T&C apply. Finance will be at the sole discretion of the financier. * Under TVSM internal test conditions. + 5 year warranty included. Additional 5 year warranty can be purchased.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी - 9821271880 खजूरी-9821258420, सोनिया विहार-9821260573 मंडोली एक्स. 9821260735 शेरपुर चौक 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क-9821267418 Bajwa TVS: कृष्णा नगर-8527320253 गीता कॉलोनी-8527320841 S. D. TVS: दिलशाद गार्डन-9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर- 9821268264 G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831 मयूर विहार फेज-3-6366448953 मधु विहार- 9821259935 न्यू अशोक नगर- 6366448954 NORTH DELHI: MOISSANITE: आजादपुर - 7600260222 MCR TVS: सरस्वती विहार-9821266109 मंगोलपुरी-9821275868 रानीबाग-9821274695 नरेला 9821275636 किरारी 9821274603 बवाना-9821276084 करावल- 9821276104 Sabharwal TVS: रिठाला- 9821259732 बुध विहार - 9821259748 Skyline TVS: जहांगीर पुरी - 9218039220 Balaji TVS: समयपुर बादली - 9312001120 बुराड़ी - 9218024668 SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर - 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9821261765 बदरपुर, जैतपुर-9821263038 पुलप्रहलादपुर - 9821264982 शाइन बाग-9821266451 Ahinsha TVS: खानपुर 9821271221 अधचीनी: 9821268018 आया नगर-9821267931 छतरपुर - 9821268194 महिपालपुर - 9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 RIDE TVS: बीकाजी कामा प्लेस 01141706608/9582890607 KK TVS: कापसहेड़ा - 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: शास्त्री नगर 9821271672 रोशनारा रोड - 9870326061 शहजादा बाग- 6366448959 Sabharwal TVS: करोल बाग-9821258099 तिलक नगर - 08527129911 YM TVS: दरियागंज- 9999388189 YM TVS: माल्का गंज- 9319391003 WEST DELHI: Dynamic TVS: द्वारका-9821271426 पालम 9870327342 रामफल चौक- Sec-7: 9870327413 उत्तम नगर:-9870327453 KK TVS: नागलोई - 9821271618 विकास नगर: रान्होला 9821258480 टिकरी कलां -9821259539 चंचल पार्क- 6366448946 AKHAND TVS: नजफगढ़- 8506999402 Sabharwal TVS: पीरागढ़ी - 9821271826 रामारोड- 9870328586 राजा गार्डन 9821259328, YM TVS: डाबरी मोड़ - 7303114666 Gurugram: Choudhary TVS, ओल्ड दिल्ली रोड,8929592511. Simran TVS, Opp. मारुती उद्योग लिमिटेड, ओल्ड दिल्ली रोड, 8743818888. Simran TVS, सेक्टर 10A, खांडसा रोड, 8743042042. B.D. TVS, सेक्टर 66, सोहना रोड, बादशाहपुर 9717061545, 9958059545. BD TVS इस्लामपुर 9958059545. Ahinsha TVS, मैन रेलवे रोड, 9311299301. Ahinhsa TVS हयातपुर, 9355036372, 9319965702. Sri Bhagwan TVS, बसाई रोड, 8652876426, Sri Baghwan TVS, वज़ीराबाद, 9821269360, 8929612365. FARIDABAD : Uttam TVS, नियर DPS स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद 9560086699. Shivram TVS, नीलम बता रोड, 8928858523. Shivram TVS, सेहतपुर 9910111109. Royal TVS-NIT-5, 9870192424, 9355111370. बल्लभगढ़: Royal TVS, सेक्टर 5, 9870192424, 9899242536.

dentsu/hb del/02/26